दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची सोमवार, 18 मई, 2026, अधिक ज्येष्ठ शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2084 वर्ष-11 अंक-30 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

कहीं न कहीं हमने यह मानना बंद कर दिया कि हम कुछ भी कर सकते हैं। और अगर हमारे पास अपने सपने नहीं हैं, तो हमारे पास कुछ भी नहीं है।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:07

अस्त : 06:24

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	34.0	23.0
जमशेदपुर	35.0	26.0
हजारीबाग	34.0	23.0
डालटनगंज	45.0	28.0

संक्षिप्त खबरें

राजधानी एक्सप्रेस के दो कोच में लगी आग

कोटा। राजधानी एक्सप्रेस की त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोचों में रविवार सुबह आग लग गई। हादसा कोटा मंडल के लूणी रीछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन के बीच मध्य प्रदेश क्षेत्र में सुबह करीब 5.15 बजे हुआ। आग ट्रेन के बी-1 एसी कोच और उसके पीछे लगे सेकेंड लगेज कम गार्ड वैन में लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन को तत्काल रोका गया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि कुछ यात्रियों का सामान आग में जल गया। पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल के सीनियर डिवीजनल कॉमर्शियल मैनेजर सौरभ जैन ने बताया कि बी-1 कोच में 68 यात्री सवार थे। आग लगने की जानकारी सबसे पहले गार्ड ने लोको पायलट को दी।

परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता : एचसीएल के साथ समझौता

तांबे के कचरे से यूरेनियम निकालेगी यूसीआईएल

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत आने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) झारखंड में एक विशेष रिकवरी संयंत्र स्थापित करेगी, जहां सरकारी कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के खनन अपशिष्ट (कॉपर टेलिंग्स) से यूरेनियम निकाला जाएगा। यह पहल देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन और रक्षा जरूरतों के लिए घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

तांबा उत्पादक कंपनी की यूसीआईएल के साथ सहमति

हिंदुस्तान कॉपर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) संजीव कुमार सिंह ने बताया कि तांबा उत्पादक कंपनी की इस बारे में यूसीआईएल के साथ सहमति बन गई है। इसके तहत हिंदुस्तान कॉपर अपने टेलिंग्स यूसीआईएल को सौंपेगी, जिससे यूरेनियम निकाला जाएगा। टेलिंग्स दरअसल वह बारीक अपशिष्ट पदार्थ और पानी होता है, जो तांबे जैसे खनिजों को अयस्क से अलग करने के बाद बच जाता है। सामान्य तौर पर इसे खनन अपशिष्ट माना जाता है, लेकिन इसमें कई बार अन्य खनिजों के अंश भी मौजूद रहते हैं। हिंदुस्तान कॉपर के अपशिष्ट में कम मात्रा में यूरेनियम पाया गया है। उन्होंने कहा कि यूसीआईएल ने तकनीकी रूप से इस प्रस्ताव पर सहमति दी है, क्योंकि टेलिंग्स में मौजूद यूरेनियम को आधुनिक तकनीक की मदद से निकाला जा सकता है।

परमाणु खनिजों के मामले में प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य

उन्होंने बताया कि यूसीआईएल पहले इन अपशिष्ट का प्रसंस्करण करेगी। इसके बाद यूरेनियम निकाला जाएगा और बचा हुआ उपचारित पदार्थ फिर से हिंदुस्तान कॉपर को लौटा दिया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया आसान नहीं होगी, क्योंकि यूसीआईएल परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अधीन काम करती है। परमाणु खनिजों से जुड़े किसी भी काम के लिए कड़े सुरक्षा मानकों, तकनीकी मंजूरियों और सरकारी प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होता है।

यूरेनियम की घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना रणनीतिक और पर्यावरणीय दोनों दृष्टि से फायदेमंद हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत अभी अपनी परमाणु ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आयातित यूरेनियम पर निर्भर है। ऐसे में खनन अपशिष्ट से यूरेनियम निकालने की यह पहल घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद कर सकती है। साथ ही, इससे पुराने खनन अपशिष्ट का बेहतर प्रबंधन भी संभव होगा और पर्यावरण पर बोझ कम किया जा सकेगा।

सड़क हादसे में बड़े भाई की मौत, तीन घायल

खूंटी। खूंटी चाईबासा मुख्य सड़क पर मुरहू थाना क्षेत्र के बिंदा और सांडीगांव के बीच रविवार को थार वाहन पुल की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरा। हादसे में रांची के डोरंडा स्थित गौरीशंकर नगर निवासी उज्जवल साहू की मौत हो गई, जबकि उनकी बहन काजल गुप्ता, भाई सागर कुमार गुप्ता और बहनोई दीपू गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दीपू गुप्ता की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जबकि काजल और सागर खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकालकर खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घायल सागर कुमार गुप्ता ने बताया कि वे लोग रविवार को परिवार के साथ हिरनी फॉल घूमने गए थे। लौटने के दौरान उज्जवल साहू थार वाहन चला रहे थे। बिंदा गांव के पास पुलिया के समीप अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी भीषण थी कि पुलिया की रेलिंग पूरी तरह टूट गई और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद दो लोग काफी देर तक वाहन के अंदर फंसे रहे। सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीण और मुरहू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला।

देशद्रोह है नीट पेपर लीक

मधुकर सिंह

देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में पेपर लीक होना केवल एक परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश के भविष्य और व्यवस्था पर सीधा हमला है। यह मामला इसलिए और भी गंभीर हो जाता है क्योंकि इसमें बाहर के अपराधियों से ज्यादा उन लोगों की भूमिका सामने आ रही है, जिन्हें परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यदि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी और उससे जुड़े विशेषज्ञ ही इस तरह के अपराध में शामिल पाए जाते हैं, तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं बल्कि राष्ट्र के साथ विश्वासघात है। नीट परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी आगे चलकर डॉक्टर बनते हैं। भारत में डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है, क्योंकि उनके हाथों में लोगों की जिंदगी और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी होती है। यदि कोई छात्र मेहनत और योग्यता के बजाय चोरी, पैसे और सिफारिश के दम पर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाएगा, तो वह भविष्य में एक योग्य चिकित्सक कैसे बन पाएगा? ऐसे लोग मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करेंगे और समाज का भरोसा तोड़ेंगे। इसलिए पेपर लीक केवल छात्रों के साथ अन्याय नहीं, बल्कि पूरे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर हमला है। इस घोटाले का दूसरा सबसे दुखद पहलू यह है कि लाखों मेहनती और ईमानदार छात्रों का अधिकार छीना जाता है। गांव-देहात और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे दिन-रात मेहनत करके नीट की तैयारी करते हैं। उनके माता-पिता अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा कोचिंग और पढ़ाई में खर्च करते हैं। लेकिन जब कुछ लोग करोड़ों रुपये लेकर प्रश्नपत्र बेच देते हैं, तो मेहनत करने वाले छात्रों का सपना टूट जाता है। इससे युवाओं का व्यवस्था पर से विश्वास उठने लगता है और समाज में यह संदेश जाता है कि ईमानदारी से ज्यादा महत्व पैसे और पहुंच का है। सीबीआई जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। आरोप है कि एनटीए से जुड़े विशेषज्ञों और प्रोफेसरों ने ही प्रश्नपत्रों तक अपनी पहुंच का दुरुपयोग किया। छात्रों को गुप्त क्लास में बैठाकर असली सवाल और जवाब रटाए गए। यह सुनियोजित अपराध बताता है कि शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार कितनी गहराई तक पहुंच चुका है। यदि शिक्षक और प्रोफेसर ही इस तरह के कृत्य में शामिल होंगे, तो छात्रों को नैतिकता का पाठ कौन पढ़ाएगा? सरकार और जांच एजेंसियों को इस मामले में कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। केवल गिरफ्तारी से काम नहीं चलेगा। दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो भविष्य में किसी भी व्यक्ति को इस तरह का अपराध करने से पहले सौ बार सोचने पर मजबूर कर दे। ऐसे लोगों को शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था से हमेशा के लिए बाहर कर देना चाहिए। साथ ही परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाने की जरूरत है। नीट पेपर लीक देश के युवाओं के सपनों, मेहनत और भविष्य के साथ विश्वासघात है। यह केवल कानून तोड़ने का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रतिभा और नैतिकता पर हमला है। इसलिए इसमें शामिल हर व्यक्ति को देशद्रोही मानसिकता का अपराधी मानते हुए कठोर दंड दिया जाना चाहिए।



किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराना जिम्मेदारी : कृषि मंत्री

रांची। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और कृषि क्षेत्र को आधुनिक एवं वैज्ञानिक दिशा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंत्री रविवार को बेड़ो प्रखंड के पुरनापानी बाजारटांड़ मैदान में आयोजित किसान सम्मान समारोह में बोल रही थीं।

पायोनियर कंपनी की ओर से आयोजित इस किसान सम्मान समारोह में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती की नई तकनीकों की जानकारी दी गई तथा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया।

मंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि झारखंड के किसान अब जागरूक होकर आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर नई योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू कर रही है। सरकार का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को समय पर खाद, बीज एवं कृषि संसाधन उपलब्ध हों तथा उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

उन्होंने कहा कि आज भी राज्य के अधिकांश किसान पारंपरिक पद्धति से खेती कर रहे हैं, लेकिन अब कृषि विभाग की ओर से किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किसानों को ट्रैक्टर, कृषि यंत्र, स्प्रेयर सहित अन्य उपकरण अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके।

मंत्री ने कहा कि सरकार केवल कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा जलाशयों में केज फार्मिंग के माध्यम से उत्पादन में कई गुना वृद्धि हुई है। समितियों के माध्यम से सामूहिक मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे अनेक परिवारों की आजीविका मजबूत हो रही है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण बाजारों को सशक्त बनाने के लिए बाजार शेड एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण युद्धस्तर पर किया जा रहा है, ताकि किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने एवं बेहतर बाजार उपलब्ध कराने में सहायता मिल सके।

मंत्री ने संभावित स्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि विभाग लगातार कृषि कार्यशालाओं के माध्यम से अधिकारियों को निर्देशित कर रहा है कि वे प्रखंड स्तर पर किसानों को जागरूक करें। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने की संभावना है। ऐसे में किसानों को समय रहते धान की रोपनी करने के साथ-साथ केवल धान पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि कम पानी में होने वाली फसलों एवं मोटे अनाज की खेती की ओर भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की हरसंभव सहायता के लिए सदैव तैयार है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मोदसिर हक, विश्वनाथ शाहदेव, बुधराम बाड़ा, तंजीर हुसैन, मतियस खेस, बुधराम लोहरा, चन्द्रावती देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

परस्पर सामंजस्य भाषा समस्या का समाधान संभव : बंधु

रांची। पूर्व मंत्री एवं झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा है कि परस्पर सामंजस्य और जमीनी वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए ही राज्य में जारी भाषा विवाद का समाधान किया जा सकता है। तिर्की ने कहा कि आपसी मतभिन्नता अपनी जगह पर पूरी तरीके से सही है लेकिन कटुता के आधार पर भाषा संबंधित मामले का समाधान नहीं हो सकता। रविवार को राजधानी रांची में अपने आवास पर प्रेस वार्ता में तिर्की ने कहा कि उनके मंत्रित्व काल में 1 अप्रैल 2011 को जारी अधिसूचना संख्या 1632 में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संबंधी मामले का जिस प्रकार से समाधान सुझाया गया था उससे बेहतर समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उस अधिसूचना को तैयार करने से पूर्व विशेषज्ञ समिति में राज्य के विख्यात जनजातीय भाषाविद एवं झारखण्ड के समाज को समझने वाले अनेक लोग थे। तिर्की ने कहा कि राज्य में अनेक सीमावर्ती जिले वैसे हैं जहाँ भोजपुरी, अंगिका जैसी भाषायें बोली जाती है और सरकार द्वारा 2011 में जारी उस वर्णित अधिसूचना में उन सभी बातों का पूरा ध्यान रखा गया था। लेकिन कुछ लोगों ने जैसे सरकार के ऊपर दोषारोपण करने को ही अपनी जिम्मेदारी समझ लिया है। तिर्की ने कहा कि जिस भोजपुरी एवं अंगिका को बिहार में भी आधिकारिक रूप से वैसी मान्यता नहीं दी गयी है उसे झारखण्ड में मान्यता दिलाने के नाम पर कुछ लोग अनावश्यक विवाद पैदा कर रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। तिर्की ने कहा कि बिहार के रोहतास, पूर्णिया, पश्चिमी चंपारण आदि में भी उरांव जनजाति की बड़ी आबादी रहती है जिसकी कुड़ुख भाषा है और जिनकी अपनी संस्कृति है। इसके अतिरिक्त बिहार में संथाल जनजातीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पूर्णिया, कटिहार, मुंगेर आदि जिलों में रहते हैं। जबकि बिहार में संथाली और कुड़ुख भाषा को मान्यता नहीं दी गयी है। जो लोग अनावश्यक विवाद पैदा करते हैं उन्हें पहले बिहार में कुड़ुख और संथाली भाषा को मान्यता दिलवानी चाहिये। साथ ही बिना बात के अनावश्यक रूप से राई का पहाड़ नहीं बनाना चाहिये।

लोक सेवा समिति 35वीं वर्षगांठ 23 मई को

राँची। लोक सेवा समिति द्वारा अपनी 35वीं वर्षगांठ के अवसर पर आगामी 23 मई को राँची में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह को लेकर आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जानकारी दी समारोह के दौरान प्रेरणा नामक स्मारिका/कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया जाएगा, जिसे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रत्न दिशोम गुरु शिबू सोरेन को समर्पित किया जाएगा। इस विशेष प्रकाशन में उनके जीवन से जुड़े कई अनसुने प्रसंग, संघर्षगाथा एवं प्रेरणादायी जीवनी को शामिल किया जाएगा। साथ ही समाज में योगदान देने वाली विभूतियो को भी, ताकि नई पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके। समारोह में समाज, शिक्षा, कला, साहित्य, संस्कृति एवं जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चयनित विभूतियों को राज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान झारखंड रत्न एवं विशिष्ट सेवा सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा। चयनित विभूतियों की घोषणा शीघ्र किया जाएगा। बैठक के दौरान युवाओं में तेजी से बढ़ रही नशाखोरी एवं मोबाइल एडिक्शन पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। इस सामाजिक समस्या से युवाओं को बचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। समारोह में उपस्थित लोगों को नशामुक्ति एवं मोबाइल की लत से दूर रहने की सामूहिक शपथ भी दिलाई जाएगी। समिति ने कहा कि आने वाले समय में इस अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित तरीके से चलाया जाएगा।

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में महिला कैदी के यौन शोषण का आरोप, बाबूलाल ने सीएम को लिखा पत्र

रांची। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गंभीर आरोपों से भरा एक पत्र लिखते हुए राज्य की जेल प्रशासन व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। पत्र में उन्होंने राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में एक महिला कैदी के कथित यौन शोषण, उसके गर्भवती होने और पूरे मामले को दबाने के लिए उच्च अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है।

मरांडी ने अपने पत्र में कहा कि उन्हें विश्वसनीय और सत्यापित प्रशासनिक सूत्रों से जानकारी मिली है कि जेल परिसर के भीतर एक महिला कैदी का लगातार मानसिक और शारीरिक शोषण किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह शोषण जेल के सर्वोच्च पद पर बैठे काराधीक्षक द्वारा किया गया, जिसके परिणामस्वरूप महिला कैदी गर्भवती हो गई है।

नेता प्रतिपक्ष ने इसे राज्य की कानून-व्यवस्था और जेल प्रशासन की गंभीर विफलता बताते हुए कहा कि जिस स्थान पर कैदियों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित होना चाहिए, वहीं अपराध और शोषण को संरक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय प्रशासनिक तंत्र इसे दबाने में जुट गया। कारा महानिरीक्षक स्तर तक के अधिकारी इस पूरे प्रकरण को रफा-दफा करने, फाइलों को गायब करने और संबंधित काराधीक्षक को संरक्षण देने में लगे हुए हैं।

मरांडी ने कहा कि यह कोई अकेली घटना नहीं बल्कि जेल के भीतर लंबे समय से चल रहे संगठित आपराधिक तंत्र का हिस्सा है। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि मामले को सार्वजनिक होने से रोकने के लिए जेल कर्मचारियों और संभावित गवाहों को प्रभावित करने के लिए बड़े पैमाने पर धन और रिश्वत का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकारी प्रभाव और सत्ता के बल पर सच को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जो प्रशासनिक व्यवस्था के चरित्र को उजागर करता है।

मरांडी ने यह भी कहा कि वैज्ञानिक और कानूनी साक्ष्यों को मिटाने की कोशिशें जारी हैं। उनके अनुसार, गर्भवती महिला कैदी को बीमारी और इलाज के बहाने बार-बार जेल से बाहर गुप्त स्थानों और अस्पतालों में ले जाया जा रहा है ताकि चिकित्सकीय हस्तक्षेप के जरिए जैविक और फॉरेंसिक साक्ष्यों को नष्ट किया जा सके। साथ ही, इस पूरे घटनाक्रम के प्रत्यक्षदर्शी कुछ कर्मचारियों और गवाहों का रातों-रात तबादला कर दिया गया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री सोरेन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा आरोपित काराधीक्षक और कारा महानिरीक्षक के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। मरांडी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो यह माना जाएगा कि राज्य सरकार और शीर्ष अधिकारी इस पूरे प्रकरण में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। इस मामले को लेकर राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। विपक्ष ने सरकार पर जेल प्रशासन में भ्रष्टाचार और अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है, जबकि सरकार की ओर से इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

प्रोफेशनल कांग्रेस को सुदृढ़ बनाने का निर्णय

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त महासचिव सह प्रदेश कांग्रेस प्रोफेसनल्स कांग्रेस के प्रभारी आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन, रांची में पूर्व में गठित प्रोफेसनल्स कांग्रेस के साथियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रोफेनल्स कांग्रेस संगठन को फिर से मजबूत एवं सक्रिय बनाने एवं सोना नहीं खरीदने, नीट परीक्षा लीक, पेट्रोल डीजल एवं अन्य खाद्य सामग्री की बढ़ती महंगाई पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, कार्यालय प्रभारी राजन वर्मा उपस्थित थे। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि बैठक निर्णय लिया गया कि प्रोफेसनल्स कांग्रेस के विस्तार, युवाओं एवं प्रोफेशनल वर्ग को जोड़ने तथा जनहित के मुद्दों अमूल्य मूल्य बृद्धि, नीट परीक्षा पेपर लीक, सोना एक साल नहीं खरीदने बढ़ती महंगाई को लेकर जल्द ही रांची में एक धरना कार्यक्रम करने की रणनीति तैयार की गई। इस धरना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी से मुलाकात कर तिथि, जगह का निर्धारण कर मुक्कमल तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों प्रोफेशनल्स कांग्रेस आम लोगों की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी तथा जनहित के मुद्दों पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

रांची। रांची की लोअर बाजार थाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मो. अदनान अंसारी और मो. अफसर शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। लोअर बाजार थाना प्रभारी लव कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि 13 मई को पीड़ित अमन के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ घर से मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर दोनों आरोपितों की

पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मो. अफसर का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले से ही सदर थाना और लोअर बाजार थाना में विभिन्न मामले दर्ज हैं। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

जरूरतमंदों के बीच बांटा गया भोजन

रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से रविवार को ₹प्यार बांटते चलो₹ अभियान के तहत अन्नपूर्णा सेवा कार्यक्रम का आयोजन हरमू रोड स्थित गौशाला परिसर में किया गया। शाखा अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्षा शुभा अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाकर समाजसेवा और मानवता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है तथा मंच आगे भी इसी तरह के सेवा कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान शाखा की सदस्यों ने

बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और पूरे उत्साह के साथ भोजन वितरण कार्यक्रम को सफल बनाया। मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने बताया कि अन्नपूर्णा सेवा के दूसरे माह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन साखी सोनम अग्रवाल के सौजन्य से किया गया। उन्होंने कहा कि प्यार बांटते चलो अभियान के माध्यम से मंच लगातार जनसेवा के कार्य कर रहा है और आगे भी नियमित रूप से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने भोजन ग्रहण किया। उपस्थित लोगों ने मंच की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में प्रेरणादायक कदम बताया। इस मौके पर शाखा की कई सदस्याएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एक नजर

15 जुलाई को होगी सीबीएसई 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा, 2.61 लाख छात्र हुए कंपार्टमेंट

रांची। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 12वीं की सप्लीमेंट्री (कंपार्टमेंट) परीक्षा 15 जुलाई 2026 को आयोजित करने की घोषणा की है। यह परीक्षा एक दिवसीय प्रारूप में आयोजित होगी। बोर्ड की ओर से एलओसी जमा करने की प्रक्रिया 2 जून से शुरू की जाएगी। इस वर्ष सीबीएसई 12वीं परीक्षा का कुल पास प्रतिशत 85.20 फीसदी रहा। परीक्षा में कुल 17,68,968 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 15,07,109 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए। वहीं 2,61,859 विद्यार्थी मार्जिनल फेल होकर कंपार्टमेंट श्रेणी में चले गए। पिछले सात वर्षों की तुलना में यह कंपार्टमेंट प्रतिशत सबसे कम बताया जा रहा है। परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन किया। छात्राओं का सफलता प्रतिशत 88.86 फीसदी रहा, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 82.13 फीसदी दर्ज किया गया। वहीं रांची रीजन का पास प्रतिशत 85.01 फीसदी रहा। हालांकि 22 रीजन में रांची को 13वां स्थान मिला, जिसे शिक्षा जगत में औसत प्रदर्शन माना जा रहा है।

किन विद्यार्थियों को मिलेगा मौका : सीबीएसई के अनुसार, वैसे विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा 12वीं उत्तीर्ण कर ली है लेकिन किसी एक विषय में अपने अंक सुधारना चाहते हैं, वे सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा वर्ष 2026 में परीक्षा देकर कंपार्टमेंट श्रेणी में रखे गए विद्यार्थियों को भी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति होगी। वहीं वर्ष 2025 बैच के वे विद्यार्थी, जिन्हें पिछले वर्ष कंपार्टमेंट मिला था, वे भी आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड नियमों के अनुसार कंपार्टमेंट क्लियर करने के लिए विद्यार्थियों को तीन अवसर दिए जाते हैं। वर्ष 2025 बैच के विद्यार्थियों के लिए यह अंतिम मौका होगा।

बजाज रिटेलर मीट में बजाज सिक्योरा वायर्स व स्विच गियर लॉन्च

रांची। बजाज इलेक्ट्रिकल्स के अधिकृत विक्रेता शक्ति डिस्ट्रीब्यूटर ने राजधानी रांची के एक स्थानीय होटल में रिटेलर मीट 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बजाज इलेक्ट्रिकल्स के वायर डिवीजन के सहयोग से किया गया, जिसमें कंपनी ने बजाज सिक्योरा वायर्स, स्विच गियर और लाइटिंग की नई रेंज लॉन्च की। रिटेलर मीट में रांची और आसपास के क्षेत्रों से 200 से अधिक डीलरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शक्ति डिस्ट्रीब्यूटर के संचालक मुकेश अग्रवाल, बजाज के जोनल हेड संजय दत्ता, स्टेट हेड मोहम्मद शाहजहां, टीएसएम अंकुर झा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बजाज के ग्रीन वायर की पूरी रेंज लॉन्च की गई, जिसमें एफआर (फ्लेम रेटरडेंट), एचआर-एफआर (हीट रेसिस्टेंट फ्लेम रेटरडेंट) और एफआर-एलएसएच (फ्लेम रेटरडेंट लो स्मोक हेलोजन) वायर शामिल हैं। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि ये वायर आधुनिक सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। बजाज सिक्योरा वायर की खासियत इसकी उच्च गुणवत्ता वाली कॉपर कंडक्टिविटी, बेहतर इंसुलेशन और आग से सुरक्षा देने वाली तकनीक है। एफआर वायर आग लगने की स्थिति में फ्लेम को तेजी से फैलने से रोकता है, जबकि एचआर-एफआर वायर अधिक तापमान में भी सुरक्षित और टिकाऊ प्रदर्शन देता है। वहीं एफआर-एलएसएच वायर आग लगने की स्थिति में कम धुआं और कम विषैली गैस उत्सर्जित करता है, जिससे घरों, ऑफिस और व्यावसायिक भवनों में सुरक्षा और बढ़ जाती है। डीलरों ने बजाज सिक्योरा वायर की गुणवत्ता, सुरक्षा फीचर्स और आधुनिक तकनीक की सराहना करते हुए बड़ी संख्या में बुकिंग कराई। रिटेलर मीट में करीब 75 लाख रुपये के वायर, 25 लाख रुपये के स्विच गियर और 30 लाख रुपये की लाइटिंग उत्पादों की बुकिंग हुई। कंपनी के अनुसार, इस शानदार प्रतिक्रिया के साथ बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने पैन इंडिया स्तर पर करोड़ों रुपये की बुकिंग का नया रिकॉर्ड बनाया है। इस अवसर पर मुकेश अग्रवाल ने कहा कि बजाज इलेक्ट्रिकल्स के वायर उत्पाद बाजार में नई क्रांति लेकर आए हैं। कंपनी तेजी से अपने मार्केट शेयर को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और ग्राहकों को सुरक्षित, टिकाऊ एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

ऑपरेशन प्रहार : रांची पुलिस की बड़ी कार्रवाई में सौ से ज्यादा अपराधी गिरफ्तार

रांची। झारखंड की राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में अपराध पर लगाम अंकुश लगाने के लिए रांची पुलिस ने शनिवार रात बड़ा अभियान चलाया। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर जिलेभर में ऑपरेशन प्रहार के तहत एक साथ छापेमारी की गयी। इस कार्रवाई में सौ से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 220 से ज्यादा लंबित वारंटों का निष्पादन भी किया गया। एसएसपी ने रविवार को बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराध नियंत्रण, वारंट निष्पादन और संगठित अपराध पर शिकंजा कसने की विशेष रणनीति बनाई गई थी। बीते देर रात तक चली इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों को धर दबोचा। कई आरोपित ऐसे भी पकड़े गए, जो लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। अभियान में जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे। रांची पुलिस की ओर से भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से फरार अपराधियों पर शिकंजा कसना और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना था।

मौसम

15 दिनों से राज्य में हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

सबसे ठंडा जिला लातेहार, सबसे गर्म पलामू

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। पिछले 15 दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही बारिश के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। रविवार को राज्य का सबसे ठंडा जिला लातेहार रहा, जहां अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पलामू राज्य का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण राज्य भर में लोगों को कभी गर्मी तो कभी ठंड का एहसास हो रहा है। राजधानी रांची समेत कई

जिलों में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना हुआ है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक वर्षा मंझारी में दर्ज की गई, जहां 18 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। इसके अलावा गुमला, बानो और बिशुनपुर समेत राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की बारिश हुई।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डालटनगंज में 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान रांची के कांके क्षेत्र में 17.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

रविवार को रांची में प्रचंड गर्मी व उमस

रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप निकली। दोपहर बाद लोगों को प्रचंड गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। रांची में अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 41.5 और न्यूनतम 26.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.8 और न्यूनतम 26.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी राज्य के कई हिस्सों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना है, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

डॉ. शेरान अली व नन्हू की जोड़ी ने जीता राहत इंदौरी बैडमिंटन टूर्नामेंट

रांची। मॉर्निंग ग्रुप के तत्वावधान में रविवार को जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स में आयोजित पांचवें राहत इंदौरी बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। फाइनल में टूर्नामेंट के प्रबल दावेदार डॉ. शेरान अली और उनके जोड़ीदार अब्दुल खालिक नन्हू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उनका सामना अनुभवी खिलाड़ी मकबूल अंसारी और युवा खिलाड़ी नसीम अख्तर की जोड़ी से हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि खेल में हार जीत होती रहती है। इसे खेल भावना के हिसाब से देखना चाहिए। जो खेल के मैदान तक सीमित रहना चाहिए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। मंच संचालन करते हुए अध्यक्ष अकील उर रहमान ने बताया कि मैच

के पहले सेट में डॉ. शेरान और नन्हू की जोड़ी पिछड़ गई थी, लेकिन दूसरे और तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक, तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार वापसी की और लगातार दो सेट जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए सुबह छह बजे से ही दर्शकों का जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स पहुंचना शुरू हो गया था। चैंपियन जोड़ी को टूर्नामेंट कमिटी के संयोजक अताउल रहमान ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक जय प्रकाश गुप्ता, समाजसेवी नफीसुल आब्दीन, मॉर्निंग ग्रुप के संरक्षक मो. हलीमउद्दीन सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और गणमान्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

सिकिदिरी पुलिस ने दो वारंटी को भेजा जेल

अनगड़ा। सिकिदिरी थाना की पुलिस ने रविवार को फिरारी की गिरफ्तारी के तहत एस ड्राइव अभियान चलाया। इस अभियान के तहत चाडू गांव के विमल गंझु और रानूदारू गांव के राजेंद्र बेदिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी सचिन कुमार मिश्रा ने बताया कि इन दोनों के खिलाफ विभिन्न मामलों मे वारंट जारी किया गया था।

लुपुंग प्रीमियर कैनवास बाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 19 से, जीतवाहन बने अध्यक्ष

अनगड़ा। लुपुंग-पेरतोल खेल विकास समिति के द्वारा आयोजित लुपुंग प्रीमियर लीग कैनवास बाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 19-26 मई तक लुपुंग स्टेडियम में किया जा रहा है। फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जाएगा। प्रतिदिन शाम सात बजे से फलड लाइट में 5 मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति का अध्यक्ष जीतवाहन महतो उर्फ मंटू, संचालक रंजीत महतो, प्रभारी सुधांशु महतो, मुख्य संरक्षक जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल, सचिव प्रवीण महतो उर्फ माइकल, कोषाध्यक्ष प्रवीण महतो, सहसचिव अनुज महतो, उपाध्यक्ष अमन चौधरी, संरक्षक जिपस अनुराधा मुंडा, मुखिया शांति देवी व पंसस कुंती देवी सहित अन्य को बनाया गया। जबकी लोक कलाकार अजय सोनी को टूनार्मेंट का ब्रांड अंबेसडर बनाया गया है। रंजीत महतो ने बताया कि उदघाटन मैच 19 मई की शाम 7 बजे से लुपुंग जूनियर व बगानटोली के बीच खेला जाएगा। चैंपियन टीम को 70 हजार नकद, उपविजेता को 50 हजार नकद व दोनों सेमीफाइनलिस्ट टीम को 20-20 हजार रूपया नकद पुरस्कार दिया जाएगा। टूनार्मेंट में कुल 32 टीमें शामिल है। प्रत्येक मैच 8-8 ओवरों का होगा।

अगमलाल महतो बने सिमलिया राजस्व गांव के सहायक सचिव

अनगड़ा। अगमलाल महतो को चिलदाग पंचायत के सिमलिया राजस्व गांव का सहायक सचिव चुना गया। रविवार को सिमलिया में आयोजित विशेष ग्रामसभा में सर्वसम्मति से चयन प्रक्रिया संपन्न हुआ। अध्यक्षता ग्रामप्रधान तुलेश्वर पाहन ने किया। इसके अलावा गायत्री देवी को महिला सदस्य व समिति का अध्यक्ष ग्रामप्रधान तुलेश्वर पाहन बने रहेंगे। ज्ञात हो कि ग्रामसभा को मजबूत करने को लेकर पेशा कानून के तहत राज्य सरकार के निर्देश पर समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर सुरेश महतो, नागेश्वर सिंह भोगता, अनिता देवी, बबीता देवी, सुनील कुमार महतो, संजीत प्रजापति, नरेश सिंह भोगता, रोगना महतो, राहुल प्रमाणिक, दुलारी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

चांन्हो पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

चांन्हो : चांन्हो पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान के तहत चार वारंटी अभियुक्त युसूफ अंसारी ग्राम पिपराटोली, नंदू उराव ग्राम ओपा सरना टोली, शकील खान एवं इस्माइल खान ग्राम सोंस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पिस्का नगड़ी में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

सैकड़ों छात्र-छात्राएं सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

पिस्का नगड़ी। प्रखंड के राज्य स्तरीय जल छाजन सभागार में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम नगड़ी पत्रकार संघ और आसपास ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि नवीन जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रतिभावानों के मन में विशेष उत्साह का संचार होता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वहीं झारखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने बच्चों को अनुशासन में रहकर माता-पिता एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने की सलाह दी।

विशिष्ट अतिथि हरि कुमार केशरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन में हमेशा ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। इस अवसर पर पूनम देवी, अफसाने परवीन, केदार महतो, शीला देवी, चूड़ामणि महतो, विनोद तिर्की कुशवाहा और विजय महतो सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में प्रखंड टॉपर साक्षी कुमारी (94 प्रतिशत) और उन्नति कुमारी (93 प्रतिशत) सहित सैकड़ों विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष मैट्रिक और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस समारोह का आयोजन किया जाता है।

समारोह के दौरान पिस्का नगड़ी के दिवंगत पत्रकार प्रदीप कुमार महतो को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव कुमार भगत ने की। उन्होंने पत्रकार कमलेश कुमार केशरी की सराहना करते हुए कहा कि आयोजन को सफल बनाने में उनका योगदान यादगार रहेगा। मंच संचालन प्रताप फुलजेंस ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन बजरंग महतो ने किया।

समारोह में शशि भूषण शर्मा, अब्दुल गफ्फार, शिव चौधरी, राज कमल केशरी, रणजीत प्रसाद, दिलीप महतो, राखी देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

भाजपा सिल्ली मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक

सिल्ली। शनिवार दिनांक 16 मई 2026 को भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल के कार्यकताओं की बैठक प्रधान कार्यालय में हुई। जिसमें आगामी 19/05/2026 को होने वाले प्रखंड कार्यालय घेराव के संबंध में निर्णय लिया गया। इस बैठक में प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा के चौधरी महतो उपस्थित हुए एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिजली, पानी, ओलावृष्टि आदि समस्याओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक एवं समापन सुधीर साहू ने किया। मंडल के महामंत्री हरिहर महतो के अलावा भेंगराज प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद साईं, लखन नायक, कृष्ण रविदास, सुभाष महतो आदि उपस्थित हुए।

राहे प्रखंड के डोमनडीह मैदान में राहे प्रीमियर लीग क्रिकेट की शुरूआत

राहे। प्रखंड के डोमनडीह मैदान में रविवार को दस टीमों के बीच राहे प्रीमियर लीग केनवस क्रिकेट मैच का भव्य शुरूआत किया गया। प्रखंड प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों को अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलेगा। रविवार को टीम के मालिकों के उपस्थिति में राहे प्रीमियर लीग के खिलाड़ियों के द्वारा खेल मैदान से लेकर भगत सिंह चौक और सुभाष चौक तक मार्चपास्ट किया गया। पहला मैच छिन्नमस्तिका बॉयज ओर अंबेडकर वारियर टीम के बीच हुआ ,जिसमें मैच को छिन्नमस्तिका बॉयज ने 8 विकेट जीत लिया है। मैन ऑफ मैच निकी को दिया गया। इसने 3 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट लिया।टीम के हरेश कुमार महतो ने 54 रन बनाए। उद्घाटन के अवसर पर आजसू के जयपाल सिंह,सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक , रंग बहादुर महतो,मीरा देवी,श्याम महतो, राजपति महतो, हलधर पांडे, बिरेंद्र महतो, रमेश गोंझू,सुनील महतो, ज्ञान महतो, शिव सिंह, राहुल दास,तुलसी दास,केके रॉय आदि मौजूद थे।

आजसू बंसिया-बसंतपुर जोन कमिटी गठित

कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़, आजसू पार्टी आंदोलन को तैयार : जयपाल सिंह

राहे। प्रखंड आजसू कमिटी द्वारा आजसू पार्टी बंसिया - बसंतपुर जोन की बैठक बंसिया में निर्मल साहू के अध्यक्षता ओर रमापति सिंह मुंडा के संचालन में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिल्ली प्रमुख जितेंद्र नाथ बड़ाइक, प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, मीरा महतो मौजूद रहे ' बैठक में संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर विशेष चर्चा हुई ' केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर बंसिया - बसन्तपुर जोन कमिटी का गठन सर्वसम्मती से किया गया ' विकास कुमार साहू अध्यक्ष, कमल किशोर महतो सचिव, चितरंजन महतो कार्यकारी अध्यक्ष, बसंत कुमार महतो उपाध्यक्ष, मनोज बड़ाइक संगठन सचिव, एवं भरत राम महतो को कोषाध्यक्ष के पद पर चयन किया गया ' संगठन सचिव ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है ,पार्टी को मजबूत करने में इनका योगदान अहम है ' आजसू पार्टी विषयों को लेकर जल्द हीं बड़ा आंदोलन करने को तैयार है' नई कमिटी का स्वागत किया गया। बैठक में वरीय कार्यकर्ता बालेन्दू महतो, मनोहर महतो, नवकृष्णा लोहरा, रामापति सिंह मुंडा, दुर्लभ महतो, जगबंधु महतो, सुनील महली, तुलेश्वर कुम्हार, प्रदीप कुमार महतो, विशेश्वर अहीर, सुजीत कुमार साहू का नाम जिला कमिटी के लिए अनुशंसित किया गया ' मौके पर जोन्हा जोन के अध्यक्ष अशोक एक्का, मनोज महतो, कनीलाल साहू, उप मुखिया भूपेश कुमार महतो, विकास साहू, योगेंद्र महतो, हरिहर महतो, बसंत कुम्हार आदि मौजूद थे।

एक साल से पंचायत भवन में चल रहा है स्कूल

सोनाहातू। प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जिलिंगसेरेंग एक साल से पंचायत भवन में चल रहा है। पंचायत भवन में स्कूल संचालित होने से पंचायत के काम काज भी प्रभावित है।प्राथमिक विद्यालय जिलिंगसेरेंग में 97 बच्चे नामांकित है।तीन शिक्षक नियुक्त है। विद्यालय भवन जर्जर होने की स्थिति में पंचायत भवन में कक्षाएं संचालित हो रही थी।विद्यालय भवन काफी जर्जर थी जिसको प्रबंधन समिति और ग्राम कमेटी ने ग्राम सभा आयोजित कर सर्वसमिति से पूरे जर्जर भवन को शुक्रवार 15 मई को ध्वस्त कर दिया गया है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक आनंद किशोर बा ने बताया है कि एक साल से नया भवन के लिये पत्राचार किया जा रहा है। विद्यालय की स्थिति की जानकारी विभाग को दी गई है। मुखिया अवनी सिंह मुंडा ने कहा कि पंचायत भवन के एक हॉल में एक साथ सभी बच्चों को पढ़ाया जाता है। बच्चों का शिक्षा का अधिकार का हनन हो रहा है। विभाग संज्ञान में लेकर तत्काल नया भवन की स्वीकृति करें।

एक नजर

प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक टापरों को किया गया सम्मानित

अनगड़ा। सिरका विकास विद्यालय सिरका के द्वारा रविवार को स्कूल प्रांगण में पंचायत स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सिरका पंचायत के 70 छात्र-छात्रा को जिन्होंने इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए उन्हें सम्मानित किया गया । सभी को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2009-2016 तक के 25 पासआउट छात्रों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसएसबी अनगड़ा के इंस्पेक्टर शशि कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सह मुख्य संरक्षक डॉ अमर कुमार चौधरी, सिरका मुखिया रौशनलाल मुंडा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी उपस्थित थे। अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल बलराम महतो व संचालन फलीन्द्र महतो व अजीत महतो ने किया। मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह ग्रामप्रधान सौभाग्य मुंडा, सचिव जगेश्वर महतो, भाजपा नेता नरेश साहू, पंसस सावित्री देवी, आजसू नेता धर्मेन्द्र सिंह, अनिता देवी, जयशंकर मुंडा, राहुल ठाकुर, सुरेश महतो, दुर्गा महतो, बिपिन मुंडा, चामू महतो आदि उपस्थित थे।

रातू के सिमलिया में पुलिसकर्मी के घर से जेवरात सहित पांच मोबाईल की चोरी

रातू। थाना क्षेत्र के सिमलिया गांव में अज्ञात चोरों ने एसएसपी आवास में कार्यरत पुलिसकर्मी देवेन्द्र उरांव के घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवर और अन्य सामानों की चोरी कर ली। इस संबंध में शनिवार को पीड़िता ने रातू थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता मनी उरांव के अनुसार एक मई की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर से सोने की बाली, सोने की चेन सहित कई मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज व एटीएम कार्ड ले गए। चोरी गए सोने की आभुषण की कीमत लगभग दो लाख रुपये के अलावे पांच मोबाईल की कीमत भी डेढ लाख बताई जा रही है। पीडिता ने बताया कि घर में कोई नही रहने के कारण प्राथमिकी में देर हुई। रातू पुलिस ने शिकायत के आधार पर रातू थाना में कांड संख्या 157/26 दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

रातू में दिनदहाड़े अलग- अलग स्थानो से दो बाईकों की चोरी

रातू। थाना क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े बाइक चोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। चोरों ने भीड़भाड़ वाले इलाकों से भी बाइक उड़ा ली, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार झारखंड जगुआर में कार्यरत जवान विशाल प्रसाद बडगांव,रामगढ निवासी अपनी ग्लैमर बाइक जेएच 24 सी 4978 से एतवार बाजार सब्जी खरीदने गए थे। सब्जी खरीदने के करीब आधा घंटा के बाद जब वापस अपनी बाईक के पास पहुंचे तो बाईक गायब थी। वही दूसरी बाइक को सिमलिया भिटठाटोली स्थित आवासीय क्षेत्र से चोरी की गई। जानकारी के अनुसार रीतेश प्रमाणिक बेडो निवासी अपने किराये के घर के सामने अपनी बाईक जेएच 01 सीबी 4945 खडा कर अंदर गए। इसी बीच बाईक चोरो ने उनकी बाईक चोरी कर ली। चोरी से पहले चोर रेकी कर रहे थे। रेकी करते चोर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है। इस संबंध में दोनो पीडितो ने रातू थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों मामलों को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

तेज रफ्तार पिकअप ने ऑटो को मारी टक्कर, तीन गंभीर घायल

चान्हो। चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच-39 पर करकट चौड़ा के समीप रविवार शाम करीब 4:30 बजे पिकअप ट्रक और ऑटो के बीच हुई जोरदार टक्कर में ऑटो सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बेलांगी गांव निवासी 35 वर्षीय बुधदेव उरांव, 45 वर्षीय एतवा उरांव एवं 35 वर्षीय सीताराम उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों लोग एक ही ऑटो में सवार होकर चान्होकी ओर से रांची की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया, जिससे उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची तथा भागने का प्रयास कर रहे पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया।

मांडर पुलिस ने तीनो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मांडर : मांडर पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान के तहत तीनो वारंटी अभियुक्तों सोमा उराव ग्राम मुडमा, प्रसन्न तिर्की विसाहा खटँगा, एवं नूरहकीम अंसारी ग्राम बाजार टांड को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया, ये विभिन्न कांडो के फरार अभियुक्त थे।

रातू में एटीएम कार्ड बदलकर 1.12 लाख की ठगी

रातू। थाना क्षेत्र के काठीटांड में शुक्रवार को एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से 1 लाख 12 हजार रुपये निकाल लिए जाने को लेकर रातू थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिहार के औरंगाबाद जिले निवासी राजकिशोर तिवारी ने बताया कि वह शुक्रवार को लगभग 12:04 बजे काठीटांड स्थित हिताची एटीएम से पैसे निकालने गए थे। 1000 रुपये निकालने के दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और इस दौरान उनका पिन नंबर देख लिया। राजकिशोर तिवारी ने बताया कि उनके जाने के बाद अज्ञात युवक ने उनके खाते से अलग-अलग कर कुल 1,12,073 रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज न आने के कारण उन्हें तुरंत इसकी जानकारी नहीं हो सकी। पीड़ित ने शनिवार को रातू थाना में मामला दर्ज कराते हुए जांच की मांग की है। उन्होने सीसीटीवी फुटेज की जांच कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रातू पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

रूडसेट संस्थान सिल्ली में फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की ट्रेनिंग

30 एवं 10 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

सिल्ली। रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी तथा 10 दिवसीय वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। यह संस्थान श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं Canara Bank द्वारा संचालित है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नेहा तिर्की ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और वाणिज्यिक बागवानी जैसे कौशल युवाओं के लिए स्वरोजगार के मजबूत माध्यम बनते जा रहे हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान अनुशासन, समर्पण और मेहनत के साथ सीखने के लिए प्रेरित किया।

संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि 30 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आधुनिक कैमरा संचालन, वीडियो शूटिंग, एडिटिंग तकनीक, लाइटिंग, फ्रेमिंग तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य करने की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। वहीं वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण के अंतर्गत उन्नत खेती तकनीक, नर्सरी प्रबंधन, फल-फूल एवं सब्जियों की व्यावसायिक खेती, बाजार प्रबंधन तथा आयवर्धन के उपायों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षुओं ने भी इस अवसर को अपने भविष्य के लिए लाभकारी बताते हुए प्रशिक्षण से अधिकतम ज्ञान प्राप्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

इस मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, चंद्र भूषण झा, दशरथ कुमार महतो, रमेश कुम्हार एवं सुनील मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार की माता का निधन, शोक की लहर

अनगड़ा। भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार की माता व प्रसिद्ध समाजसेवी अनगड़ा के पूर्व उपप्रमुख स्व. बालेश्वर प्रसाद की धर्मपत्नी कुंती देवी(87) का शुक्रवार की शाम में कोलकाता में निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। एक सप्ताह पूर्व कुंती देवी को ब्रेन हेम्ब्रेज हुआ था। उसी समय से इनका इलाज कोलकाता के रेलवे अस्पताल में चल रहा था। कुंती देवी अपने पीछे तीन पुत्रों प्रमोद कुमार, जैलेन्द्र कुमार, ब्रजकिशोर प्रसाद, पोता हर्ष राज, पोती शालिनी प्रिया सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। कुंती देवी कोलकाता में अपने अग्रज पुत्र प्रमोद कुमार के साथ रह रही थी। कुंती देवी के निधन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू, सांसद संजय सेठ,राज्यसभा सदस्य डा. प्रदीप वर्मा,पूर्व सांसद रामटहल चौधरी भाजपा के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा,अनुराधा मुंडा, रामसाय मुंडा, पारसनाथ भोगता, बिगेश्वर महतो, शंकर बैठा, गौरीशंकर मुंडा, शांति मुंडा, सुजीत सोनी, सुरेन्द्र महतो, सुनील महतो, सोहराई बेदिया, बुधराम बेदिया आदि ने अपनी अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

सोसई आश्रम मांडर में सरना स्थल घेराबंदी को लेकर ग्रामीणों की बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

मांडर : मांडर प्रखंड के सोसई आश्रम स्थित सरना स्थल की घेराबंदी और संरक्षण को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अध्यक्षता में हुई ।बैठक मे ग्रामीणों ने सरना स्थल की घेराबंदी की मांग रखी इस अवसर पर बंधु तिर्की ने कहा, ₹सरना स्थल हमारे पुरखों की धरोहर है इनकी रक्षा करना समाज और सरकार की जिम्मेदारी है उन्होंने घेराबंदी को लेकर उत्पन्न विवाद को ग्राम प्रधान की अगुवाई मे गाँव के सभी समुदाय के लोगों के साथ बैठ कर आपसी सहमति बनाएं और जबतक इस पर कोई सहमति नहीं बनती है तबतक वहाँ किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न हो। बैठक में अंचलाधिकारी चंचला कुमारी जिला परिषद सदस्य परमेश्वर भगत, मुखिया आशा आश्रिता किस्पोटा,शेरोफिना मिंज, प्रेमचंद एक्का, ग्राम प्रधान सोमे एक्का , पुम्पा उराव, कल्पना उराव, रजनी उराव, शनियारो उराव, रामबालक ठाकुर, शत्रुधन सिंह, मनोज सिंह, बटकेश्वर सिंह, शशि कुमार सिंह, अरबिंद सिंह,दीपक हजाम, छोटू ठाकुर,शशि ठाकुर, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

नीट पेपर लीक के खिलाफ सड़कों पर उतरी 'आप'

शिक्षा मंत्री की बर्खास्तगी और एनटीए को भंग करने की मांग

- महात्मा गांधी चौक पर आम आदमी पार्टी का जोरदार प्रदर्शन
- केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, शामिल हुए पीड़ित छात्र

नवप्रदेश/बोकारो। देशभर के छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे नीट पेपर लीक मामले को लेकर राजनीतिक और सामाजिक आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को आम आदमी पार्टी (AAP) बोकारो जिला इकाई के तत्वावधान में सेक्टर-4 स्थित महात्मा गांधी चौक पर एक विशाल और जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान 'आप' कार्यकताओं और पीड़ित छात्रों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस व्यवस्था को पूरी तरह विफल करार दिया।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का मांगा इस्तीफा

मौके पर उपस्थित जोनल पर्यवेक्षक विधान चंद्र राय ने सीधे तौर पर प्रशासनिक विफलता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में बार-बार हो रही गड़बड़ी के लिए नैतिक रूप से जिम्मेदार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए इसे तत्काल प्रभाव से भंग करने की मांग की।

छात्रों ने भी बुलंद की आवाज

इस विरोध-प्रदर्शन की खास बात यह रही कि इसमें केवल राजनीतिक कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में पीड़ित नीट अभ्यर्थी (छात्र) भी शामिल हुए। छात्रों का कहना था कि सालों की कड़ी मेहनत के बाद जब परीक्षा का ऐसा परिणाम आता है, तो उनका मनोबल पूरी तरह टूट जाता है।

12 साल में 90 से अधिक पेपर लीक: राकेश

विरोध सभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों के मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में 90 से अधिक प्रतियोगी और सरकारी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। इनमें से अकेले नीट (NEET) परीक्षा के ही पेपर चार से पांच बार लीक हो चुके हैं, जो देश के करोड़ों होनहार युवाओं के सपनों पर वज्रपात है। सरकार हर बार मामले को दबाने के लिए सीबीआई (CBI) जांच का नाटक रचती है और अंततः असली दोषियों को बचाने में लग जाती है। इस मानसिक प्रताड़ना और अवसाद के कारण इस बार भी 4-5 प्रतिभावान छात्रों ने आत्महत्या कर ली है। इन मौतों की जिम्मेदार यह गूंगी-बहरी सरकार है और दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रदर्शन में ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित

इस दौरान प्रदर्शन को सफल बनाने और अपनी आवाज बुलंद करने वालों में 'आप' के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता धर्मेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, मनौवर अंसारी, केएपी वर्मा, सुमन सिंह, अब्दुल कादिर, विनोद सत्यार्थी, विनेश्वर कुमार, प्रवीण सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक और छात्र उपस्थित थे।

पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर कोई ठोस और पारदर्शी कदम नहीं उठाया गया, तो यह आंदोलन उग्र रूप धारण करेगा।

सुदूरवर्ती गांवों में पुलिस का जागरूकता अभियान, बच्चों के बीच बांटी गई चॉकलेट-बिस्किट

नवप्रदेश/बोकारो। जगेश्वर विहार थाना पुलिस द्वारा शनिवार को सुदूरवर्ती क्षेत्रों लालगढ़, कारीपानी, गायछंदवा, मोढ़ा, हल्वे एवं असनापानी (गोमिया) में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान फरार वारंटियों के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में भ्रमण किया गया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को ओझा-गुनी, डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाओं के प्रति जागरूक करते हुए लोगों से अंधविश्वास से दूर रहने की अपील की। साथ ही ग्रामीणों को बताया गया कि किसी भी समस्या की सूचना वे डायल-112 के माध्यम से पुलिस को दे सकते हैं, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बच्चों के बीच बिस्किट एवं चॉकलेट का वितरण भी किया गया। सेवा ही लक्ष्य टीम में जगेश्वर विहार थाना प्रभारी प्रकाश यादव, पु.अ.नि. धर्मेन्द्र सिंह सरदार, पु.अ.नि. सुरेश पाहन, स.अ.नि. विशाल कुमार, स.अ.नि. परवेज अशरफ तथा जैप-04 (एच कंपनी) के जवान शामिल थे।

चतरोचट्टी पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवप्रदेश/चतरोचट्टी। गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक उद्भेदन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कढमा से कुछ दिन पूर्व एक ट्रैक्टर चोरी हो गया था। इस संबंध में वाहन मालिक प्रकाश महतो के द्वारा चतरोचट्टी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। चतरोचट्टी थाना के थाना प्रभारी शशि शेखर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर ग्राम कुंदरिया मल्हार टोला से कैलास मल्हार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने ट्रैक्टर चोरी करने की बात स्वीकार की,गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इसके विरुद्ध पूर्व मे जागेश्वर थाना में एक, मांडू थाना में तीन आपराधिक मामले दर्ज है,पुर्व में जेल जा चुका था । मुख्य रुप से छापेमारी दल मे पुलिस पदाधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक अनूप रंजन बाखला कुंदन कुमार यादव,आरक्षी सहदेव प्रसाद यादव,हीरालाल महतो,किशोर कुमार महतो शामिल थे।वही चतरोचट्टी थाना पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना या डायल 112 पर दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न

नवप्रदेश/बोकारो। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की एक महत्वपूर्ण आम बैठक का आयोजन रविवार को जिला अध्यक्ष मंतोष कुमार पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक समरसता और समाज के खिलाफ हो रही अमर्यादित बयानबाजी पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संगठन का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से रुद्र देव दुबे को चंदनकियारी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। उपस्थित सदस्यों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उम्मीद जताई कि वे क्षेत्र में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा ब्राह्मण समाज के संबंध में की जा रही अनर्गल और आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की। विशेष रूप से समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा समय-समय पर दिए गए विवादित बयानों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई।

पेट्रोल-डीजल पर दाम बढ़ाने तथा नीट की परिक्षा पत्र लीक के खिलाफ पीएम मोदी की पुतला जलाकर किया आक्रोश

नवप्रदेश/बोकारो। केन्द्र की निर्दयी भाजपा सरकार ने चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल की दाम में बेहतासा बढ़ाकर लुट शुरू किए जाने के खिलाफ में संयुक्त किसान मोर्चा चन्दनकियारी ने रविवार को सुभाष चौक चन्दनकियारी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुतला जलाकर आक्रोश व्यक्त कर बढ़ाए गए मुल्य को वापस लेने की मांग किया. अध्यक्षता किसान सभा के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ बनर्जी व संचालन संयुक्त किसान मोर्चा के चन्दनकियारी संयोजक जगन्नाथ रजवार ने किया।

वहीं ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राज्य सचिव कुमुद महतो ने कहा कि केन्द्र की निर्दयी सरकार अलोकतांत्रिक तरीके से अपने स्वार्थ सत्ता कायम रखने के लिए. पेट्रोलियम पदार्थों का बेताहासा दाम बढ़ाकर सरकार आम जनताओं पर भारी बोझ डाल कर अपने भक्तों द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों की संकट अफवाहें फैलाने की बड़ी बड़ी जिम्मेदारियां देकर असहन बोझ भरी जनताओं की आवाज दबाने में भक्त सक्रिय भूमिका निभा रही है। वहीं माले नेता दिलीप ओझा ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की मुल्य में बेताहासा बढ़ाऐ जाने से इसका सिधा असर आम जनताओं पर पड़ रही है. मांग किया कि बढ़ाए गए मुल्य अभिलम्ब वापस ली जाए. अन्यथा चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे.जिसका सम्पूर्ण जिम्मेवारी सरकार एवं सरकार की प्रतिनिधि की होगी। वहीं इंकलाबी नौजवान सभा राष्ट्रीय परिषद सदस्य दुलाल प्रमाणिक ने कहा कि ईरान से दुश्मनी और ट्रम्प से दोस्ती और एपस्टीन ग्रुप के दोस्तों को बचाने के लिए. अमेरिका के हाथों में भारत को गिरवी रख देने के कारण देश के आम जन मानस को महंगाई की बोझ झेलना पड़ रहा है। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा चन्दनकियारी के जगन्नाथ रजवार ने कहा कि भाजपाओं लोगों द्वारा नीट परीक्षा की प्रश्न पत्र लीक कर जनसाधारण छात्र छात्राओं को उपेक्षित व बेरोजगार बनाए रखने का षड़यंत्र रचा जा रहा है. ऐसे सवालों को लेकर छात्र छात्राओं की गुस्सा उबाल पर है।

छात्रों के विरुद्ध भाजपा सरकार पुलिसिया दमन पर आमादा है। मांग किया कि परिक्षा घोटाले बाज को कड़ी से कड़ी साजा जाय। मौके पर नुनीवाला देवी, डॉ.गोपाल महतो, दुर्गा चरण महतो, शिबु राय, राजेश कुमार दत्ता, हरिपद महतो, दिगम राय, जानकी महतो, मुस्लिम अंसारी, रंजीत दत्ता, कलाम अंसारी, हाबुलाल महतो, नईम अंसारी, मनोज महतो आदि शामिल रहे।

गुमला डीटीओ का कड़ा प्रहार, तय स्टैंड की बजाय ललित उरांव डिपो में खड़ी बस जब्त

नवप्रदेश/गुमला। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत संचालित बसों की मनमानी और नियमों की अनदेखी पर परिवहन विभाग ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में जिला परिवहन पदाधिकारी श्री ज्ञान शंकर जायसवाल ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक ग्राम गाड़ी को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार, उक्त बस को इसके लिए निर्धारित दूंनदुरिया बस डिपो' के बजाय 'ललित उरांव बस डिपो' में लगाया जा रहा था, जो कि प्रशासन द्वारा जारी किए गए निदेशों का साफ और खुला उल्लंघन है। इसके साथ ही, बस संचालक द्वारा ग्राम गाड़ी योजना से जुड़ी अन्य अनिवार्य शर्तों का भी पालन नहीं किया जा रहा था।ग्राम गाड़ी से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंसविभागीय सूत्रों के अनुसार, 18 मार्च 2026 को परिवहन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए एक उच्च स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक हुई थी। इस बैठक में कड़े निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित मार्ग पर ही वाहनों का परिचालन सुनिश्चित किया जाए,निर्धारित डिपो (दूंनदुरिया) की बजाय दूसरे डिपो (ललित उरांव) से बस का संचालन और पार्किंग इसी नियम का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है।इन अनिवार्य शर्तों की हो रही है अनदेखीपरिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान में कई बसों में योजना के मूल नियमों की अनदेखी पाई जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि:योजना के तहत परिचालित वाहनों में संबंधित मार्ग तथा वाहन चालक एवं सम्वाहक (कंडक्टर) का नाम और मोबाईल नम्बर अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए।बस के अंदर 100% किराए से छूट प्राप्त सभी 10 श्रेणियों का उल्लेख अनिवार्य रूप से पेन्ट से अंकित कराया जाना है। इन छूट प्राप्त श्रेणियों में वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष से अधिक), छात्र/छात्रा, पूर्ण दृष्टिबाधित, मानसिक रूप से कमजोर, 100% मूक-बधिर, शारीरिक रूप से दिव्यांग (50-100% और 40-49%), एचआईवी/एड्स पीड़ित, राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिला और मान्यता प्राप्त झारखण्ड आंदोलनकारी शामिल हैं।

स्वदेशी जागरण मंच के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन

नवप्रदेश/बोकारो। स्वदेशी जागरण मंच, बोकारो के नए कार्यालय का विधिवत और भव्य उद्घाटन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित विशेष पूजा और हवन में मंच के कई शीर्ष अधिकारियों, राजनीतिक दिग्गजों और सामाजिक कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य जजमान के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार उपस्थित रहे। उनकी अगुवाई में प्रकांड पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और विश्व शांति तथा स्वदेशी संकल्प की सिद्धि के लिए हवन कुंड में आहुतियां डाली गईं। स्वदेशी जागरण मंच का अपना स्थाई कार्यालय होने से क्षेत्र में स्वदेशी आंदोलन को और अधिक मजबूती मिलेगी। एक निश्चित केंद्र होने से अब स्वदेशी की नीतियों और आगामी रणनीतियों को धरातल पर उतारने में बल मिलेगा।

एक नजर

टीसीसी प्रीमियर लीग में टीसीसी हीरोज की शानदार जीत

नवप्रदेश/गुमला। टीसीसी प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में टीसीसी हीरोज ने टीसीसी टाइटंस को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीसीसी टाइटंस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 175 रन बनाए। टीसीसी टाइटंस की ओर से९ संजीव कुमार ने तेजतर्रार 49 रन, अजय गुप्ता ने 31 रन तथा अनुज कुजूर ने 22 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। गेंदबाजी में शुभम अहीर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। वहीं प्रेम संदेश और पूजा कुमारी ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीसीसी हीरोज की टीम ने 18.5 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की जीत में यमुना झा ने नाबाद 60 रनों की बेहतरीन पारी खेली। सचिन खलखो ने 40 रन और मंथन सालुंके ने 37 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। टीसीसी टाइटंस की ओर से पुनीत सोनी ने 2 विकेट तथा संजीव कुमार ने 1 विकेट लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए यमुना झा को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, लाल शेखर नाथ सहदेव, अंकित विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, मधुसूदन उरांव, पुनीत सोनी, हरीश पासवान, आयुष अग्रवाल, सनी साहू, विनीत नाग, समलेश शर्मा, पंकज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। कल का मुकाबला सुबह 07:00 बजे से टी सी सी ब्लास्टर्स बनाम टी सी सी हिटर्स व दूसरा मुकाबला टी सी सी हीरोज बनाम टी सी सी चैलेंजर्स के बीच खेला जाएगा।

पूर्वी क्षेत्र कालिगा में मंडल स्तरीय कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजा खडिया की अध्यक्षता में बैठक

नवप्रदेश/गुमला। गुमला सदर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्वी क्षेत्र मंडल स्तरीय पंचायत कलिगा में मंडल अध्यक्ष राजा खड़िया एवं मंडल महासचिव दीपेंद्र महलों की अगुवाई में बैठा किया गया, मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जो हमें शीर्ष नेतृत्व और जिला एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा जो जनहित के लिए टास्क दिया गया है, उसे पूरा करने की आवश्यकता है। कांग्रेस की नीति रही है सभी वर्ग के विकास के लिए कार्य करना और सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी से लोगों को अवगत कराना। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर उपस्थित हुए और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विजय धारा की पार्टी है ऐसे में पार्टी की नीति और कार्य तथा संगठन की मजबूती के लिए मजबूती के साथ एकजुट रहने की आवश्यकता है, और हमें गठबंधन सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से ग्रामीण और जनता जनार्दन को बताते की आवश्यकता है तभी जनता हमसे जुड़ेगी और हमारे संगठन मजबूती की और बढ़ेगी इसी के साथ-साथ उन्होंने कहा जैसा कि आप सभी को पता है हमारे राज्य में जनगणना की सर्वे हो रही है। इस सर्वे में 35 सवाल पूछे जाएंगे इन 35 सवालों का जवाब ध्यान पूर्वक दे और ध्यान रखें परिवार के एक भी सदस्य इस सर्वे में ना छूट पाए सर्वे में आने वाले कर्मचारियों को पूर्ण रूप से सहयोग करके इस कार्य को पूर्ण करनेके लिए सतर्क रहना होगा और लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इस मौके पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

चास नगर निगम क्षेत्र में झामुमो ने बूथ कमेटियों को मजबूत करने की बनाई रणनीति



नवप्रदेश/बोकारो। झारखंड मुक्ति मोर्चा चास नगर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक बोकारो महानगर समिति के उपाध्यक्ष आलोक सिंह के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चास नगर अध्यक्ष प्रमोद तापड़िया ने की, जबकि संचालन भागीरथ शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव, उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल, आलोक सिंह एवं नैयर जमाल उपस्थित रहे। बैठक के दौरान केंद्रीय समिति के निदेशानुसार चास नगर निगम क्षेत्र के सभी 35 वार्डों के प्रत्येक बूथ को सशक्त एवं संगठित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि सभी बूथ कमेटियों में पांच महिलाओं को शामिल करते हुए संगठन को और मजबूत किया जाएगा। इसके लिए पूरे नगर निगम क्षेत्र को सात जोन में विभाजित कर जिम्मेदारियां तय की गईं, ताकि संगठनात्मक कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया।

महंगाई और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

नवप्रदेश/बोकारो। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, सीएनजी और दूध की लगातार बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने देशव्यापी आंदोलन के तहत शनिवार (16 मई) को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस नेत्री श्रीमती अनुपमा सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, ३केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज देश की आम जनता महंगाई की चौतरफा मार झेलने को मजबूर है। पेट्रोल-डीजल और सीएनजी जैसी आवश्यक कड़ियों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने से दैनिक उपयोग की हर वस्तु महंगी हो गई है। इसने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के घरेलू बजट को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है।

मॉडल स्कूल घाघरा में शिक्षक संकट गहराया, 200 छात्रों की पढ़ाई ठप, कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा पर संकट

अभिभावकों ने दी सड़क जाम की चेतावनी

नवप्रदेश/घाघरा। प्रखंड के चपका स्थित मॉडल स्कूल में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। करीब 200 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई केवल एकमात्र अध्यापिका एवं प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी के भरोसे चल रही है। शिक्षकों की भारी कमी के कारण विद्यालय में नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है, जिससे विशेषकर कक्षा 10 के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर गंभीर असर पड़ रहा है।प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा एक सप्ताह के भीतर शिक्षकों की पदस्थापना का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी विद्यालय में कोई शिक्षक नहीं भेजा गया। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ कार्यालयी कार्य, विभागीय रिपोर्ट और अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी अकेले संभालनी पड़ रही हैं।

बच्चों का भविष्य बचा लीजिए डीसी सर : अभिभावक

अभिभावक पारसनाथ महतो ने कहा कि बच्चों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। यदि जल्द शिक्षक नहीं भेजे गए तो अभिभावक बच्चों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अभिभावक अजय गुप्ता ने प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों की उदासीनता से बच्चों के सपनों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि मंगलवार तक विद्यालय में शिक्षक नहीं पहुंचे तो सड़क जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रधानाध्यापिका एवं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए विद्यालय में स्थायी एवं विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से संचालित हो सके और बोर्ड परीक्षा की तैयारी प्रभावित न हो।

पुलिस की कार्रवाई : घर से लापता 13 वर्षीय बच्चा इटावा से सकुशल बरामद, परिजनों को सौंपा

नवप्रदेश/बोकारो। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक लापता नाबालिग बच्चे को उत्तर प्रदेश के इटावा से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। अपने जिगर के टुकड़े को सही-सलामत वापस पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई है और उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार जताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोकारो स्टील सिटी थाना क्षेत्र के बीएसएलएलएच स्ट्रीट-07 (क्वार्टर नंबर 140) निवासी मुकेश कुमार राय का 13 वर्षीय पुत्र सुरज कुमार राय बीते 11 मई 2026 को सुबह करीब 6:00 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब सुरज का कहीं पता नहीं चला, तो उसके पिता मुकेश कुमार राय ने 12 मई को बीएससिटी थाने में एक लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। परिजनों की शिकायत के आधार पर बीएससिटी थाने में कांड संख्या-91/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 137(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

तलाश में जुटी पुलिस टीमः मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बोकारो के निर्देश पर तत्काल एक टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को सुराग मिला कि लापता बच्चा उत्तर प्रदेश में है। बोकारो पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के इटावा में छापेमारी की, जहाँ से लापता सुरज कुमार राय को सफलतापूर्वक बरामद कर लिया गया। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन और छापेमारी दल में बीएससिटी थाने के पुलिस अवर निरीक्षक (पु०अ०नि०) विरेन्द्र खाखा मुख्य रूप से शामिल थे।

पुलिस को मिली सफलता: तीन आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश/दुमका। दिनांक 08.04.2026 की रात्रि मुफस्सिल थाना के ग्राम केशियाबहाल निवासी तापस मांझी के घर के बाहर खड़ी ट्रेक्टर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था जिस संबंध में मुफस्सिल थाना में काण्ड संख्या 63/26 दिनांक 09.04.2026 धारा 303 (2) बी०एन०एस० दर्ज किया गया था जिसके बाद दिनांक 13.05.2026 के रात्री को शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कोलपाड़ा बांकीजोर निवासी मनोज कुमार मंडल के घर के बाहर से भी उसी तहर उनकी रखी ट्रैक्टर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। इन चोरी कि घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दुमका के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन इन चोरी की घटनाओं के उदभेदन एवं बरामदगी हेतु किया गया जिसके बाद गठित टीम के सदस्यों द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए दिनांक 16.05.2026 को सबसे पहले शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कुलकुलीडंगाल से एक अभियुक्त संजीव मड़ैया को गिरफतार किया गया जिसने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया साथ ही साथ चोरी करने में अपने दो साथियों का नाम 1. शेख अजीजुल ग्राम सावराकुड़ी (पश्चिम बंगाल) 2. बंसी दास ग्राम दर्पासिला थाना शांतिनिकेतन बोलपुर बताया जिसके बाद उनके दोनों साथियों को भी गिरफतार किया गया।

सभी ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया तथा उनके निशानदेही से दोनों कांडो में चोरी किया गया दोनों ट्रेक्टर एक सावराकुड़ी मोहम्मद बाजार थाना क्षेत्र से तथा एक ट्रेक्टर बोलपुर शांतिनिकेतन थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया गया।

जप्त समानों का विवरण :
1. महिंद्रा कम्पनी का ट्रेक्टर सं० WB 37C 1540
2. महिंद्रा कम्पनी का ट्रेक्टर सं० JH04J 9714,

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता :-

1. संजीव मड़ैया पिता पवन मड़ैया, ग्राम कुलकुलीडंगाल थाना शिकारीपाड़ा, जिला दुमका।
2. बंसी दास पिता निताई दास ग्राम दरपाशीला थाना शांतिनिकेतन, बीरभूम पश्चिम बंगाल।
3. शेख अजीजुल पिता स्व० शेख अब्दुल रहीम ग्राम सावराकोड़ी, थाना मोहम्मद बाजार, पश्चिम बंगाल।

छापामारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी का नाम

श्री विजय कुमार महतो, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर दुमका। पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ धान, थाना प्रभारी मुफस्सिल, थाना, दुमका। पुलिस निरीक्षक अमित कु० लकड़ा थाना प्रभारी शिकारीपाड़ा थाना, दुमका। पु०अ०नि० रौशन कुमार, मुफस्सिल थाना। पु०अ०नि० आशीष कु० भारद्वाज शिकारीपाड़ा थाना। पु०अ०नि० आनन्द हेमब्रम शिकारीपाड़ा थाना। स०अ०नि० मुस्ताक आलम, मुफस्सिल थाना। अमित कुमार गोपनीय शाखा। शिकारीपाड़ा थाना एवं मुफस्सिल थाना के सशस्त्र बल।

गोपीकांदर थाना क्षेत्र में आपस में टकराई दो कोयला हाईवा, एक हाईवा चालक घायल

नवप्रदेश/गोविंदपुर-साहिबगंज। स्टेट हाईवे पर गोपीकांदर थाना क्षेत्र के गाड़ियापानी फुटबॉल मैदान के समीप दो कोयला हाईवा के बीच टक्कर हो जाने से एक हाईवा चालक घायल हो गयो जेएच 16एफ 7850 नंबर की कोयला हाईवा चालक लाल मोहम्मद अंसारी ने बताया कि दुमका स्थित कोयला रेक पॉइंट से कोयला खाली कर आमड़ापाड़ा बीजीआर कंपनीं आलूबेड़ा कोयला लोड के लिए जा रहे थे इस दौरान गाड़ियापानी मैदान के पास कतार में जाते वक्त आगे चल रहे हाईवा के अचानक ब्रेक ले लेने से टक्कर हो गई, जिसमें केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयो उसने बताया कि उसे स्टेयरिंग से चेस्ट में चोट लग गई। जानकारी के मुताबिक घायल चालक ने गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करायो डॉक्टर पंचम लाल ने प्राथमिक उपचार कर बताया कि चेस्ट में चोट को देखते हुए चेस्ट एक्स-रे के लिए दुमका स्थित फूलो -झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गयो घायल लाल मोहम्मद अंसारी ने बताया जिस हाईवा वाहन से टक्कर हुई है वह हाईवा घटनास्थल से भागने में कामयाब रही सड़क दुर्घटना की खबर गोपीकांदर थाना को मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

90 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम, महिलाओं को योजनाओं की दी गई जानकारी

नवप्रदेश/गिरिडीह। गिरिडीह जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत सिकदरडीह पंचायत सचिवालय में रविवार, 17 मई 2026 को 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पंचायत के मुखिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, खासकर महिलाओं की भागीदारी रही। इस दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई। विशेष रूप से मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के तहत महिलाओं के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया और उन्हें योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने दस्तावेजों की जांच करवाई। कार्यक्रम में विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और विकलांगता पेंशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों को इन योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभ के बारे में सरल भाषा में समझाया गया, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सकें। इसके अलावा, लोगों को टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस नंबर पर कॉल कर सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है और आवश्यक सहायता ली जा सकती है। इस अवसर पर पीएलबी टीम के सदस्य विनोद कुमार (पचंबा थाना) और अंजना कुमारी (लीगल एड क्लीनिक, खावा) ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही दलसा गिरिडीह की ओर से विनोद वर्मा ने कानूनी जानकारी देते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और उन्हें अपने अधिकार मांगने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव-गांव तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और लोगों को सशक्त बनाना था, जिसमें यह आयोजन सफल साबित हुआ।

भाजपा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है : कर्मवीर

नवप्रदेश/गिरिडीह। भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह महानगर द्वारा पारसनाथ की तलहटी स्थित कोरिया भवन में आयोजित दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के दूसरे दिन की सुरुवात सभी भाजपा कार्यकताओं ने प्रातः शाखा लगाकर योगाभ्यास से शुरुवात किया जिसका संचालन देवराज एवं बासुदेव चंद्रवंशी ने किया। प्रशिक्षण महाभियान के सत्र के दौरान झारखंड भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना ही पार्टी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने ह्लभाजपा के कार्य विस्तार की हमारी दृष्टिह्व विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन की विचारधारा को पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकताओं से समाज के प्रत्येक वर्ग—युवा, महिला, किसान, मजदूर एवं वंचित समुदाय—तक पहुंच बनाकर संगठन को और अधिक सशक्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका आधार कार्यकताओं की निष्ठा, अनुशासन एवं सेवा भाव है।

हाथी को नहीं बांध सकते बयान पर बढ़ा विवाद

नवप्रदेश/सरायकेला। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे हाथी-मानव संघर्ष के बीच ईचागढ़ विधायक सविता महतो के हाथी को बांध कर नहीं रखा जा सकता वाले बयान पर अब नया विवाद खड़ा हो गया है। विधायक के बयान के बाद चांडिल वन क्षेत्र के वनपाल वसिष्ठ नारायण महतो ने खुलकर प्रतिक्रिया देते हुए कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं जिससे क्षेत्र की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। वनपाल वशिष्ठ नारायण महतो ने कहा कि जब विधायक स्वयं स्वीकार कर रही हैं कि हाथियों को बांधकर नहीं रखा जा सकता तो फिर क्षेत्र में सक्रिय बालू माफियाओं को भी यही बात समझाने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार वन विभाग के कर्मचारी वास्तविक स्थिति बताने की कोशिश करते हैं तो कुछ लोग ग्रामीणों को भड़काकर विभाग को ही निशाना बनाने लगते हैं। वनपाल ने सवाल उठाया कि हाथी समस्या को लेकर अक्सर वन विभाग को घेरा जाता है लेकिन विधायक के इसी बयान पर ग्रामीणों या राजनीतिक दलों की ओर से कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण का कार्य जनप्रतिनिधियों का होता है जबकि विभाग केवल उन नीतियों को लागू करता है। ऐसे में यदि जनप्रतिनिधि स्वयं हाथियों की स्वाभाविक गतिविधियों को स्वीकार कर रहे हैं तो वन विभाग पर लगातार सवाल उठाना उचित नहीं है। गौरतलब है कि चांडिल, ईचागढ़, कुकड़ू और नीमडीह क्षेत्र में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल के दिनों में कई ग्रामीणों की मौत हुई है, दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं।

दूसरी ओर स्वर्णरिखा नदी घाटों से अवैध बालू खनन भी बड़ा मुद्दा बना हुआ है। 15 मई को खनन विभाग ने ईचागढ़ क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर जब्त किया था। इधर विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने भी सवाल उठाया कि ईचागढ़ विधानसभा चुनाव में 29 उम्मीदवार मैदान में थे लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद अधिकांश नेता जनता के मुद्दों पर गायब हो गए। उन्होंने कहा कि हाथी-मानव संघर्ष, अवैध खनन और विस्थापन जैसे गंभीर मुद्दों पर विपक्ष की चुप्पी लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। हालांकि वन विभाग के वरीय अधिकारियों ने वनपाल के बयान को उनका व्यक्तिगत मत बताया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि वन विभाग का मुख्य कार्य वन्यजीव संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना है जबकि अवैध खनन पर कार्रवाई खनन विभाग और जिला प्रशासन का दायित्व है।

मर्सी हॉस्पिटल के नि:शुल्क शिविर में 330+ मरीजों ने लिया लाभ

नवप्रदेश/गिरिडीह। शहर के अग्रणी मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल मर्सी हॉस्पिटल, गिरिडीह द्वारा आयोजित विशाल नि:शुल्क परामर्श शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में जिले एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए 330 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया तथा विभिन्न जांच सुविधाओं का लाभ उठाया। सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चले इस शिविर में अस्पताल के विभिन्न विभागों के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अनुज अनिल लड्ढा, ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. रोइश उद्दीन, मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. मो० शहजाद शेख, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. लीलावती पाडिगेला, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका अग्रवाल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल शाहाबादी एवं (स्क्वाइन लीडर) डॉ. सौरभ जगनानी (सेवानिवृत्त), त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. फरहा आजाद, ईएनटी, सिर और गर्दन रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक डोकानिया, रेडियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ निकेश सिंह तथा गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण कुमार उपस्थित रहे।

सरायकेला में जेल अदालत सह चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

नवप्रदेश/सरायकेला। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार और रामाशंकर सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सरायकेला-खरसावां के मार्गदर्शन एवं तौसिफ मेराज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सरायकेला-खरसावां के पर्यवेक्षण में मंडल कारा सरायकेला में जेल अदालत सह चिकित्सा जांच शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनामिका किस्कू, सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग)-सह-न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, सरायकेला-खरसावां, सत्येन्द्र कुमार, अधीक्षक, मंडलीय कारा सरायकेला, दिलीप शॉ, मुख्य विधिक सहायता रक्षा परामर्शी, सरायकेला, सुनीत कर्मकार, उप मुख्य विधिक सहायता रक्षा परामर्शी, सरायकेला, अम्बिका चरण पाणी, सहायक विधिक सहायता रक्षा परामर्शी, सरायकेला, विजय कुमार महतो, सहायक विधिक सहायता रक्षा परामर्शी, सरायकेला एवं सोनू कुमार, जेलर, मंडलीय कारा सरायकेला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण यह रहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार मंडलीय कारा के मुलाकाती क्षेत्र में स्थापित हेल्प डेस्क का संचालन शुरू कर दिया गया, इस हेल्प डेस्क पर आगंतुकों की सहायता के लिए पारा विधिक स्वयंसेवक मोहन कुमार हांसदा और तारामणि बांदिया को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस मौके पर तौसिफ मेराज ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता और विधिक सहायता रक्षा परामर्शी प्रणाली, 2022 के संबंध में जानकारी दी।

झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय कुकड़ू में हादसे का खतरा

नवप्रदेश/ईचागढ़। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा भगवान भरोसे नजर आ रही है। विद्यालय भवन की छत पर बनी सुरक्षा रेलिंग पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। बावजूद इसके अब तक विद्यालय प्रबंधन और संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बताया जाता है कि विद्यालय भवन का निर्माण खुले छत डिजाइन में किया गया है। छत के चारों ओर सुरक्षा के लिए ईंट से रेलिंग बनाई गई थी, लेकिन घटिया निर्माण और समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण अब रेलिंग कई जगहों पर टूटकर कमजोर हो चुकी है। कुछ हिस्सों में ईंटें ढीली पड़ गई हैं, जिससे छात्राओं के लिए खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि यह वही विद्यालय है जहां कुछ दिन पूर्व बोरिंग पाइप फट जाने से जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। उस समय आनन-फानन में वैकल्पिक व्यवस्था कर समस्या का समाधान किया गया था। अब एक बार फिर विद्यालय की अव्यवस्था सामने आने से विभागीय कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्राएं रहकर पढ़ाई करती हैं। ऐसे में जर्जर रेलिंग किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन को स्थिति की पूरी जानकारी होने के बावजूद मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। लोगों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से अविलंब जांच कराते हुए रेलिंग की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

झारखंड सीटेट उत्तीर्ण सहायक अध्यापक संघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश/रांची/गिरिडीह। झारखंड सीटेट (CTET) सहायक अध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने तेलोडीह (गिरिडीह प्रखंड) के मुखिया शब्बीर आलम की अगुवाई में माननीय उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा नगर विकास विभाग मंत्री (झारखंड सरकार) से मुलाकात की और उन्हें अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से संघ ने झारखंड के विभिन्न विद्यालयों में पिछले 20 वर्षों से कार्यरत और सीटेट उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षकों) को आगामी विशेष नियुक्ति प्रक्रिया या समायोजन में शामिल करने की पुरजोर मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने अवगत कराया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) द्वारा सुनील कुमार यादव बनाम झारखंड सरकार के मामले में गत 07 मई 2026 को एक ऐतिहासिक और स्पष्ट न्यायादेश पारित किया गया है। इस आदेश के तहत राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह विशेष विज्ञापन निकालकर केवल एकेडमिक रिकॉर्ड्स (शैक्षणिक दस्तावेजों) के आधार पर मेरिट लिस्ट जारी करे और शिक्षकों की सीधी नियुक्ति प्रक्रिया सुनिश्चित करे। संघ के पदाधिकारियों एवं मुखिया शब्बीर आलम ने माननीय मंत्री से आग्रह किया कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के आलोक में सीटेट उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों के भविष्य को देखते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए।

20 वर्षों से सेवा देने के बावजूद उपेक्षा का आरोप

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री महोदय को बताया कि राज्य के सहायक अध्यापक पिछले दो दशकों से पूरी निष्ठा के साथ शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। वे ठउळए के सभी आवश्यक गाइडलाइंस और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नियमित शिक्षक बनने की सारी योग्यताओं व शर्तों को पूरा करते हैं। इसके बावजूद, वर्ष 2016 के बाद से झारखंड सरकार द्वारा राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में, जिन सहायक अध्यापकों ने भारत सरकार द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें इस नियुक्ति प्रक्रिया का लाभ मिलना बेहद जरूरी है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से केंद्रीय कारा में आयोजित किया गया जेल अदालत

नवप्रदेश/गिरिडीह। झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में आज दिनांक 17, मई 2026 को केंद्रीय कारा, गिरिडीह में काराधीन बंदियों के बीच जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर एवं बंदियों का मेडिकल हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि इसी महीने बंदियों के परिवार वालों के हितों को ध्यान में रखते हुए माननीय नालसा एवं माननीय झालसा के निर्देश 'मुलाकात से न्याय तक' योजना के तहत जेल में विधिक सहायता हेल्प डेस्क की शुरूआत की गई है । इसका उद्देश्य कैदियों के परिवारों को केस के चरण की जानकारी, अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ या विधिक सहायता की जरूरत हो तो उन्हें प्रदान किया जाएगा। इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम में सचिव महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, के मार्गदर्शन में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह, श्री फैयाज अहमद, श्री रवि कुमार शर्मा, श्री पुरुषोत्तम कुमार सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली, गिरिडीह उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह फैयाज अहमद कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि माननीय नालसा, नई दिल्ली एवं माननीय झालसा, रांची के द्वारा काराधीन बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कारा में संसीमित बंदियों को निरंतर विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बंदियों के बीच से ही पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति की गई है जो निरंतर बंदियों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचाते हैं। जहां

एक नजर

लंबित कांडों की समीक्षा को लेकर आईजी ने गिरिडीह पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

नवप्रदेश/गिरिडीह। प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक बोकारो द्वारा शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय गिरिडीह स्थित सभागार में जिले के लंबित कांडों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गिरिडीह जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान आईजी ने अनुसंधान कार्य में तेजी लाने, लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके अलावा जिले की विधि-व्यवस्था की स्थिति की भी समीक्षा की गई तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के साथ अपर पुलिस अधीक्षक अभियान, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक तथा विभिन्न थाना एवं ओपी प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा जनता के बीच सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की एक बैठक संपन्न

नवप्रदेश/गिरिडीह। अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की एक बैठक नगर के होटल अशोक इंटरनेशनल में हुई। जिसमें मुख्य रूप से अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री सुरेंद्र राजपूत जी और प्रान्त महामंत्री दिलीप वैद्य जी उपस्थित हुए। बैठक में पिछले कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं आगामी वीर हिन्दू विजेता हिन्दू राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग को लेकर चर्चा हुई। आगामी प्रशिक्षण वर्ग झारखण्ड के दुमका में आयोजित की जा रही है। जिसमे गिरीडीह जिला से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग भाग लें इसके लिए चर्चा की गई। बैठक में रोचित अग्रवाल को एडवोकेट फोरम के जिला अध्यक्ष, कमल नयन गिरी को राष्ट्रीय बजरंग दल के उपाध्यक्ष, पीयूष जी को राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला मंत्री, प्रदीप पण्डित जी को अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के सदर प्रखंड के अध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई। बैठक में विभागाध्यक्ष रितेश पांडेय, जिला महामंत्री पंकज पांडेय जी, राष्ट्रीय बजरंग दल अध्यक्ष गौरव कुमार अंशु, उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, मंत्री शुभम झा, अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला मंत्री पंकज कंधवे, कुंदन केशरी, राष्ट्रीय मजदूर परिषद के जिला अध्यक्ष अजय देव, महामंत्री रपन गुप्ता, भीम जी, ॐ श्री परिवार के अध्यक्ष रौनक मिश्रा, आशीषनन्द जी महाराज आदि काफी संख्या लोग में उपस्थित हुए।

बिक्री और नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार के विरोध में दवा विक्रेताओं ने शुरू की आंदोलन

नवप्रदेश/गिरिडीह। गिरिडीह में ऑनलाइन दवाओं की बिक्री और नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार के विरोध में दवा विक्रेताओं ने आंदोलन शुरू कर दिया है। एआइओसीडी मुंबई और जेसीडीए रांची के आह्वान पर गिरिडीह जिला दवा विक्रेता संघ ने पांच दिवसीय विरोध कार्यक्रम का ऐलान किया है। शनिवार से जिले के सभी प्रखंडों के दवा दुकानदार काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। संघ के सचिव सुजीत कपिश्वे ने बताया कि 19 मई तक यह विरोध जारी रहेगा, जबकि 20 मई को देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में जिले की सभी दवा दुकानें बंद रहेंगी। संघ का कहना है कि ऑनलाइन दवा कारोबार और कॉर्पोरेट कंपनियों की अनुचित प्रतिस्पर्धा से छोटे व्यापारियों के सामने अस्तित्व का संकट पैदा हो गया है। नकली दवाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग भी उठायी गयी।

ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का स्वागत समारोह संपन्न

नवप्रदेश/गिरिडीह। ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित सम्मान एवं स्वागत समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं प्रमंडलों से बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में सबसे पहले प्रदेश अध्यक्ष, प्रमंडलीय अध्यक्ष, विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने अतिथियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में पत्रकारों की एकता, संगठन की मजबूती तथा निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और संगठन के माध्यम से पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में संगठन से जुड़े पत्रकारों ने भी अपने विचार साझा किए तथा संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरिडीह जिला संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

व्यक्ति ने फंदे पर झूल कर किया आत्महत्या

नवप्रदेश/ईचागढ़। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के टीकर पंचायत के सापारूम गांव में रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति की फंदे पर लटका लाश बरामद किया गया। मृतक की पहचान सापारूम निवासी कालीपद उरांव 57 वर्ष के रूप में कि गई। घटना की सुचना मिलते ही एस आई शशी सिंह मुण्डा दलवल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं लाश को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटे। मिलि जानकारी के अनुसार कालीपद उरांव अपने घर पर ही धोती का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह दोपहर को घर में अकेले थे। जब परिजन घर आया तो फंदा पर झुलता मृत अवस्था में मिला। इसकी सुचना ईचागढ़ थाना को दिया गया। एस आई शशी सिंह मुण्डा ने बताया कि प्रथमद्दष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला अस्पताल भेजा जाएगा एवं हर बिन्दु पर जांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आत्महत्या का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा।

खरसावां मे अनियंत्रित कार ने होंडा शोरूम में मारी टक्कर, दो नई बाइक क्षतिग्रस्त

नवप्रदेश/खरसावां। खरसावां-कुचाई मुख्य सड़क पर रविवार दोपहर एक अनियंत्रित कार ने देहरूडीह गांव स्थित होंडा शोरूम में टक्कर मार दी। इस हादसे में शोरूम के बाहर खड़ी दो नई बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं, वहीं शोरूम का करकट शेड भी टूट गया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार खरसावां के बैजनाथपुर निवासी रोशन राउत (21) अपने एक साथी के साथ जेएच 05 एएफ 3268 नंबर की इंडिगो सीएस कार से कुचाई गए थे। कुचाई से वापस खरसावां लौटने के दौरान रविवार लगभग 3:40 बजे देहरूडीह गांव स्थित होंडा शोरूम के समीप कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे शोरूम में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शोरूम के बाहर खड़ी दो नई बाइक कार की चपेट में आ गईं। वहीं शोरूम का करकट शेड भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार चालक रोशन राउत को हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि इस दुर्घटना में किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है।

संपादकीय

शिक्षा व्यवस्था से विश्वासघात

देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षाओं में शामिल नीट-यूजी एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। इस बार मामला केवल परीक्षा में गड़बड़ी या प्रशासनिक लापरवाही का नहीं, बल्कि सीधे उस संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है, जिसे देश के लाखों छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उइकजांच में जिस तरह के खुलासे सामने आए हैं, उससे साफ हो गया है कि पेपर लीक कोई बाहरी साजिश भर नहीं थी, बल्कि इसकी जड़ें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के भीतर तक फैली हुई थीं। जांच एजेंसियों के अनुसार, पेपर सेटिंग कमेटी में शामिल विशेषज्ञों पर ही प्रश्नपत्र बाहर पहुंचाने के आरोप लगे हैं। यदि यह सच साबित होता है तो यह केवल अपराध नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था के साथ विश्वासघात है। लाखों छात्र दिन-रात मेहनत कर मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाने का सपना देखते हैं। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए वर्षों तक संघर्ष करते हैं। ऐसे में कुछ लोगों द्वारा पैसे के लिए परीक्षा प्रणाली को बेच देना युवाओं के भविष्य पर सीधा हमला है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ था और इसमें बिचौलियों, एजेंटों, कोचिंग नेटवर्क और तकनीकी माध्यमों का सुनियोजित इस्तेमाल किया गया। वॉट्सऐप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए प्रश्नपत्रों को फैलाना बताता है कि परीक्षा माफिया अब पहले से कहीं ज्यादा संगठित और तकनीकी रूप से सक्षम हो चुका है। अगर समय रहते इस पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो सकती है। नीट परीक्षा में 22 लाख से अधिक छात्र शामिल होते हैं। ऐसे में पेपर लीक की घटना केवल कुछ छात्रों को अनुचित लाभ देने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह पूरे चयन तंत्र को संदिग्ध बना देती है। सबसे अधिक नुकसान उन ईमानदार छात्रों का होता है, जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर परीक्षा दी। जब मेहनत से ज्यादा सेटिंग और नेटवर्क को महत्व मिलने लगे, तब युवाओं में व्यवस्था के प्रति निराशा पैदा होना स्वाभाविक है। यह मामला एनटीए की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। आखिर इतनी संवेदनशील परीक्षा का प्रश्नपत्र तैयार करने और सुरक्षित रखने की व्यवस्था इतनी कमजोर कैसे हो सकती है? क्या एजेंसी के भीतर निगरानी तंत्र पूरी तरह विफल हो चुका है? क्या परीक्षा प्रक्रिया में शामिल लोगों की जवाबदेही तय करने का कोई मजबूत सिस्टम नहीं है? सरकार और जांच एजेंसियों को इन सवालों के स्पष्ट जवाब देने होंगे। अब आवश्यकता केवल गिरफ्तारी और जांच तक सीमित नहीं है। परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की जरूरत है। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर वितरण तक हर चरण में डिजिटल सुरक्षा, बहुस्तरीय निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही दोषियों को ऐसी कठोर सजा मिलनी चाहिए जो भविष्य में किसी भी व्यक्ति को इस तरह का अपराध करने से पहले सोचने पर मजबूर कर दे। देश के युवाओं का भविष्य किसी माफिया या भ्रष्ट तंत्र के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। यदि शिक्षा व्यवस्था में विश्वास खत्म हुआ तो इसका असर केवल परीक्षाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य पर पड़ेगा।

मुद्दा

ईमानदारी की कीमत

गौरीशंकर पांडेय

गांव के छोटे से स्कूल में पढ़ने वाला रवि बहुत गरीब परिवार से था। उसके पिता खेतों में मजदूरी करते थे और मां घरों में काम करती थी। घर की हालत इतनी खराब थी कि कई बार दो वक्त का खाना जुटाना भी मुश्किल हो जाता था। लेकिन रवि पढ़ाई में बहुत तेज था। उसका सपना था कि वह बड़ा अफसर बने और अपने माता-पिता की जिंदगी बदल दे।

एक दिन स्कूल से लौटते समय रवि को सड़क किनारे एक चमड़े का बैग मिला। उसने इधर-उधर देखा, लेकिन वहां कोई दिखाई नहीं दिया। बैग थोड़ा भारी था। घर पहुंचकर जब उसने बैग खोला तो उसकी आंखें फटी रह गईं। बैग में हजारों रुपये और कुछ जरूरी कागजात थे।

रवि की मां ने कहा, बेटा, इतने पैसे से हमारा बहुत भला हो जाएगा। तेरे पिता का कर्ज उतर जाएगा और तेरी पढ़ाई भी अच्छे से हो सकेगी।

रवि कुछ देर चुप रहा। उसके मन में भी कई विचार आने लगे। उसने सोचा, अगर मैं ये पैसे रख लूं तो हमारी गरीबी दूर हो सकती है। लेकिन अगले ही पल उसे अपने शिक्षक की बात याद आयी– सच्चाई और ईमानदारी इंसान की सबसे बड़ी पूंजी होती है।

रातभर वह सो नहीं पाया। अगले दिन वह बैग लेकर थाने पहुंच गया। पुलिस ने बैग के कागजात देखकर मालिक का पता निकाला। वह बैग शहर के एक व्यापारी का था, जो बहुत परेशान होकर उसे खोज रहा था।

जब व्यापारी थाने पहुंचा और अपना बैग सुरक्षित देखा तो उसकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। उसने रवि से कहा, बेटा, तुम चाहते तो ये पैसे रख सकते थे, लेकिन तुमने ईमानदारी दिखाई। आज के समय में ऐसे बच्चे बहुत कम मिलते हैं।

व्यापारी ने इनाम के तौर पर रवि को कुछ पैसे देने चाहे, लेकिन रवि ने मना कर दिया। तब व्यापारी ने उसके स्कूल की पूरी पढ़ाई का खर्च उठाने का फैसला किया। धीरे-धीरे रवि की मेहनत रंग लाई। उसने पढ़ाई में अच्छे अंक प्राप्त किए और आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी बन गया।

एक दिन वही रवि अपने गांव लौटा। गांव के लोगों ने उसका भव्य स्वागत किया। रवि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, गरीबी इंसान को कमजोर नहीं बनाती, लेकिन बेईमानी जरूर उसे छोटा बना देती है। सच्चाई का रास्ता कठिन जरूर होता है, पर अंत में जीत उसी की होती है।

उस दिन गांव के हर बच्चे ने मन ही मन ईमानदार बनने का संकल्प लिया।

बहुपक्षवाद का संकट व डब्लूटीओ में सुधार की अनिवार्यता

राजेश अग्रवाल

> कृषि से परे, ऐसी न्यायसंगत रूपरेखाओं की मांग बढ़ रही है, जो प्रौद्योगिकी स्थानांतरण और क्षमता निर्माण को नियंत्रित करती हैं। तेज तकनीकी प्रगति के युग में ज्ञान, नवाचार और ज्ञान-कौशल तक पहुँच आर्थिक विकास का एक प्रमुख निर्धारक बन गया है। फिर भी, मौजूदा नियम अक्सर मौजूदा पदानुक्रम को मजबूत करते हैं, जिससे विकासशील देशों की मूल्य श्रृंखला में ऊपरी पायदान पर चढ़ने की क्षमता सीमित हो जाती है।

बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली औचित्य के गहरे संकट का सामना कर रही है। 20वीं सदी के उत्तरार्ध और 21वीं सदी की शुरुआत में, विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) वैश्विक व्यापार का केंद्रीय स्तंभ था, जो नियम-आधारित व्यवस्था की पेशकश करने के साथ तटस्थता, पूवानुर्मेयता और निष्पक्षता का वादा करता था। हालांकि आज, ये वादे काफी कमजोर प्रतीत होते हैं। डब्लूटीओ में विश्वास की कमी, किसी एक विफलता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह संरचनात्मक असंतुलन, असमान प्रवर्तन और वैश्विक आर्थिक शक्ति के बदलते स्वरुप के संचयी प्रभाव को प्रतिबिंबित करती है।
इस संकट के मूल में है - वैश्विक उत्पादन का अत्यधिक केंद्रीकरण और आक्रामक व्यापार प्रथाओं की निरंतरता। समय के साथ, आपूर्ति श्रृंखलाएँ परस्पर अत्यधिक निर्भर हो गई हैं और उनका वितरण भी असमान है, जहाँ कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाएँ महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर अनुपात से कई गुनी ज्यादा नियंत्रण रखती हैं। हालांकि, इस केंद्रीकरण ने कुछ मामलों में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक कुशल बना दिया है, लेकिन इसने उन्हें काफी हद तक कमजोर भी बना दिया। व्यवधान–चाहे भू-राजनीतिक हो, आर्थिक हो, या पर्यावरण-संबंधी हों–अब प्रणालीगत नतीजे लेकर आते हैं। परिणामस्वरूप, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी अब केवल एक आर्थिक चिंता के रूप में नहीं देखी जाती; इसे अब राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक अस्तित्व के मामले के तौर पर देखा जाने लगा है। धारणा में हुए बदलाव ने नीतिगत प्रतिक्रियाओं की एक ऐसी लहर को जन्म दिया है, जो बहुपक्षवाद के मौलिक सिद्धांतों को चुनौती देती हैं। देश घरेलू हितों की रक्षा के लिए संरक्षण उपायों, आक्रामक औद्योगिक नीतियों और निर्यात नियंत्रण को अपना रहे हैं। हालांकि ऐसी रणनीतियाँ अल्पकालिक सहनशीलता ला सकती हैं, लेकिन वे डब्लूटीओ की सहयोग भावना और कानूनी रूपरेखा को अक्सर कमजोर कर देती हैं। तकनीकी अवरोध, महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नियंत्रण और भू-राजनीतिक प्रभाव के उपकरण के रूप में बाजार पहुंच का बढ़ता उपयोग एक व्यापक परिवर्तन का संकेत देता है: व्यापार अब केवल आर्थिक लेन-देन ही नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति के बारे में है। डब्लूटीओ सदस्यों के बीच एक व्यापक रूप से मान्य दृष्टिकोण यह है कि संगठन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को उनके प्रतिबद्धताओं के प्रति जवाबदेह ठहराने में अक्षम रहा है और इसने वर्तमान स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जब नियम असमान रूप से लागू किए जाते हैं या प्रवर्तन तंत्र विफल हो जाते हैं, तो प्रणाली में विश्वास कमजोर हो जाता है। कई देशों में, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों में, यह धारणा मजबूत हुई है कि डब्लूटीओ अब एक निष्पक्ष मध्यस्थ के रूप में कार्य नहीं करता। इसके बजाय, इसे एक ऐसे संस्थान के रूप में देखा जाता है, जो तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के प्रति अनुकूल होने के लिए संघर्ष कर रहा है।
इस संदर्भ में, सुधार प्रयासों का केंद्रीय उद्देश्य डब्लूटीओ की विश्वसनीयता को बहाल करना हो गया है। यद्यपि डब्लूटीओ सुधार की आवश्यकता पर सदस्यों के बीच व्यापक सहमति है, फिर भी इसे हासिल करने के तरीके पर सहमति न के बराबर है। सुधार की संरचना और विषय वस्तु पर बहसें लगातार विवादास्पद होती जा रही हैं। याओंडे के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में, सदस्यों ने डब्लूटीओ के मूलभूत सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की, जिनमें निष्पक्षता, पारदर्शिता, समावेश और सहमति-आधारित निर्णय शामिल हैं। इन सिद्धांतों ने लंबे समय से डब्लूटीओ को अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अलग बनाये रखा है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी सदस्य, चाहे उनका आकार या उनकी आर्थिक शक्ति कुछ भी हो, वैश्विक व्यापार नियमों को अंतिम रूप देने में अपनी बात रख सकें। हालांकि, इन सिद्धांतों के व्यावहारिक अनुप्रयोग को, विशेष रूप से बहुपक्षीय समझौतों से जुड़ी चचाओं में, समस्याओं का सामना करना पड़ा है। ये समझौते डब्लूटीओ सदस्यों के उपसमूहों के बीच बातचीत के बाद तैयार किए गए हैं। इन्हें कई देश–विशेष रूप से वैश्विक उत्तर के देश –सहमति-आधारित नियम निर्माण की चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान मानते हैं। ऐसी सदस्यता के लिए, जहां विकास स्तर और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में व्यापक असमानताएँ मौजूद हैं, जटिल मुद्दों पर सर्वसम्मति प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। बहुपक्षीय समझौते आगे बढ़ने का एक तरीका प्रदान करते हैं, जिससे इच्छुक प्रतिभागी नए नियम स्थापित कर सकते हैं, इसमें उन देशों को रुकावट नहीं माना जाता, जो प्रतिबद्ध होने के लिए अभी तैयार नहीं हैं, ऐसी ही प्रणाली डब्लूटीओ से पहले गैट, 1947 (टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता) के तहत अस्तित्व में थी।
इस मुद्दे पर भारत का रुख एक सावधानीपूर्वक तैयार संतुलनकारी कार्य को दशार्ता है। नियम-निर्माण को आगे बढ़ाने में बहुपक्षीय समझौतों की क्षमता को स्वीकार करते हुए भारत ने लगातार मजबूत सुरक्षा उपायों की मांग की है, ताकि ऐसे समझौतों द्वारा बहुपक्षीय प्रणाली को कमजोर न होना सुनिश्चित हो सके। बहुपक्षीय समझौतों को प्रमुख डब्लूटीओ सिद्धांतों को दरकिनार नहीं करना चाहिए, मौजूदा कायार्देश को कमजोर नहीं करना चाहिए या गैर-प्रतिभागी सदस्यों के लिए नुकसानदेह नहीं होना चाहिए। उन्हें बहुपक्षीय रूपरेखा की जगह लेने के बजाय एक पूरक भूमिका निभानी चाहिए। भारत एक तदर्थ, समझौता-दर-समझौता मॉडल के बजाय बहुपक्षीय समझौतों को डब्लूटीओ संरचना में समेकित करने के लिए एक व्यापक और व्यवस्थित दृष्टिकोण का समर्थन करता है। सुधार बहस का एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा, संगठन के पिछले कायार्देशों को पूरा करने में विफलता से संबंधित है। यह कई विकासशील देशों के लिए असंतोष का एक प्रमुख कारण रहा है। ये अधूरी प्रतिबद्धताएं–जिनमें कृषि, विकास और विशेष व्यवहार प्रावधानों जैसे क्षेत्र शामिल हैं –केवल नियम बनाने की कमियों को ही नहीं दर्शाती, बल्कि वैश्विक व्यापार प्रणाली में लंबे समय से मौजूद असमानताओं को दूर करने के अवसरों की चूक को भी उजागर करती हैं। विशेष रूप से कृषि, इन असंतुलनों की गंभीरता को दशार्ती है। विकसित देशों ने अपने कृषि क्षेत्रों को सब्सिडी देने में महत्वपूर्ण लचीलापन बनाए रखा है, जिससे उनके किसान वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहते हैं। वहीं, विकासशील देशों को अपने किसानों को दिए जाने वाले समर्थन के प्रकारों और स्तरों में प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है। यह विषमता संरचनात्मक असुविधाओं को बनाए रखती है, वैश्विक दक्षिण में लाखों लोगों की आजीविका को कमजोर करती है और वैश्विक व्यापार प्रवाह को विकृत करती है।
कृषि से परे, ऐसी न्यायसंगत रूपरेखाओं की मांग बढ़ रही है, जो प्रौद्योगिकी स्थानांतरण और क्षमता निर्माण को नियंत्रित करती हैं। तेज तकनीकी प्रगति के युग में ज्ञान, नवाचार और ज्ञान-कौशल तक पहुँच आर्थिक विकास का एक प्रमुख निर्धारक बन गया है। फिर भी, मौजूदा नियम अक्सर मौजूदा पदानुक्रम को मजबूत करते हैं, जिससे विकासशील देशों की मूल्य श्रृंखला में ऊपरी पायदान पर चढ़ने की क्षमता सीमित हो जाती है। अधिक समावेशी और संतुलित व्यापार प्रणाली बनाने के लिए इन असमताओं को दूर करना आवश्यक है।
विशेष और विभेदपूर्ण व्यवहार (एस एंड डीटी) पर बहस डब्लूटीओ सुधार की जटिलताओं को और अधिक उजागर करती है। एस एंड डीटी मूल रूप से सबसे कम विकसित और विकासशील देशों को गैर-पारस्परिक बाजार पहुँच और व्यापार प्रतिबद्धताओं को लागू करने में अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था, जो अब एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। कुछ विकसित देशों का तर्क है कि स्व-निर्धारण की मौजूदा प्रणाली अपेक्षाकृत उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को उन प्रावधानों से लगातार लाभ उठाने की अनुमति देती है, जो कम विकसित राष्ट्रों के लिए बनाए गए थे। भारत इन चिंताओं को स्वीकार करता है, लेकिन सकल आर्थिक आकार जैसे मनमाने पैमानों पर आधारित सरल समाधानों के प्रति आगाह भी करता है। इसके बजाय, ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होना चाहिए कि एस एंड डीटी वास्तविक विकासात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए एक प्रभावी उपकरण बना रहे। इसके लिए एक अधिक सूक्ष्म दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है–ऐसा दृष्टिकोण, जो विकासशील दुनिया में मौजूद आर्थिक स्थितियों की विविधता को मान्यता देता हो और उसी के अनुसार लचीलापन तैयार करता हो। यह मुद्दा और भी जटिल हो जाता है, क्योंकि कई विकसित देशों ने कृषि सब्सिडी अधिकारों के संदर्भ में, जिसे कभी-कभी विपरीत एस एंड डीटी कहा जाता है, का फायदा उठाना जारी रखा है। अंततः, बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का भविष्य इसके सदस्यों की प्रतिस्पर्धी हितों को सुलझाने और साझा संस्थानों में विश्वास पुनः स्थापित करने की क्षमता पर निर्भर करता है। चुनौतियाँ कठिन हैं, लेकिन हित इतने महत्वपूर्ण हैं कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। **(व्यक्त किए गए विचार निजी हैं।)**

(लेखक वाणिज्य विभाग के सचिव हैं।)

प्रधानमंत्री मोदी की नीदरलैंड यात्रा से क्या पाया!



डॉ मयंक चतुर्वेदी

> भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और नीदरलैंड के सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान के बीच स्वास्थ्य सहयोग पर समझौता महामारी निगरानी, जैव सुरक्षा और चिकित्सा अनुसंधान को नई दिशा देनेवाला है। कोविड महामारी के बाद वैसे भी सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोग का महत्व बढ़ गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा आज भारत की दीर्घकालिक आर्थिक, तकनीकी और सामरिक रणनीतियों को गति देने वाली यात्रा साबित हुई है। दोनों देशों के बीच 17 महत्वपूर्ण समझौतों और आशय पत्रों पर हस्ताक्षर हुए, जिनका दायरा सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, कृषि, उच्च शिक्षा, सांस्कृतिक विरासत और रणनीतिक साझेदारी तक फैला हुआ है। वस्तुतः इन समझौतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे भारत की उन जरूरतों को संबोधित करते हैं जो अगले दो दशकों में उसकी आर्थिक शक्ति और वैश्विक भूमिका तय करेंगी, इसलिए ही आज यूरोप के तकनीकी रूप से उन्नत और जल प्रबंधन में विश्व अग्रणी देशों में शामिल नीदरलैंड के साथ यह सहयोग भारत के लिए कई स्तरों पर लाभकारी माना जा रहा है। भारत और नीदरलैंड ने भारत–नीदरलैंड रणनीतिक साझेदारी रोडमैप 2026–2030 में जल सुरक्षा, सेमीकंडक्टर विनिर्माण, हरित ऊर्जा, क्रिटिकल मिनरल्स और शिक्षा–शोध सहयोग को प्राथमिकता दी गई है, जिसका कि सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि निजी कंपनियों और निवेशकों को स्पष्ट नीति दिशा और दीर्घकालिक भरोसा मिलेगा।यह रोडमैप यूरोप और एशिया के बीच सप्लाई–चेन पुनर्गठन की उस वैश्विक प्रक्रिया का हिस्सा भी है, जिसमें चीन पर अत्यधिक निर्भरता कम करने की कोशिश की जा रही है। यात्रा का सबसे चर्चित समझौता टाटा इलेक्ट्रोनिक्स और एएसएमएल के बीच हुआ जोकि गुजरात के धोलेरा में स्थापित होने वाली सेमीकंडक्टर फैब परियोजना से जुड़ा है। दुनिया की सबसे उन्नत चिप निर्माण मशीनें बनाने वाली एएसएमएल का सहयोग भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्तमान समय में चिप उद्योग वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। मोबाइल फोन, रक्षा उपकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑटोमोबाइल और सुपरकंप्यूटर–सभी की निर्भरता सेमीकंडक्टर पर है।भारत लंबे समय से चिप निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश कर रहा था। निश्चित ही यह समझौता उस दिशा में वास्तविक प्रगति का संकेत है। भारत के खान मंत्रालय और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के बीच क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौता हुआ है, वह भी ऐसे समय में जब दुनिया लिथियम, कोबाल्ट और रेयर अर्थ मिनरल्स की वैश्विक प्रतिस्पर्धा से गुजर रही है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरियाँ, सौर ऊर्जा और रक्षा तकनीक इन खनिजों पर आधारित हैं। वर्तमान में इन संसाधनों पर चीन का बड़ा नियंत्रण है। ऐसे में यह समझौता भारत को वैकल्पिक आपूर्ति–श्रृंखला विकसित करने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में मदद कर सकता है। जल प्रबंधन के क्षेत्र में नीदरलैंड की विशेषज्ञता पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। समुद्र तल से नीचे बसे होने के बावजूद नीदरलैंड ने तकनीक और इंजीनियरिंग के दम पर जल संकट और बाढ़ नियंत्रण में अद्भुत सफलता प्राप्त की है। इसी अनुभव का लाभ लेने के लिए भारत के जल शक्ति मंत्रालय और डच इंफ्रास्ट्रक्चर एंड वॉटर मैनेजमेंट मंत्रालय के बीच गुजरात की कल्पसर परियोजना पर तकनीकी सहयोग का समझौता हुआ। यदि यह परियोजना सफल होती है, तो इससे तटीय क्षेत्रों में जल संरक्षण, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण की नई संभावनाएँ खुल सकती हैं। भारत जैसे जल संकट झेल रहे देश के लिए यह सहयोग दीर्घकालिक रूप से अत्यंत उपयोगी है। भारत और नीदरलैंड ने हरित हाइड्रोजन सहयोग पर रोडमैप तैयार किया है। साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में संयुक्त कार्य समूह बनाने पर भी सहमति बनी। भारत ने वर्ष 2070 तक नेट–जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश की आवश्यकता होगी, जिसमें कि नीदरलैंड की तकनीकी क्षमता और भारत के विशाल ऊर्जा बाजार का संयोजन दोनों देशों के लिए लाभकारी हो सकता है। यात्रा के दौरान पश्चिम त्रिपुरा में फ्लोरीकल्चर के लिए इंडो–डच उत्कृष्टता केंद्र और बेंगलुरु में डेयरी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। नीदरलैंड कृषि तकनीक, डेयरी प्रबंधन और हाइड्रोपोनिक्स में विश्व स्तर पर अग्रणी माना जाता है। भारत में छोटे किसानों और पशुपालकों को आधुनिक तकनीक, बेहतर बीज, वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन और निर्यात आधारित खेती का लाभ मिल सकता है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और नीदरलैंड के सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान के बीच स्वास्थ्य सहयोग पर समझौता महामारी निगरानी, जैव सुरक्षा और चिकित्सा अनुसंधान को नई दिशा देनेवाला है ।कोविड महामारी के बाद वैसे भी सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोग का महत्व बढ़ गया है। संयुक्त शोध परियोजनाएँ भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को तकनीकी और वैज्ञानिक रूप से अधिक सक्षम बना सकती हैं। इस बीच इस यात्रा का चोल राजवंश के ताम्रपत्रों की वापसी इस यात्रा का भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष रही। भारत पिछले कई वर्षों से विदेशों में मौजूद अपनी ऐतिहासिक धरोहरों को वापस लाने के प्रयास कर रहा है। इन ताम्रपत्रों की वापसी पुरातात्विक उपलब्धि के साथ भारत की सांस्कृतिक पहचान और सभ्यतागत विरासत के सम्मान का प्रतीक भी है। सीमा शुल्क मामलों में पारस्परिक प्रशासनिक सहायता समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज होगी। स्वभाविक तौर पर इससे निर्यातकों को कागजी प्रक्रियाओं में राहत मिलने और लॉजिस्टिक्स लागत घटने की संभावना है। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यह विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है।
कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई दिखाई देती है। यह साझेदारी भारत को सेमीकंडक्टर निर्माण, हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, कृषि आधुनिकीकरण और शिक्षा–शोध के क्षेत्रों में नई गति देनेवाली है। साथ ही, यह यूरोप के साथ भारत के बढ़ते रणनीतिक संबंधों का भी संकेत है।

तमिलनाडु की राजनीति और सनातन का विरोध

हृदयनारायण दीक्षित

> सूर्य भी नियमों में बंधे हुए हैं। एक सुसंगत ब्रह्मांडीय व्यवस्था के अधीन उदय और अस्त होते हैं। बृहदारण्यक उपनिषद में कहते हैं, जिससे सूर्य उदय अस्त होता है, उस धर्म को देवताओं ने बनाया है। प्रकृति की शक्तियां नियम बंधन के अनुशासन में हैं। मनुष्यों को भी तदनुसार धर्म-नियमों का पालन करना चाहिए।

तमिलनाडु की राजनीति में सनातन धर्म को समाप्त करने की मांग की गई है। उदयनिधि स्टालिन ने पिछले सप्ताह सदन में कहा है कि सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए। डीएमके के अन्य नेताओं ने भी सनातन परंपरा की निन्दा की है। जान पड़ता है कि तमिलनाडु की राजनीति में सनातन के विरुद्ध मानहानिकारक शब्द प्रयोग की बाढ़ आ गई। यह आश्चर्यजनक है कि ऐसे राजनेता सनातन का वास्तविक रूप नहीं जानते। ऐसे नेताओं को भारतीय दर्शन के मूल तत्वों का अध्ययन करना चाहिए और इसके लिए तमिलनाडु के ही निवासी डॉ. राधाकृष्णन के ग्रन्थ पढ़ने चाहिए।
सनातन धर्म किसी राजनीतिक दल के प्रस्ताव से अस्तित्व में नहीं आया है। यह सदा से है। विश्व इतिहास का कोई कालखण्ड सनातन विहीन नहीं रहा। यह रिलीजन नहीं है। मजहब भी नहीं है और पंथ भी नहीं है। सनातन अजर-अमर धारणा है। सनातन का कभी जन्म नहीं होता। इसका कभी अवसान नहीं होता। सृष्टि की पहली किरण के साथ सत्य का जन्म हुआ। तब न रात्रि थी न दिन था। न आकाश था। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त के अनुसार तब केवल वह था। आखिरकार वह क्या था? ऋषि बताते हैं कि वह बिना वायु के स्वयं अपनी क्षमता के बल पर सांस ले रहा था। वह और कुछ नहीं सनातन ही था। प्रकृति प्रकट होती है। फिर व्यक्त से अव्यक्त होती है। सनातन तब भी रहता है। सनातन सदा से है। सदा रहता है। इसका न आदि है न अंत। सनातन का मूल अर्थ है जो सदा से है सदा रहता है।

दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं। अनेक विचार हैं। अनेक सामाजिक व्यवस्थाएं हैं लेकिन सनातन जैसा अनुभव विश्व इतिहास में कहीं नहीं मिलता। ऋग्वेद में सनातन व्यवस्था का नाम ऋत है। ऋत ब्रह्माण्ड की व्यवस्था का संविधान है। अस्तित्व का अणु परमाणु सुसंगत व्यवस्था में गतिशील है। सनातन से पृथक कुछ भी नहीं। अग्नि का गुण ताप है। वायु का गुण स्पर्श है। जल का गुण रस है। प्रकृति के सभी महाभूतों की गतिविधि ब्रह्माण्ड की व्यवस्था में बंधी हुई है। डॉ. राधाकृष्णन ने लिखा है, ईश्वर भी इस व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

प्रकृति प्रत्यक्ष सत्य है। उसकी शक्तियाँ भी प्रत्यक्ष सत्य हैं और नियम भी प्रत्यक्ष सत्य हैं। यही सत्य मानव समाज में भी दिखाई पड़ता है। तब प्रकृति की नियमबद्ध गतिविधि और मनुष्य का सदाचरण एक साथ विचारणीय हो जाते हैं। नियमों का पालन करना कर्तव्य है। यही धर्म भी है। ऋग्वेद (2.8.3) में कहते हैं, अग्नि के नियमों का कोई उल्लंघन नहीं कर सकता। नदियाँ ऊपर से नीचे समुद्र की ओर बहती हैं। यह प्रकृति का नियम है और जल का धर्म। नदियाँ ऋतावरी कही गई हैं। ऋत अर्थात प्रकृति के संविधान की पालनकर्ता। सूर्य के लिए कहते हैं, उसके नियम को इन्द्र, वरुण, रूद्र आदि देवता नहीं तोड़ सकते। (2.38.9) ऋषि वायु से कहते हैं, नियमों के अनुसार चलने वाले मरुद्गण और सरस्वती हमारी स्तुतियाँ सुनें। सभी दिव्य शक्तियाँ प्रकृति के नियमों का पालन करती हैं। नियम तोड़ने का अधिकार किसी को नहीं है।
प्रकृति नियम आबद्ध है। यह अस्तित्व का नियम है। इसे ऋत कहते हैं। ऋत और धर्म पर्यायवाची हैं। वैदिककाल में मान्यता थी कि नियम पालन कराना वरुण देवता का कर्तव्य है। ऋग्वेद के अनुसार यह काम भी वह धमार्नुसार ही करते हैं। सूर्य भी धमार्नुसार संसार को प्रकाश से भरते हैं। सूर्योदय, सूर्यास्त, दिन के बाद रात, रात के बाद दिन सब नियमानुसार हैं। सारे नियम सत्य हैं। सनातन हैं। ऋत, सत्य और धर्म एक जैसे हैं। भारतीय परम्परा में विष्णु बड़े देवता हैं। मान्यता है कि वे अवतार लेते हैं लेकिन विष्णु के लिए भी धर्म पालन अनिवार्य है। ऋग्वेद के अनुसार उन्होंने तीन पग चलकर ब्रह्माण्ड नाप दिया था। यह कार्य आश्चर्यजनक था। ऋग्वेद के अनुसार उन्होंने यह कार्य धमार्नुसार पूरा किया। ग्रिफ्थ ने धर्म का अनुवाद लॉज (विधि) किया है।
सूर्य भी नियमों में बंधे हुए हैं। एक सुसंगत ब्रह्मांडीय व्यवस्था के अधीन उदय और अस्त होते हैं। बृहदारण्यक उपनिषद में कहते हैं, जिससे सूर्य उदय अस्त होता है, उस धर्म को देवताओं ने बनाया है। प्रकृति की शक्तियां नियम बंधन के अनुशासन में हैं। मनुष्यों को भी तदनुसार धर्म-नियमों का पालन करना चाहिए। सनातन धर्म का विकास प्राकृतिक नियमों के विस्तार से हुआ। सनातन धर्म रिलीजन या मजहब नहीं है। रिलीजन और मजहब में एक ईश्वर और एक देवदूत की आस्था है। प्रत्येक मजहब या रिलीजन का एक पवित्र ग्रंथ है। उनके सत्य अंतिम हैं। उन पर कोई तर्क और जिज्ञासा नहीं हो सकती लेकिन सनातन धर्म परम्परा में ईश्वर भी प्रश्न और जिज्ञासा के दायरे में आते हैं। धर्म-नियम धारण करना सभी तत्वों का धर्म है। बृहदारण्यक उपनिषद में कहते हैं, धर्म सभी भूतों का मधु-सार है और सभी भूत धर्म का मधु-सार हैं। यह सनातन है।

तमिलनाडु के निवासी कम्बन ने रामकथा लिखी और सनातन धर्म को प्रतिष्ठा दी। इसी राज्य के निवासी राजगोपालाचारी ने भारतीय संस्कृति के लिए अविस्मरणीय काम किया। उन्होंने सभी वर्णों के मंदिर प्रवेश की मुहिम चलाई। तमिलनाडु के ही विश्वविख्यात दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन को विश्वव्यापी बनाया। उन्होंने रूस यात्रा में स्टालिन को समझाया कि रक्तपात बुरा है। इसी भेंट में स्टालिन ने उनसे पूछा कि भारत की लोकप्रिय भाषा कौन-सी है? राधाकृष्णन ने हिन्दी बताया। भारत के राष्ट्रपति रहे परमाणु वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम भी तमिलनाडु के थे। उन्होंने भारत की प्रतिष्ठा सारी दुनिया में पहुँचाई। अद्वैत दर्शन में भक्ति भाव भरने वाले रामानुजाचार्य भी यहीं के थे। आश्चर्य है कि स्टालिन और उनके सहयोगियों के वक्तव्यों ने ऐसे तमाम महानुभावों की सांस्कृतिक परम्परा और योगदान को भी आहत किया है।
सनातन धर्म में आज्ञासूचक संहिता नहीं है। 6 प्राचीन दर्शन व लोकायत जैसे नास्तिक दर्शन भी सनातन धर्म का हिस्सा हैं। यहाँ सुसंगत दार्शनिक दृष्टिकोण है। सनातन धर्म किसी देवदूत की उद्घोषणा नहीं है। स्टालिन के अपने निहित स्वार्थ हो सकते हैं। बेशक उनके स्वार्थ हैं। वे सनातन धर्म का खात्मा चाहते हैं लेकिन वे स्वयं जानते हैं कि सनातन की समाप्ति असंभव काम है। जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। सनातन धर्म अजन्मा है। इसका न कोई आदि है न कोई अंत।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

नगर कांग्रेस को मिला नया नेतृत्व, सुरेंद्र उरांव बने नगर अध्यक्ष



नवप्रदेश/लातेहार। कांग्रेस पार्टी ने सुरेंद्र उरांव को लातेहार नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद यादव ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि लातेहार जिला और नगर में कांग्रेस काफी मजबूत है तथा सुरेंद्र उरांव के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि श्री उरांव कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का सफल संचालन करेंगे। वहीं नवनियुक्त नगर अध्यक्ष सुरेंद्र उरांव ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे और नगर में संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। मौके पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनीता देवी, हसमत अंसारी, अख्तर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मोती उरांव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

भैंसादोन ग्राम सभा का ऐलान : बिना सूचना कंपनी गतिविधियों का होगा विरोध

21 मई की बैठक में बड़ी भागीदारी का निर्णय, ग्रामीणों में आक्रोश

नवप्रदेश/बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत भैंसादोन गांव स्थित दुर्गा मंडप परिसर में रविवार को ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनटीपीसी एवं एनएलसी से जुड़ी कंपनी गतिविधियों, सर्वे कार्यों और प्रस्तावित जनसुनवाई को लेकर ग्रामीणों ने गहरा आक्रोश जताया। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनियों द्वारा गांव में किए जा रहे सर्वे एवं अन्य गतिविधियों में पारदर्शिता का अभाव है। ग्रामीणों का कहना था कि न तो ग्राम सभा और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को समय पर जानकारी दी जाती है कि कब सर्वे हो रहा है, कितनी जमीन का मापन किया गया है अथवा कब बैठक और जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। बिना पूर्व सूचना के लगातार गतिविधियां संचालित किए जाने से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में किसी भी प्रकार की कंपनी गतिविधि, सर्वे, जनसुनवाई अथवा कंपनी प्रतिनिधियों के प्रवेश से पूर्व ग्राम सभा एवं ग्रामीणों को विधिवत सूचना देना अनिवार्य होगा बिना अनुमति और बिना सूचना किसी भी गतिविधि का ग्रामीण एकजुट होकर विरोध करेंगे। बैठक में आगामी 1 जून को प्रस्तावित जनसुनवाई का विरोध करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही 21 मई को गेरेंजा में आयोजित होने वाली बैठक में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया, ताकि कंपनी गतिविधियों के खिलाफ संगठित होकर आवाज उठाई जा सके। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि ग्राम सभा सर्वोच्च है और स्थानीय लोगों को विश्वास में लिए बिना किसी भी प्रकार की प्रक्रिया आगे बढ़ाना उचित नहीं है।उन्होंने कहा कि कंपनियों को ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्राम प्रधान को समय पर पूरी जानकारी देनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर ग्रामीणों का विरोध स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के अधिकार, जमीन और सम्मान की रक्षा के लिए वह हमेशा उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेंगी।बैठक में संजय यादव, उदय यादव, रामवृक्ष यादव, सौरव यादव, नंदकुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य बीरबल जी, भारत यादव, भोला यादव, अंबिका यादव, फुलदेव यादव, बिहारी यादव, विश्वनाथ मुंडा, ग्राम प्रधान धाधू, दशरथ यादव, सूरत यादव, निर्मल यादव, बालेश्वर यादव, बसंती उरांव, बालकिशन यादव, गोवर्धन यादव, वीरेंद्र यादव, काबिलाश यादव, विनोद यादव, जितेंद्र यादव, विनोद प्रजापति, देवनाथ उरांव, रामलाल उरांव, बिट्टू सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

एक नजर

विधायक प्रतिनिधि बने राजेश प्रजापति, प्रकाश राम ने जारी किया मनोनयन पत्र



नवप्रदेश/लातेहार । लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं झारखंड विधानसभा के सचेतक प्रकाश राम ने बालूमाथ प्रखंड के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस संबंध में विधायक द्वारा उपायुक्त, लातेहार को पत्र भेजकर जानकारी दी गई है। जारी पत्र के अनुसार बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सेरेंगदा निवासी स्वर्गीय हरि प्रजापति के पुत्र राजेश प्रजापति को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उन्हें विभागीय बैठकों में विधायक की अनुपस्थिति में भाग लेने तथा विभाग से संबंधित सूचना एवं सुझाव देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधायक प्रकाश राम ने उम्मीद जताई कि नवमनोनीत प्रतिनिधि जनहित से जुड़े कार्यों को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएंगे। इस नियुक्ति की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बालूमाथ को भी दे दी गई है।

मतनाग गांव में आकाशीय बिजली गिरने से पशुपालक को भारी नुकसान



नवप्रदेश/बरवाडीह(लातेहार)। बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत केड़ पंचायत के मतनाग गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। घटना में पशुपालक राजेन्द्र यादव को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि भैंस ही राजेन्द्र यादव के परिवार की आजीविका का मुख्य साधन थी। भैंस की अचानक मौत से परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद राजेन्द्र यादव काफी चिंतित और शोकाकुल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके।

बरवाडीह रेलवे स्टेशन में हंगामा: तत्काल टिकट में धांधली का आरोप, यात्रियों का फूटा गुस्सा

नवप्रदेश/बरवाडीह (लातेहार)। बरवाडीह रेलवे स्टेशन में रविवार को तत्काल टिकट बनाने को लेकर यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। टिकट काउंटर पर घंटों लाइन में खड़े यात्रियों ने आरोप लगाया कि नियमों को ताक पर रखकर अंदर से चुनिंदा लोगों का टिकट बनाया जा रहा है, जबकि आम यात्रियों को टिकट नहीं मिल पा रहा है। आक्रोशित यात्रियों का कहना था कि सुबह से लाइन में लगे रहने के बावजूद जब उनकी बारी आती है तो टिकट खत्म होने की बात कह दी जाती है। वहीं कुछ लोगों का टिकट अंदर ही अंदर आसानी से बना दिया जाता है। रविवार को हंगामे की स्थिति इतनी बढ़ गई कि एसी कोच का एक भी तत्काल टिकट नहीं बन सका। यात्रियों ने सीएम अभिषेक सिंह समेत दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तत्काल टिकट व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। यात्रियों का आरोप है कि गरीब और जरूरतमंद यात्रियों के हक का टिकट दलालों और पहचान वालों को दिया जा रहा है। मामले की सूचना मिलने के बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन मौके पर पहुंचे और नाराज यात्रियों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक बातचीत और आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। यात्रियों ने चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। साथ ही रेलवे के वरीय अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

बजरंग दल के संयोजक बने अंकित गुप्ता, विहिप बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

नवप्रदेश/बरवाडीह। बरवाडीह बाजार स्थित पंचमुखी मंदिर प्रांगण में रविवार को विश्व हिंदू परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री संजय तिवारी उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता कतरू प्रजापति ने की। बैठक के दौरान संगठन विस्तार एवं सनातन समाज को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।सर्वसम्मति से अंकित गुप्ता को बजरंग दल का संयोजक मनोनीत किया गया। इस घोषणा के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।जिला मंत्री संजय तिवारी ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रखंड स्तर के साथ-साथ पंचायत एवं गांव स्तर पर भी सनातनियों की बैठक आयोजित कर समितियों का गठन किया जाएगा। वहीं पूर्णकालिक कार्यकर्ता कतरू प्रजापति ने बजरंग दल के दायित्व, उद्देश्य और सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी रविवार को पुनः बैठक आयोजित कर बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी समिति का विस्तार किया जाएगा।बैठक में मातृशक्ति संयोजिका रश्मि शर्मा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका अर्चना कुमारी, विनय चंदेल, रिंकी देवी, माया कुमारी, प्रकाश सिंह, आकाश कुमार कसेरा, शंकर कुमार तथा अभय कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पोखरी कलां से हज यात्रा पर रवाना हुए मासूक अंसारी दंपती, गांव में खुशी का माहौल

नवप्रदेश/बरवाडीह (लातेहार)। बरवाडीह प्रखंड के मुस्लिम बहुल गांव पोखरी कलां में शनिवार को धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब गांव के निवासी मासूक अंसारी अपनी पत्नी समरून निशा के साथ पवित्र हज यात्रा के लिए रवाना हुए। गांववासियों ने फूल-माला पहनाकर और दुआओं के साथ दंपती को सम्मानपूर्वक विदाई दी।हज यात्रा पर रवाना होने की खबर मिलते ही पोखरी कलां बाजार और आसपास के इलाकों में लोगों की भीड़ जुटने लगी। ग्रामीणों ने दंपती का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी सुखद, सुरक्षित एवं सफल यात्रा की कामना की। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सह समाजसेवी अब्दुल मनान अंसारी के नेतृत्व में एक विशेष विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने हज यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी यात्रा की कामयाबी और सलामती के लिए दुआ की। माहौल पूरी तरह धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत नजर आया। परिजनों की आंखें नम थीं, वहीं ग्रामीणों के चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। ग्रामीणों ने कहा कि गांव से किसी दंपती का हज यात्रा पर जाना पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है। उन्होंने बताया कि हज इस्लाम का सबसे पवित्र सफर माना जाता है और हर मुस्लिम की तमन्ना होती है कि उसे जीवन में एक बार यह मुकद्दस यात्रा नसीब हो।रवाना होने से पहले मासूक अंसारी दंपती ने सभी से दुआ की अपील की और कहा कि वे देश, राज्य और गांव की खुशहाली के लिए भी मक्का-मदीना में विशेष दुआ करेंगे। गांववासियों ने उनकी सलामती और हज यात्रा की सफलता के लिए सामूहिक रूप से दुआएं मांगी।

मुस्लिम पशुपालक की मॉब लिंचिंग कर जान लेने की नियत से हमला

पुलिस की तत्परता से बची दोनों मुस्लिम पशुपालक की जान

नवप्रदेश/लातेहार। जिले की चंदवा प्रखंड के टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर 16 मई 2026 शनिवार समय करीब संध्या 7 - 8 ढट में पुलिस की तत्परता से दो मुस्लिम पशुपालक की जान बची, दर्जन भर से अधिक युवकों ने मुस्लिम पशुपालक पर पशु तस्करी का आरोप लगाकर जानलेवा हमला कर दिया गया और बेरहमी से मारपीट की, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और हमलावरों के चंगुल से दोनों पशुपालक को छुड़ाकर थाना ले गए, तिलैयाटांड़ (चंदवा) निवासी पशुपालक नाजिस अकरम ने थाना मे आवेदन देकर हमलावरों पर कार्रवाई करने की अनुरोध थाना प्रभारी से किया है। नाजिस अकरम ने थाना मे दिए आवेदन में कहा है कि दिनांक 16/5/2026 दिन शनिवार शाम करीब 4 बजे लगभग मै अपने टेम्पो से एरूद सेरक से गाय पालने के लिए ला रहे थे मेरे साथ मेरा भाई मो0 राशीद भी था। यह कि हरैया बालाजी होटल के पास अजजु जयसवाल, प्रदीप सिंह, , रंजन साव, विनोद यादव, जितेन्द्र साव और 15 - 20 अज्ञात लोगों के द्वारा मेरे और मेरे भाई के साथ बुरी तरह से मारपीट किया गया। इस दौरान मेरे पोकेट से करीब 32 हजार रुपया चुरा लिया गया। अगर समय पर पुलिस नहीं आती तो ये लोग हमलोग को जान से मार देते। चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रिम्स (रांची) के लिए रेफर किया गया है। पशुपालकों ने आरोपियों पर कार्रवाई करते न्याय दिलाने की आग्रह किया गया है।

अफवाहों पर ध्यान न दें, पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : प्रेम प्रसाद गुप्ता

नवप्रदेश/बालूमाथ। लातेहार जिले में डीजल एवं पेट्रोल की संभावित कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच बालूमाथ स्थित नेताजी पेट्रोल पंप के संचालक प्रेम प्रसाद गुप्ता ने आम जनता से संयम बनाए रखने और अनावश्यक घबराहट से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नेताजी पेट्रोल पंप में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा आम उपभोक्ताओं को नियमित रूप से ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है।किसी भी प्रकार की अफवाह या डर के कारण अतिरिक्त मात्रा में ईंधन खरीदने की आवश्यकता नहीं है। प्रेम प्रसाद गुप्ता ने बताया कि उपायुक्त लातेहार के निर्देश के आलोक में सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। इसके तहत बिना हेलमेट पहनकर आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है।

'नो हेलमेट, नो फ्यूल': डीटीओ उमेश मंडल का सख्त अभियान, 16 वाहनों का कटा चालान,

नवप्रदेश/लातेहार। जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल इन दिनों फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। एक ओर उनके द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान की शुरूआत की गई है, वहीं दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। ग्राम गाड़ी योजना के तहत जिले में संचालित बस संचालकों को सरकार की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही विभिन्न प्रखंडों में स्वयं सड़क पर उतरकर यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर ऑन द स्पॉट कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार रात बारियातु थाना क्षेत्र में रात 8 बजे से 11:30 बजे तक विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, फिटनेस, सीट बेल्ट, परमिट एवं ओवरलोडिंग की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया। अभियान के दौरान वाहनों में एक्स्ट्रा लाइट इंस्टॉलेशन के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि केवल कंपनी फिटेड लाइट का ही प्रयोग करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। DTO उमेश मंडल ने बताया कि बालूमाथ और बारियातु थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए यह अभियान विशेष रूप से बिना ड्राइविंग लाइसेंस और ओवरलोड वाहनों की जांच के लिए चलाया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जांच के दौरान कुल 98 वाहनों की जांच की गई, जिनमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 16 वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया। इस कार्रवाई से सरकार को 1 लाख 9 हजार 500 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ गिविंग दिवस पर लातेहार में प्रदर्शनी वॉलीबॉल मैच का आयोजन

नवप्रदेश/लातेहार। अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ गिविंग दिवस के अवसर पर लातेहार जिला स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल मैदान में लातेहार आर्ट ऑफ गिविंग इकाई के तत्वावधान में पुरुष प्रदर्शनी वॉलीबॉल मैच का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लातेहार जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी ने किया। इस दौरान पंकज तिवारी ने कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग के प्रणेता एवं डक्कक और ड्क्कर यूनिवर्सिटी के संस्थापक अच्युत सामंत की सोच है कि हृदेने की कलाहृ विश्व के हर व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि देना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि खुशियां, सम्मान और सहयोग बांटना भी इस भावना का हिस्सा है। रोमांचक प्रदर्शनी मैच की समाप्ति के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। जिले का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी अनुष्का कुमारी, रश्मि कुमारी, रुचि कुमारी, प्रियंशी सोनी और सुहानी प्रवीण को ट्रॉफी, वॉलीबॉल और वॉलीबॉल किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ गिविंग लातेहार इकाई के सचिव प्रवीण कुमार मिश्रा, सक्रिय सदस्य नीरज कुमार, खुशबू देवी, कमलेश उरांव सहित जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी, वरिष्ठ खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

रामसेली गांव में छप्पर से निकला जहरीला कोबरा

स्नेक रेस्क्यू टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद पकड़ा

- बारेसांड़ के रामसेली गांव में सुरेश ठाकुर के घर मचा हड़कंप
- 10 किलोमीटर दूर जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया

नवप्रदेश/बारेसांड़। शनिवार की रात बारेसांड़ से करीब 5 किलोमीटर दूर रामसेली गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सुरेश ठाकुर के घर के छप्पर पर उनकी पत्नी ने एक जहरीले सांप को जोर-जोर से फुफकारते हुए देखा। सांप को देखते ही घर के सभी लोग भयभीत होकर तुरंत बाहर निकल आए। घटना की सूचना ग्रामीणों ने स्नेक रेस्क्यूअर परमजीत तिवारी को दी। सूचना मिलते ही परमजीत तिवारी अपनी रेस्क्यू टीम के साथ मात्र 15 मिनट में मौके पर पहुंच गए। जांच के दौरान पता चला कि वह अत्यंत विषैला स्पेक्टेकल्ड कोबरा (नाग सांप) था। सांप छप्पर के अंदर छिपा हुआ था, जिससे रेस्क्यू अभियान काफी चुनौतीपूर्ण बन गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सावधानी के बाद टीम के सदस्य अमन, शेरा, आकाश आनंद, वर्दान और पवन के सहयोग से कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। रेस्क्यू के बाद सांप को गांव से लगभग 10 किलोमीटर दूर घने जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। घर में रहने वाले करीब 10 लोगों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि अब वे लोग चैन से सो पाएंगे।इस दौरान परमजीत तिवारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अब ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है और लोग सांपों को मारने के बजाय रेस्क्यू टीम को बुला रहे हैं। उन्होंने इसे वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

युवा आजसू का पलामू प्रमंडल सम्मेलन सह सामाजिक मंथन कार्यक्रम संपन्न

नवप्रदेश/लातेहार। जिले के चंदवा स्थित लादू बाबु बैंक्वेट हॉल में युवा आजसू पार्टी द्वारा पलामू प्रमंडल स्तरीय युवा सम्मेलन सह सामाजिक मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों से सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अमित पाण्डे (जिलाध्यक्ष, लातेहार) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुदेश कुमार महतो जी एवं विशिष्ट के रूप में आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो अपने संबोधन में हुंकार भरते हुए कहा कि झारखंड के युवाओं के साथ नियोजन नीति के नाम पर छलावा हुआ है। थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियों पर पहला हक झारखंड के मूलवासी और आदिवासी युवाओं का है परंतु आज सभी विभागों के पदों को बाहरी लोगों को बेचा जा रहा है। दावों और हकीकत के बीच एक बड़ा फासला है। राज्य की वर्तमान स्थिति भी बुनियादी सवालों के घेरे में है। हमनें लड़कर झारखंड लेने का काम किया अब हमारा फर्ज भी बनता है कि इस सोना झारखण्ड को संवारने का कार्य करें। विशिष्ट अतिथि डॉ. देवशरण भगत जी ने कहा पलामू प्रमंडल खनिज संपदा से भरा है, लेकिन यहां का युवा रोजगार के लिए महानगरों में पलायन को मजबूर है। DMFT फंड का सही इस्तेमाल कर हर जिले में स्किल डेवलपमेंट सेंटर और रोजगार सृजन करना होगा। आजसू मांग करती है कि निजी कंपनियों में 75% नौकरी स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षित हो। सम्मेलन में शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा उन्मूलन और जल-जंगल-जमीन के मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रमंडल में शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति चिंताजनक है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

मूलभूत विषयों के साथ-साथ यह निर्णय लिया गया कि अगले 1 महीने में पलामू प्रमंडल के हर पंचायत में युवा आजसू की कमेटी गठित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रताप सिंह ने किया धन्यवाद ज्ञापन देते हुए अमित पाण्डे (जिलाध्यक्ष आजसू लातेहार) ने कहा की आदरणीय केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश दादा ने जो बातें कहीं है उनको हम सभी कार्यकर्ता आत्मसात करते हुए पालन करके युवा आजसू के टीम को सशक्त बनाएंगे और आगे की लड़ाई को तेज करेंगे, और सामाजिक मुद्दों पर जो हमलोगों ने तय किया है उसे जमीनी स्तर पर जल्द से जल्द उतारा जाएगा।

हेलमेट, सीट बेल्ट और संयमित ड्राइविंग हीं सुरक्षा की गारंटी
नौगढ़ा ओपी पुलिस की वाहन चालकों से अपील

नवप्रदेश/विश्रामपुर, पलामू

पलामू पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के निदेर्शानुसार नौगढ़ा ओपी पुलिस ने ब्रहमोरिया लालगढ़ मुख्य पथ पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर वाहन चालकों को जागरूक किया। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी गई।

अभियान का नेतृत्व कर रहे एएसआई श्रवण कुमार विश्वकर्मा ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर छोटी सी लापरवाही भी किसी की जिंदगी छीन सकती है।

उन्होंने अपने बातचीत के क्रम में विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि नशे की हालत में गाड़ी चलाना सीधे मौत को दावत देने जैसा है। शराब पीकर वाहन चलाने से चालक का संतुलन और निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। कई सड़क हादसों में शराब के नशे को प्रमुख कारण पाया गया है।

कहा कि तेज रफ्तार, गलत ओवरटेकिंग, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और शराब पीकर ड्राइविंग करना सड़क दुर्घटनाओं के सबसे बड़े कारण बन चुके हैं। जागरूकता अभियान और लगातार कार्रवाई के बावजूद लोग अपनी आदतों में सुधार नहीं ला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन सुरक्षित और जिम्मेदार वाहन चालकों की संख्या उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। कई लोग बिना यातायात नियमों की पूरी जानकारी के आधुनिक वाहन सड़कों पर दौड़ा रहे हैं, जिसके कारण हादसों में लगातार वृद्धि हो रही है।

पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी रफ्तार और दिखावे की होड़ में अपनी जिंदगी को जोखिम में डाल रही है। कुछ पल का रोमांच कई परिवारों के लिए जिंदगीभर का दर्द बन जाता है। सड़क हादसों में हर दिन कई युवाओं की मौत हो रही है, लेकिन इसके बावजूद लोग सबक लेने को तैयार नहीं हैं।

नौगढ़ा ओपी पुलिस ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए वाहन न दें और उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी अवश्य दें। पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और हर परिवार की भी साझा जिम्मेदारी है।

एक नजर

धनबाद में कांग्रेस कार्यकताओं पर प्राथमिकी दर्ज, धनबाद सीओ के द्वारा लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश नहीं चलेगी बिट्टू पाठक

जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण, कांग्रेस अन्याय के खिलाफ जारी रखेगी संघर्ष

नवप्रदेश/मेदिनीनगर: झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव सह पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने धनबाद में जनहित, भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाने वाले कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाने का यह प्रयास अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं तानाशाही मानसिकता का परिचायक है। जैश रंजन पाठक ने कहा कि शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करना तथा जनता की समस्याओं को उठाना प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। यदि जनप्रतिनिधि भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं के खिलाफ आवाज उठाते हैं और बदले में उन पर मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा धनबाद के कांग्रेस कार्यकताओं के समर्थन में दिए गए मजबूत एवं स्पष्ट वक्तव्य की सराहना करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व कांग्रेस कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कांग्रेस पार्टी अन्याय, दमन और तानाशाही के सामने कभी झुकने वाली नहीं है। जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने संतोष कुमार सिंह सहित सभी कांग्रेस कार्यकताओं की भी प्रशंसा की, जिन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी उनके संघर्ष और मनोबल के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि धनबाद अंचल कार्यालय से जुड़े भ्रष्टाचार एवं जनसमस्याओं को दूर करने के बजाय आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई करना प्रशासन की संवेदनहीनता को दशार्ता है। लोकतंत्र में जनता की आवाज को मुकदमों के जरिए दबाया नहीं जा सकता। प्रशासन का दायित्व जनता की समस्याओं का समाधान करना है, न कि आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करना। जैश रंजन पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की आवाज दबाने की हर कोशिश का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगी और हमेशा जनता के अधिकार, न्याय एवं संविधान की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी। **अंत में उन्होंने कहा,** सत्य की आवाज को दबाया नहीं जा सकता, जनता की ताकत हर तानाशाही पर भारी पड़ती है।

हरिहरगंज में प्रतिभा सम्मान समारोह, टॉपर्स सम्मानित

प्रतिनिधि, हरिहरगंज/शहर स्थित बिंदा रिसोर्ट में रविवार को हरिहरगंज-महाराजगंज कोचिंग एसोसिएशन की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. समारोह में विद्यार्थियों व अभिभावकों की काफी भीड़ उमड़ी रही. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया. इस दौरान अतिथियों को फूलमाला व शॉल देकर सम्मानित किया गया. इसके बाद मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया. मौके पर सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि मेहनत व अनुशासन से ही सफलता मिलती है. वही वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना है, ताकि वे आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करें. संगठन के अध्यक्ष मनान सर, सचिन, कुमुद रंजन सिंह, अजय कुमार सिंह, मुकेश आर्यन, इंजीनियर वाल्टर सर, प्रदीप कुमार, करण गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, आदर्श कुमार, विशाल यादव, दिलीप कुमार, व्याख्याता सूरज यादव, राहुल कुमार, सौरभ कुमार व मोहन कुमार ने शिक्षा को सफलता की कुंजी बताया. कार्यक्रम का संचालन संगठन के सचिव कुमुद रंजन सिंह व निदेशक मुकेश आर्यन ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे.

दवा व्यवसाईयों ने 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल आह्वान किया

लातेहार। लातेहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 20 मई 2026 दिन बुधवार को ऑल इंडिया केमिस्ट के आह्वान पर प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद को सफल बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशन के सचिव विजय कुमार ने बताया कि लातेहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन, राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (अक्डउऊ) की जिला इकाई होने के नाते जिले के सभी दवा दुकानदार 20 मई को अपनी-अपनी दुकानें पूर्णतः बंद रखेंगे। उन्होंने कहा कि देशभर में 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट्स एवं वितरकों का प्रतिनिधित्व करने वाली राष्ट्रीय संस्था एआईओसीडी लंबे समय से औषधि व्यापार एवं जन स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग करती आ रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इससे लाखों दवा व्यवसायियों और करोड़ों आश्रित परिवारों की आजीविका पर संकट गहरा गया है।

बैठक में बताया गया कि 20 मई को प्रस्तावित बंद निम्न प्रमुख मांगों के समर्थन में किया जा रहा है — अवैध ई-फामेर्सी संचालन पर रोक एवं 28 अगस्त 2018 की अधिसूचना GSR 817(ए) की वापसी। बड़े कॉरपोरेट्स द्वारा प्रिडेटरी प्राइसिंग (अत्यधिक छूट आधारित मूल्य निर्धारण) पर रोक। 26 मार्च 2020 की अधिसूचना GSR 220(ए) की वापसी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अवैध ई-फामेर्सी और कॉरपोरेट कंपनियों की अनियंत्रित गतिविधियों से पारंपरिक दवा वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसके कारण बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवाओं की बिक्री, एंटीबायोटिक्स एवं आदत बनाने वाली दवाओं की आसान उपलब्धता, नकली प्रिस्क्रिप्शन का उपयोग, फार्मासिस्ट एवं मरीज के बीच प्रत्यक्ष संवाद की कमी तथा नकली एवं गलत तरीके से संग्रहित दवाओं का खतरा बढ़ रहा है। इससे एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (अटफ) जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ रहा है। बैठक में यह भी कहा गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान जारी अधिसूचना GSR 220(ए) अब वर्तमान परिस्थितियों में अप्रासंगिक हो चुकी है, लेकिन इसका दुरुपयोग जारी है। इससे ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स नियमों के अंतर्गत निर्धारित सुरक्षा प्रावधानों को दरकिनार किया जा रहा है। एसोसिएशन ने केंद्र एवं राज्य सरकार से हस्तक्षेप कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने तथा संबंधित अधिसूचनाओं को वापस लेने की मांग की।

निमिया में फोर्टिस मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 350 मरीजों का हुआ इलाज

नवप्रदेश/विश्रामपुर (पलामू) : प्रखंड के नौगढ़ा स्थित फोर्टिस मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल नौगढ़ा द्वारा रविवार को निमिया गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 350 मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया गया तथा जरूरतमंदों के बीच मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया। शिविर का उद्घाटन उप प्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह, चेयरमैन नितेश कुमार पाठक, प्रो. कुमुद तिवारी एवं पूर्व मुखिया घूरा बैठा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. के के सिन्हा के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार किया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण व्यवस्था की सराहना की। इस अवसर पर फोर्टिस मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल नौगढ़ा के चेयरमैन नितेश कुमार पाठक ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना है, ताकि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को समय पर इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि अब पलामू में भी लोगों को ह्लमेट्रो सिटीह्व जैसी आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल ग्रामीण इलाके में आधुनिक इलाज का भरोसेमंद केंद्र बनकर उभर रहा है, जहां 24 घंटे इमरजेंसी सेवा, डॉक्टरों की उपलब्धता, भर्ती सुविधा एवं आधुनिक उपकरणों से इलाज की व्यवस्था है। सड़क दुर्घटना, गंभीर बीमारी एवं आपात स्थिति में मरीजों को त्वरित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ अस्पताल में हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री रोग एवं सर्जरी की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां छोटे-बड़े ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी तथा ओपन सर्जरी जैसी जटिल प्रक्रियाएं भी सफलतापूर्वक की जा रही हैं। अस्पताल में 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा एवं प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की व्यवस्था है। साथ ही अस्पताल से जुड़ा सत्य साईं नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट नर्सिंग शिक्षा एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रहा है, जहां छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण लेकर मरीजों की सेवा में योगदान दे रहे हैं। उप प्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह ने अस्पताल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का स्वास्थ्य शिविर लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित हो रहा है। लालगढ़ रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर दूरी पर स्थित फोर्टिस मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल नौगढ़ा अब पलामू एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए नई उम्मीद बनता जा रहा है।

महिलाओं का योग केंद्र बना टाउन हॉल परिसर

नवप्रदेश/मेदिनीनगर

मेदिनीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन के परिसर अब धीरे धीरे महिलाओं का योग केंद्र बनता जा रहा है। टाऊन हाल के आस पास की कई महिलाएं यहां आकर एकसाथ मिलकर योगाभ्यास करती है। कुछ महिलाएं मार्निंग वॉक के बाद फ्री हैंड एक्सरसाइज करती है। चारदीवारी से घिरा हुआ यह स्थान महिलाओं के लिए अनुकूल भी है। यहां एक केयरटेकर भी रहता है जिससे कैंपस के अंदर कोई गाड़ी भी नहीं घुसती। इससे महिलाओं को इत्मीनान से योगा या व्यायाम करने में सहूलियत होती है। महिलाओं को योगा का ट्रेनिंग देने वाली प्रशिक्षक मोनिका प्रिया कहती है ये सब एकदिन में नहीं हुआ। कई महीने में धीरे धीरे यह माहौल तैयार हुआ। मोनिका प्रिया एक योग शिक्षक है, उन्होंने कहा कि एकांत व स्वच्छ वातावरण की तलाश में वो अपनी एक साथी के साथ यहां पहुंची थी। तब कुछ महिलाएं यहां मॉर्निंग वॉक करने आती थी। जब मोनिका यहां योगा करना शुरू किया तो अन्य महिलाएं भी उत्सुकतावश उनके पास आकर योगा करने लगीं। फिर धीरे धीरे बात फैली तो आसपास की अन्य महिलाएं भी जुड़ने लगी। फिलहाल यहां करीब 20 महिलाएं एकसाथ योगाभ्यास करती है। कुछ तो प्रतिदिन यहां आती है, तो कुछ जैसा समय मिले पहुंच जाती है। योगा करने वाली लवली मोदी कहती है पूरे दिन महिलाएं अपने परिवार के लिए समय देती है। उसमे से आधा घंटा हर रोज अपने लिए निकालकर योग करने से काम करने की एनर्जी और बढ़ जाती है। बबीता जैन ने कहा कि धीरे धीरे योग के प्रति महिलाओं के रुझान बढ़ रहा है, यह एक शुभ संकेत है। ममता जैन ने कहा कि महिलाओं के लिए योग एक शानदार विकल्प है, जिससे डॉक्टरों के पास जाने से बचा जा सकता है। इसके अलावे अंजू वर्मा, बबीता सिंघानिया, जूली पांडेय, डिंपल लाठ, सुमन जैन, डॉ शिप्रा, अदिति शर्मा, पम्मी सिद्धार्थ, रेखा सिंघानिया आदि योग करने वाली महिलाओं ने कह कि नगरनिगम भी बधाई के पात्र है कि इस जगह को साफ रखा गया है। महिलाओं ने बताया कि आने वाले दिनों में यहां करीब 50 महिलाओं को निःशुल्क योगा सिखाने का लक्ष रखा गया है।

गुमशुदा हरेंद्र को पुलिस ने खोज निकाला

गुमशुदा हरेंद्र विश्वकर्मा सकुशल बरामद, परिजनों ने जताया आभार

हरिहरगंज/हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव निवासी हरेंद्र विश्वकर्मा के गुमशुदा होने के मामले में हरिहरगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया. पुलिस की सक्रियता और तकनीकी अनुसंधान के कारण यह सफलता मिली. जानकारी के अनुसार हरेंद्र विश्वकर्मा की पत्नी माया देवी ने 8 मई को हरिहरगंज थाना में पति की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था. आवेदन मिलते ही थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के निर्देश पर पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी. एसआइ संतोष कुमार एवं एएसआइ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने लगातार तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन और अन्य माध्यमों से जानकारी जुटायी. पुलिस के प्रयास से हरेंद्र विश्वकर्मा को सुरक्षित बरामद कर लिया गया. थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण हरेंद्र विश्वकर्मा घर छोड़कर चले गये थे. पुलिस टीम की तत्परता और टीमवर्क के कारण उन्हें शीघ्र खोज लिया गया. वहीं, परिजनों से मिलने के बाद हरेंद्र विश्वकर्मा भावुक नजर आये. परिजनों ने भी हरिहरगंज पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार जताया.

हरिहरगंज में अजीत कुमार सिंह ही रहेंगे आजसू प्रखंड अध्यक्ष

नवप्रदेश/प्रतिनिधि, हरिहरगंज. आजसू पार्टी के हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष पद पर अजीत कुमार सिंह ही बने रहेंगे. पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने रविवार को संगठन के नेताओं के समक्ष इसकी स्पष्ट जानकारी दी. जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से अजीत कुमार सिंह को प्रखंड अध्यक्ष पद से हटाये जाने की चर्चा चल रही थी. इसे लेकर कार्यकर्ताओं के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी. मामला पार्टी नेतृत्व तक पहुंचने के बाद शीर्ष स्तर पर विचार-विमर्श किया गया. केंद्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य बीके शुक्ला, जिला कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी शुक्ला व जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि अजीत कुमार सिंह पूर्व से ही प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे हैं और पार्टी नेतृत्व ने उनपर अपना भरोसा बरकरार रखा है. नेताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में अजीत कुमार सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रही है. सुप्रीमो के निर्णय के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है.

सतबरवा पुलिस का बड़ा एक्शनः पेड़ से लटके शव मामले में हत्या का आरोपी रवि सिंह गिरफ्तार, मर्डर में इस्तेमाल लाठी बरामद

नवप्रदेश/सतबरवा पलामू

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया

पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र से एक बड़ी आपराधिक खबर सामने आ रही है, जहाँ पुलिस ने पवन कुमार सिंह की हत्या मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रवि सिंह (उम्र 50 वर्ष) के रूप में हुई है। थाना कांड संख्या 56/2026 का खुलासाः मिली जानकारी के अनुसार, सतबरवा थाना कांड संख्या 56/2026 के तहत पवन कुमार सिंह की हत्या कर उनके शव को पेड़ से लटका देने का एक गंभीर मामला दर्ज था। प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई थी, लेकिन पुलिस की पैनी तफ्तीश में यह हत्या का मामला निकला। रउढ़ड के नेतृत्व में हुई कार्रवाई, हत्या का हथियार बरामदः यह पूरी कार्रवाई सदर एसडीपीओ (रउढ़ड) राजेश यादव के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी रवि सिंह को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया और उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई करीब 3.5 फीट लंबी बांस की लाठी भी बरामद कर ली है, जिससे वार करके हत्या को अंजाम दिया गया था। पुलिस अब आरोपी को जेल भेजने की तैयारी कर रही है और मामले के अन्य पहलुओं की जांच में जुटी है।

56 इंच की अर्थव्यवस्था या 140 करोड़ की मजबूरी?

जब दुनिया लड़ती है, महंगाई सिर्फ भारत में क्यों जीत जाती है?

दुनिया की राजनीति कभी-कभी इतनी विचित्र लगती है कि आम आदमी को समझ ही नहीं आता कि आखिर विश्वगुरु बनने का दावा करने वाला देश हर वैश्विक हलचल का सबसे बड़ा शिकार कैसे बन जाता है।

एक तरफ ईरान है – जिस पर दशकों से प्रतिबंध हैं, अमेरिका जैसा महाशक्ति देश लगातार दबाव बनाता रहा, फिर भी वहां आम जनता के जीवन पर वैसी भयावह महंगाई नहीं दिखती जैसी भारत में हर अंतरराष्ट्रीय घटना के बाद दिखाई देने लगती है।

दूसरी तरफ इटली है – जिसकी आबादी भारत के कई राज्यों से भी कम है। लेकिन उसकी प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंचों पर जिस आत्मविश्वास से अपनी बात रखी, उसने यह साबित किया कि किसी देश की ताकत सिर्फ जनसंख्या या प्रचार से नहीं, बल्कि नेतृत्व की स्पष्टता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा से तय होती है।

और इधर भारत

यहां किसी दूसरे देश में युद्ध हो जाए, तो भारत में पेट्रोल महंगा।

कहीं समुद्री तनाव बढ़ जाए, तो गैस सिलेंडर महंगा।

डॉलर मजबूत हो जाए, तो दूध-दही तक महंगे।

सोना-चांदी आसमान पर।

शेयर बाजार नीचे।

और सरकार का जवाब – वैश्विक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं।

सवाल यह है कि वैश्विक परिस्थितियां सिर्फ भारत को ही क्यों काटती हैं?

क्या दुनिया के बाकी देशों के पास अर्थव्यवस्था नहीं है?

क्या वहां सरकारें नहीं हैं?

क्या वहां जनता नहीं रहती?

असल समस्या यह है कि पिछले कुछ वर्षों में देश को इवेंट मैनेजमेंटह्व ज्यादा मिला, आर्थिक प्रबंधन कम।

जनता को आत्मनिर्भरता का सपना दिखाया गया, लेकिन रसोई गैस तक विदेशी संकटों की बंधक बन गई।

विश्वगुरु का नारा दिया गया, लेकिन हर अंतरराष्ट्रीय तनाव के बाद भारतीय परिवारों का बजट चरमरा जाता है।

कहा गया कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, लेकिन आम आदमी पूछ रहा है – अगर अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत है, तो हर संकट का बोझ सिर्फ जनता ही क्यों उठाती है?

सबसे दिलचस्प बात यह है कि सरकार समर्थक हर छोटी-बड़ी विदेशी घटना पर सोशल मीडिया में ह्लभारत का डंकाह्व बजाते दिखाई देते हैं, लेकिन जब महंगाई की बात आती है तो वही लोग अचानक अंतरराष्ट्रीय बाजार का हवाला देने लगते हैं।

यदि नेतृत्व इतना ही शक्तिशाली है, तो जनता को राहत क्यों नहीं मिलती?

यदि विदेश नीति इतनी ऐतिहासिक है, तो भारतीय उपभोक्ता इतना असुरक्षित क्यों है?

यदि भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, तो मध्यम वर्ग एटक और रसोई के बीच क्यों पिस रहा है?

आज देश का आम नागरिक यह महसूस कर रहा है कि सरकार ने छवि को चिंता पर भारी कर दिया है।

कैमरों के सामने मजबूत दिखना आसान है, लेकिन जनता की थाली बचाना असली नेतृत्व होता है।

देश को भाषण नहीं, आर्थिक सुरक्षा चाहिए।

देश को प्रचार नहीं, मूल्य नियंत्रण चाहिए। देश को नारे नहीं, स्थिर बाजार चाहिए।

यही कारण है कि आज विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस लगातार यह सवाल उठा रहा है कि आखिर 140 करोड़ लोगों वाला भारत हर वैश्विक झटके का सबसे आसान शिकार क्यों बनता जा रहा है?

लोकतंत्र में सवाल पूछना देशविरोध नहीं, बल्कि जनता के प्रति जिम्मेदारी है।

और यह सवाल अब गांव की चौपाल से लेकर शहर के बाजार तक गूंज रहा है –

क्या मजबूत नेतृत्व वह होता है जो मंचों पर सबसे ऊंची आवाज में बोले, या वह जो जनता की जेब पर सबसे कम बोझ पड़ने दे?

दयानंद मिश्र एडवोकेट
स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य समन्वय समिति झारखंड प्रदेश कांग्रेस।

अंबाती रायडू ने सुनील नरेन को बताया आईपीएल का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी

कोलकाता। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि सुनील नरेन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उनका सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए मुश्किल होता है। सुनील नरेन ने शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की 29 रनों से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने चार ओवरों के अपने स्पेल में 29 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया। नरेन का यह 200वां आईपीएल मैच भी था। ईएसपीएनक्रिकइंफो के ''टाइमआउट' शो पर रायडू ने कहा कि नरेन गेंद और बल्ले, दोनों से ही एक जबरदस्त मैच विनर खिलाड़ी हैं। आईपीएल में कई बेहतरीन खिलाड़ी हुए हैं, लेकिन यह खिलाड़ी हमेशा सबसे अलग नजर आता है। मेरी नजर में वह इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। रायडू ने कहा कि मुझे लगता है कि एक बल्लेबाज के तौर पर सुनील नरेन जैसे गेंदबाज का सामना करना हमेशा मुश्किल होता है, क्योंकि गेंद पिच पर रुककर आती है। ऐसे में अक्सर आप अपना सही संतुलन खो बैठते हैं। आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में नरेन, युजवेंद्र चहल (230 विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (220 विकेट) के बाद तीसरे स्थान पर हैं। उनके नाम 205 विकेट दर्ज हैं। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले विदेशी खिलाड़ी भी हैं। नरेन 2012 से केकेआर के साथ हैं। मैच की बात करें, तो कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 247 रन का विशाल स्कोर बनाया था। इसके जवाब में गुजरात की टीम चार विकेट पर 218 रन ही बना सकी थी। टीम के लिए शुभमन गिल, जोस बटलर और साई सुदर्शन ने अर्धशतक जड़े थे।

देहरादून में 22 मई से शुरू होगा 42वां उत्तराखंड गोल्ड कप टूनार्मेंट, दस लाख के प्रथम पुरस्कार के लिए भिड़ेंगी 16 टीमें

देहरादून। देवभूमि गोल्ड कप क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से 42वां उत्तराखंड गोल्ड कप टूनार्मेंट 22 मई से 7 जून तक खेला जाएगा। रोमांचक टूनार्मेंट में देशभर की टीमों के साथ-साथ नेपाल की टीम भी भाग ले रही है। इसके लिए 16 टीमें चार ग्रुपों में मैच खेलेंगी।

देहरादून में एसोसिएशन के सचिव पीसी वर्मा ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि विजेता टीम को 10 लाख रुपये नकद पुरस्कार के साथ गोल्ड कप ट्रॉफी (प्रतिलिपि) दी जाएगी, जबकि उप विजेता टीम को 7 लाख रुपये और ट्रॉफी मिलेगी। इसके अलावा हर मैच का मैन ऑफ द मैच 5,000 रुपये और पूरे टूनार्मेंट का मैन ऑफ द सीरीज एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। खिलाड़ियों को विभिन्न व्यक्तिगत पुरस्कारों से भी नवाजा जाएगा। उन्होंने बताया कि क्वार्टर फाइनल से नॉकआउट फॉर्मेट रहेगा। ज्यादातर मैच डे-नाइट खेले जाएंगे। दो मैच अल्फा क्रिकेट स्टेडियम, गणेशपुर में खेले जाएंगे। शेष मैच महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज और राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होंगे।

उन्होंने बताया कि ग्रुप ए में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन, सहगल क्रिकेट क्लब, ग्रुप बी में दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड, ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन, इंडियन रेलवे, ग्रुप सी में त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, ए एंड एस कोलकाता बंगाल व ग्रुप डी में गोवा क्रिकेट एसोसिएशन, केरला क्रिकेट एसोसिएशन, एल.बी. शास्त्री क्रिकेट क्लब व नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन खेलेंगे।

पत्रकार वार्ता के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव दत्ता, अधिशासी सचिव डॉ. जेएस सचान, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र बाजपाई, कुमार थापा, दीपक जोशी, संतोष गैरोला, संदीप सिंह रावत, देवेन्द्र सती, इन्दीवर सरल, एमसी शाह, पीसी. कोठारी, डीके शर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी ने स्काईलाइन की टीम को 92 रन से हराया

नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम संभल नहीं सकी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में रुक्मणी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए ब्रास सिटी यूथ क्रिकेट क्लब चैम्पियनशिप मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी ने स्काईलाइन की टीम को 92 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में रुक्मणी के गेंदबाज अम्मार अहमद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अम्मार अहमद को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

डिस्ट्रिक्ट स्पोर्टर्स एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि रविवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। बीच में बल्लेबाजों ने टीम को संभाल लिया। निर्धारित 30 ओवर में टीम 147 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अलीम चौधरी ने 30 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि हरेंद्र कुमार ने 20 व मो. सुबहान ने 16 रन बनाए। टीम को अतिरिक्त के रूप में 32 रन मिले।

स्काईलाइन की ओर से शोयब अली, अमरदीप और अंश पंडित ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट हासिल किए। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए स्काईलाइन की टीम शुरूआत से ही दबाव में रही। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम संभल नहीं सकी। पूरी टीम 18.2 ओवर में 55 रन पर सिमट गई। इसमें सैय्यद फाज ने 15 और नाजिम पाशा ने 13 रन बनाए। टीम को अतिरिक्त के रूप में 19 रन मिले, लेकिन वह हार का अंतर कम नहीं कर सके। रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी की ओर से अम्मार अहमद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। जबकि आयुष ने भी दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ निभाया। शानदार प्रदर्शन के लिए अम्मार अहमद को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

धर्मशाला में आईपीएल का महंगा रोमांच, 45 हजार तक बिके टिकट, आम दर्शक रह गए बाहर

धर्मशाला। आईपीएल मैचों के इस सीजन में जितना बड़ा मैच, उतनी ही बड़ी जेब दर्शकों को ढीली करनी पड़ रही है। धर्मशाला में आईपीएल मैचों के टिकटों की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी का असर अब साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। रविवार को पंजाब किंग्स और आरसीबी के मुकाबले में एक ओर जहां कई दर्शक महंगे टिकटों व टिकट न मिलने के कारण स्टेडियम पहुंचने में नाकाम रहे। वहीं दूसरी ओर मैच की एक पारी समाप्त होने के बाद भी 45 हजार रुपये तक के टिकट ऑनलाइन बिकते रहे। क्लब लॉज का जो टिकट 22 हजार 500 रुपये तक रहता है, इस मैच में दोगुना से अधिक 45 हजार दामों में बेचा गया। क्रिकेट प्रेमियों ने इसे आम दर्शकों की पहुंच से बाहर बताया। इस बार एचपीसीए स्टेडियम में टिकटों के दामों में पिछले सीजन की तुलना में दोगुनी से अधिक बढ़ोतरी की गई है। पिछले वर्ष जिन टिकटों की कीमत 1200 से 1500 रुपये थी, वही टिकट अब चार से पांच हजार रुपये तक पहुंच गई हैं। वहीं क्लब लॉज के टिकट 22 हजार 500 रुपये से बढ़ाकर सीधे 45 हजार रुपये कर दिए गए हैं। जबकि अन्य टिकटें पांच हजार, सात हजार, आठ हजार, नौ हजार, 12 हजार, 15 हजार, 22 हजार, 30 हजार व सभी दोगुने दामों में बेची गई। क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि इतनी महंगी टिकटों के कारण परिवार के साथ मैच देखना मुश्किल हो गया है। कई लोगों ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू होते ही दाम देखकर टिकट लेने का विचार छोड़ दिया। वहीं कई लोग टिकट को लेकर काफी मेहनत करते दिखे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिल पाए। हैरानी की बात यह रही कि मैच शुरू होने और एक पारी समाप्त होने के बाद भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 45 हजार रुपये तक के टिकट उपलब्ध और बिकते रहे। इससे साफ है कि आयोजकों ने अंतिम समय तक भी प्रीमियम टिकटों की बिक्री जारी रखी। उधर, स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि इस बार ऑफलाइन टिकट काउंटर नहीं लगाए गए। केवल ऑनलाइन माध्यम से ही टिकटें बेची जा रही हैं, और एक व्यक्ति को अधिकतम तीन टिकट बुक करने की अनुमति दी गई है। लोगों का कहना है कि ऑफलाइन व्यवस्था न होने से ग्रामीण और स्थानीय दर्शकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब बना चैम्पियन

प्रयागराज। चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज को दस विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी ए डिवीजन क्रिकेट लीग का खिताब अपने नाम किया। केपी कॉलेज मैदान पर रविवार को खेले गए फाइनल मैच में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 38.2 ओवर में 204 रन (रोहित राजपाल 53, अर्पित सिंह 41, रोशन कुशवाहा 30, सिद्धार्थ मिश्रा 27, राहुल राजपाल 22 आदि ने) बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 17.5 ओवर में बिना विकेट को 207 रन (प्रथम मिश्र 161 नाबाद, अनिकेत सिंह 42 नाबाद) बना लिए। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व अरुण कुमार ने अम्पायरिंग एवं अंकित पांडेय ने स्कोरिंग की। मैच से पूर्व उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन एवं इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक ताहिर हसन का इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ जूली ओझा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कराया। इस मौके पर आरपी भटनागर, यासर हसन, अनुराग श्रीवास्तव, एलबी काला, सोमेश्वर पांडेय, मोहम्मद आसिफ, अखिलेश त्रिपाठी, खुर्शीद अहमद, विवेक सिंह एवं प्रीतेश सोनकर आदि मौजूद रहे।

फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 74वें संस्करण में देशभर में उमड़ा उत्साह

नई दिल्ली। फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 74वें संस्करण में रविवार को देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर 50 हजार लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस बार का आयोजन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और सीमा शुल्क विभाग के साथ किया गया। नई दिल्ली में यह कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां 800 से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में जीएसटी और सीमा शुल्क विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ सभी आयु वर्ग के आम नागरिक भी शामिल थे। यहां एक 'फन स्पोर्ट्स जोन' भी बनाया गया, जिसने लोगों को बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और लूडो जैसे खेलों को आजमाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, नींबू दौड़ (लेमन रेस), बॉल गेम, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर), स्क्वैट चैलेंज और पुश-अप चैलेंज जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इस पहल के बारे में बात करते हुए दिल्ली सीमा शुल्क विभाग के मुख्य आयुक्त मनीष कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के आह्वान के बाद जीएसटी और सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने फिट इंडिया आंदोलन में हिस्सा लिया है। हम सभी जानते हैं कि स्वास्थ्य ही हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है। यदि आप स्वस्थ हैं, तो आप अपने कार्यों को ठीक ढंग से पूरा कर पाएंगे।

वैभव सूर्यवंशी को भारत की टी-20 टीम में जल्द मौका मिलना चाहिए : रवि शास्त्री

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार हैं। उसे जल्द भारत की टी-20 टीम में मौका मिलना चाहिए। आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2026 में भारतीय अंडर 19 टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद सूर्यवंशी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए ताबड़तोड़ रन बना रहे हैं। आईसीसी रिव्यू में बातचीत के दौरान रवि शास्त्री ने कहा कि अगर आप किसी युवा खिलाड़ी को प्रोत्साहित करना चाहते हैं या उसे जल्द से जल्द टीम में शामिल करना चाहते हैं, तो टी20 फॉर्मेट सबसे सही मंच है और यह युवा खिलाड़ी किसी भी लिहाज से पीछे नहीं है। यह लड़का इस समय विश्व क्रिकेट की कई टीमों में आसानी से जगह बना सकता है। उसकी युवावस्था के जोश को देखिए और वह जोश उसके चेहरे पर भी झलकता है।

शास्त्री ने सुझाव दिया कि जून में होने वाला आयरलैंड का आगामी दौरा सूर्यवंशी को टीम में शामिल करने का सही समय हो सकता है, जिससे वह भारत के लिए सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाला खिलाड़ी बन जाएगा। वैभव की कम उम्र को लेकर शास्त्री ने कहा कि बहुत से लोग पूछेंगे वह 15 साल का है, 16 साल का है या 14 साल का। मुझे परवाह नहीं। मैं तो बस यही देखता हूं कि वह इस समय किस तरह बल्लेबाजी कर रहा है और किस तरह अपने से दोगुनी उम्र के सभी खिलाड़ियों का सामना कर रहा है।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन आईपीएल में 11 पारियों में 236.55 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 440 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक और एक शतक शामिल है। इस प्रदर्शन के बाद वैभव को हाल ही में पहली बार इंडिया ए टीम में भी जगह मिली है।

आईपीएल : आरसीबी ने पंजाब को दिया 223 रनों का लक्ष्य

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के धर्मशाला स्टेडियम में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने पंजाब को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया है। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 222 रनों के स्कोर खड़ा किया है। आरसीबी की ओर से इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में टीम में शामिल वेंकटेश अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 73 रनों की नाबाद पारी खेलकर आरसीबी को एक बड़े स्कोर की तरफ ले गए। उन्होंने 8 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 73 रन बनाए। वहीं इससे पूर्व ओपनर विराट कोहली ने भी अपना अर्धशतक बनाया। कोहली ने 37 गेंदों में 4 चौकों और 3 छक्कों के साथ 58 रन बनाए। जबकि उनके साथ तीसरे नम्बर पर बल्लेबाजी करने उतरे देवदत्त पडीकल ने भी 25 गेंदों में शानदार 45 रन बनाए। पडीकल ने इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। इसके बाद बल्लेबाज टिम डेविड और वेंकटेश अय्यर की शानदार साझेदारी के चलते आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 222 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टिम डेविड ने भी 12 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों के साथ नाबाद 28 रन बनाकर आरसीबी को 222 तक पपंहुचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी पंजाब की टीम से स्पिन गेंदबाज हरप्रीत बराड़ ने 4 ओवरों में 35 रन देकर दो विकेट अपने नाम किये। इसके अलावा अर्शदीप सिंह और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिया।

आईपीएल : धर्मशाला में आरसीबी की धमाकेदार जीत, पंजाब की लगातार छठी हार

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के धर्मशाला स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब को उनके ही घर पर 23 रनों से मात दी है। धर्मशाला में पंजाब किंग्स इलेवन की यह लगातार तीसरी और इस सीजन में लगातार छठी हार है। इस हार के साथ ही पंजाब के प्लेऑफ में पंहुचने की उम्मीदें भी न के बराबर रह गई हैं।

धर्मशाला में खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी की शानदार ऑलराउंड परफॉर्मेंस के चलते आरसीबी ने जीत हासिल कर टेबल पॉइंट में अपनी टॉप पोजिशन बरकरार रखी है। वहीं प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। उधर 223 रनों के लक्ष्य को लेकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पंजाब की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट में 199 रन ही बना पाई। इस तरह आरसीबी ने यह मैच 23 रनों से जीतकर अपनी झोली में डाल लिया।

कनोली ने 22 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्कों के साथ 37 रन बनाए

223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरूआत बेहद खराब रही और उसके दोनों ओपनर जल्दी आउट हो गए। ओपनर प्रियांश आर्य शून्य पर जबकि प्रभसिमरन सिंह महज 2 रन बनाकर आउट हो गए। पंजाब की ओर से शशांक सिंह ही एकमात्र बल्लेबाज रहे जिन्होंने अर्धशतक लगाया। शशांक ने 27 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्कों के साथ 56 रन बनाए। इसके अलावा कूपर कनोली ने 22 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्कों के साथ 37 रन बनाए। मारकस स्टाइनिस ने 25 गेंदों में 37 और सूर्यांश शेडगे ने 22 गेंदों पर 35 रनों की पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर कुछ खास नही कर पाए और महज एक रन बनाकर आउट हो गए। अजमातुल्लाह ओमारजाई ने 10 गेंदों पर 14 रन बनाए। गेंदबाजी में आरसीबी की ओर से आर सालम ने 3 विकेट आने नाम किये। इसके अलावा ऐसा सीजन में सबसे ज्यादा विकेट टेकर भुवनेश्वर कुमार ने दो तथा जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक विकेट लिए।

उधर इससे पूर्व पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने पंजाब को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया था। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 222 रनों के स्कोर खड़ा किया। आरसीबी की ओर से इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में टीम में शामिल वेंकटेश अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 73 रनों की नाबाद पारी खेलकर आरसीबी को एक बड़े स्कोर की तरफ ले गए। उन्होंने 8 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 73 रन बनाए। वहीं इससे पूर्व ओपनर विराट कोहली ने भी अपना अर्धशतक बनाया। कोहली ने 37 गेंदों में 4 चौकों और 3 छक्कों के साथ 58 रन बनाए। जबकि उनके साथ तीसरे नम्बर पर बल्लेबाजी करने उतरे देवदत्त पडीकल ने भी 25 गेंदों में शानदार 45 रन बनाए। पडीकल ने इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। इसके बाद बल्लेबाज टिम डेविड और वेंकटेश अय्यर की शानदार साझेदारी के चलते आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 222 रन का स्कोर खड़ा किया। टिम डेविड ने भी 12 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों के साथ नाबाद 28 रन बनाकर आरसीबी को 222 तक पंहुचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी पंजाब की टीम से स्पिन गेंदबाज हरप्रीत बराड़ ने 4 ओवरों में 35 रन देकर दो विकेट अपने नाम किये। इसके अलावा अर्शदीप सिंह और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिया।

जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष बने अभय लाभ, महासचिव संजीव समीर

संगठित रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगेः शाहनवाज हसन

संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को संरक्षण और सुरक्षा देनाः विष्णु शंकर उपाध्याय

पत्रकार हितों की रक्षा जेजेए का एक मात्र उद्देश्यः अभय लाभ

पत्रकारों के कल्याणार्थ योजनाओं की शीघ्र होगी शुरूआतः संजीव समीर

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा/रामगढ़। रविवार को जिला के कुजू स्थित अक्षत बैंक्वेट हॉल में गहमागहमी के साथ जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष और महासचिव की घोषणा हुई। प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार लाभ और प्रदेश महासचिव संजीव समीर बनाए गए। वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में सुभाशीष झा की घोषणा की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक शाहनवाज हसन, पूर्व अध्यक्ष विष्णु शंकर उपाध्याय, प्रदेश कमेटी के वरीय पदाधिकारी, विभिन्न जिला के अध्यक्ष एवं महासचिव ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। रामगढ़ जिला इकाई कमेटी के द्वारा अतिथियों को बुके एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन के पश्चात संगठन के मजबूती पर वक्ताओं ने अपने अनुभव एवं विचार रखे। बीएसपीएस और जेजेए के संस्थापक शाहनवाज हसन ने कहा कि संगठन में ताकत है और हम संगठित रहेंगे तो ही सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने संगठन की स्थापना से लेकर अबतक की गतिविधियों और आगे की कार्य योजना पर प्रकाश डाला। वहीं पूर्व अध्यक्ष विष्णुशंकर उपाध्याय ने कहा कि यूनियन पत्रकार हित में सदैव आगे है और संगठन का उद्देश्य पत्रकारों को संरक्षण और सुरक्षा देना है। इस दौरान प्रदेश कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभय कुमार लाभ ने कहा कि जेजेए अपने स्थापनाकाल से लगातार पत्रकार हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। श्री लाभ ने कहा कि पत्रकारों को आपसी द्वेष एवं मतभेद दूर कर एक मंच पर आना होगा। वहीं प्रदेश महासचिव संजीव समीर ने कहा कि पत्रकारों के कल्याणार्थ कई योजनाओं की शुरूआत जेजेए द्वारा की गई है। श्री समीर ने जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकारों के स्वास्थ बीमा को लेकर कोडरमा जिला से पहल की गई है जिसे समस्त झारखण्ड में लागू की जाएगी। नवमनीनित अध्यक्ष एवं महासचिव को बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। दोनों ने यूनियन का सभी जिले में विस्तार करने और पूरी कार्यकारिणी की जल्द घोषणा करने की बात कही। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, हजारीबाग अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, कोडरमा अध्यक्ष कुमार रमेशम, महासचिव अनिल सिंह, शौकत खान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामगढ़ जिला इकाई कमेटी के सभी सदस्यों की भूमिका रही। इस दौरान राजीव गुप्ता, अजय कुमार, अर्जुन सोनी, भावेश मिश्रा, अभय सिंह, अजय मिश्रा, संजय कुमार यादव, सोनी कुमारी, मासूम अंसारी, राकेश सिंह, रामकृष्ण मेहता, संजय कुमार, अर्जुन साव, सुभाशीस झा, जयदीप सिंह, रवि कुमार, रंजीत कुमार सिंह, नसीम, श्याम ठाकुर, संदीप कुमार, यासीन अंसारी, याकूब आलम, गुलाम सरवर, मजीद आलम, राजू अग्रवाल, इंतखाब आलम, रीतलाल, खालिद, अंकित कुमार, बीके राठौर, जयदेव आनंद,अंकित सिंह, अजीत लाभ, अभय सिन्हा, अजय मिशा, अर्जुन सोनी, आकाश कुमार सोनी, पंकज सिंह, राजेश मुंडा, मुकेश कुमार सिंह, राजदेव गुप्ता, संजय यादव, रवि मिश्रा, राकेश आनंद, मो साबिर, राधे बेदिया समेत अन्य पत्रकार मौजूद थे।

डोमचांच पुलिस ने की अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई आधा दर्जन भट्ठियां ध्वस्त, उपकरण नष्ट

नव प्रदेश संवाददाता/डोमचांच। पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष के निदेर्शानुसार डोमचांच पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए कार्रवाई की। थाना प्रभारी अभिमन्यु पड़िहारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के पंचगावां एवं गुदरिया इलाके में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने करीब आधा दर्जन अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। वहीं शराब निर्माण में उपयोग किए जा रहे उपकरणों और सामग्रियों को भी मौके पर नष्ट किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब निर्माण और कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा. तथा इसमें संलिप्त लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारों ने कहा कि डोमचांच नगर क्षेत्र अंतर्गत करीब दर्जनों दुकानों में धड़ल्ले से अवैध महुआ शराब की बिक्री की जाती है। सभी दुकानों में पुलिस कार्रवाई कर बंद करे ताकि युवा नशे की जद से बच सके।

कुदुस अंसारी के पुत्रों के विवाह समारोह में जुटे राजनीतिक व सामाजिक हस्तियां, नवदंपत्तियों को मिला आशीर्वाद

जानकी प्रसाद यादव बोले झ्र प्रेम, विश्वास और खुशियों से महके दोनों जोड़ों का दांपत्य जीवन

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। जिले के बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंदवारा प्रखंड निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी कुदुस अंसारी के दो पुत्रों के शुभ विवाह समारोह में राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। समारोह में झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो कोडरमा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय तथा झामुमो नेत्री शालिनी गुप्ता ने पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। इस दौरान समारोह का माहौल खुशी और उत्साह से सराबोर नजर आया। अतिथियों ने वर–वधू को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों के रिश्तों का पवित्र बंधन होता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दोनों नवदंपत्तियों का जीवन प्रेम, विश्वास, समृद्धि और खुशियों से हमेशा महकता रहे। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, रिश्तेदार एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। पूरे आयोजन में पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली।

दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट को लेकर थाने में दिया गया आवेदन



नव प्रदेश संवाददाता/मरकच्चो। थाना क्षेत्र के ग्राम दशारो कला में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट को लेकर मरकच्चो थाने में दिया गया लिखित आवेदन वहीं दिएगए आवेदन में आवेदक इंद्रदेव सिंह पिता मथुरा सिंह ने बताया है की मैं कुछ जमीनी विवाद को लेकर रविवार को मरकच्चो थाना में लिखित आवेदन दिया जिसकी जांच पड़ताल हेतु मरकच्चो पुलिस को अपने जमीन पर बुलाया और पुलिस आने के थोड़ी देर पहले मैं अपने गांव स्थित अपने जमीन पर जाकर खड़ा हुआ और पुलिस हमारे जमीन पर पहुंचने के कुछ ही देर पहले मेरे ही गांव के मेरे विपक्षी बासदेव सिंह, रामचंद्र सिंह और मनोज सिंह तीनों के पिता स्व जगदीश सिंह ने हमें जान मारने की नीयत से लोहे के रड से काफी मारपीट किए जिसे मेरा माथा फट गया और मैं जमीन पर गिर गया। बावजूद इसके उक्त लोगों ने हमें काफी मारपीट करते रहा तभी मारते देख मेरी बहू हमें बचाने आई तभी मेरी बहू को भी उक्त लोगों ने बुरा नीयत से काफी मारपीट किया और शरीर का कपड़ा दुपट्टा, ब्लाउज वगैरा फाड़ दिया और बहु का मोबाइल,सोने का मंगल सूत्र वगैरा छिन लिया। वहीं आवेदन के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुवे मरकच्चो पुलिस ने उक्त तीन में से दो लोगों को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं घटना के पश्चात उक्त दो घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो लेजाया गया जहां घायलों की गंभीरता को देख उपस्थित चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज हेतु कोडरमा सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

पेपर लीक ने चार छात्रों की जान ली, भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य का जिम्मेदारः महेश कुमार यादव

नव प्रदेश संवाददाता



झुमरी तिलैया, कोडरमा। आम आदमी पार्टी कोडरमा जिला इकाई के द्वारा जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव के नेतृत्व में झुमरी तिलैया के ऐतिहासिक झंडा चौक पर नीट पेपर लीक मामले को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। नीट पेपर लीक कांड से पूरे देश के छात्र. छात्राओं में भारी आक्रोश है। लगातार हो रहे परीक्षा घोटालों और मानसिक तनाव के कारण चार छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। आम आदमी पार्टी ने इसे देश की शिक्षा व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला बताया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह दलालों और माफियाओं के कब्जे में चली गई है। लाखों छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन सत्ता से जुड़े लोग पैसों के दम पर परीक्षाओं को बेचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पेपर लीक नहीं, बल्कि देश के युवाओं के सपनों और भविष्य की हत्या है। जोनल कोऑर्डिनेटर दिनेश यादव ने कहा कि आज देश का युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। मेहनत करने वाले छात्रों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है और केंद्र सरकार पूरी तरह मौन बनी हुई है। युवाओं का धैर्य अब जवाब देने लगा है। जिला संरक्षक दामोदर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही, अब उनकी शिक्षा भी सुरक्षित नहीं बची। पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कठोर कानून और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। जिला कोषाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम कर परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था उनकी मेहनत पर पानी फेर देती है। यह छात्रों और उनके परिवारों के साथ सीधा अन्याय है। योगेंद्र पंडित ने कहा कि देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को जनता आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी। रामवृक्ष सिंह ने कहा की पेपर लीक ने केंद्र सरकार की नाकामी को उजागर कर दिया है। युवाओं की आवाज को दबाने की कोशिश अब सफल नहीं होगी। आम आदमी पार्टी छात्रों के न्याय की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी तो आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुण कुमार, जयदेव सिंह, आरती देवी, लीला देवी, जालिम भैया, गोपाल यादव, अभिषेक कुलकरणी सुनील सिंह प्रकाश तिवारी विनोद श्रीवतास्तव वायु प्रसाद गुप्ता संतोष मोदी इस्लाम अंसारी अपस्थित थे।

मंईयां सम्मान योजना में सत्यापन के नाम पर अवैध वसूली, महिला मोर्चा ने कार्रवाई की उठाई मांग

नव प्रदेश/कोडरमा। झारखंड मुक्ति महिला मोर्चा की जिला सचिव गुड़िया देवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत पात्र महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में दी जा रही है। योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे, इसके लिए पंचायत एवं वार्ड स्तर पर लाभुकों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों द्वारा लाभुक महिला का जीवित होना, आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होना तथा दस्तावेजों की जांच की जाती है। साथ ही मृत, निर्धारित आयु से अधिक या अन्य सरकारी पेंशन का लाभ लेने वाली अपात्र महिलाओं को सूची से हटाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि वास्तविक जरूरतमंद महिलाओं तक योजना का लाभ पहुंचे। गुड़िया देवी ने चिंता जताते हुए कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सत्यापन के नाम पर अवैध रूप से रुपये वसूले जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। कुछ लोग योजना का भय दिखाकर महिलाओं से पैसे ऐंठने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है और गरीब महिलाओं के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि ऐसे दलालों और अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि योजना का लाभ पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ पात्र महिलाओं तक पहुंच सके।

नये सत्र में पासवा पदाधिकारियों ने किया प्रखंडों का दौरा

निजी विद्यालयों की समस्याओं और बच्चों के विकास पर हुई चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

सतगावां। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अभय कुमार के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर मरकच्चो एवं जयनगर प्रखंड का दौरा किया। जिला अध्यक्ष बीएनपी बर्नवाल के निर्देश पर आयोजित इस दौरे में राज्य सह जिला सचिव तौफीक हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार, जिला संरक्षक ओपी राय सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। मरकच्चो प्रखंड के भारती उच्च विद्यालय, नावाडीह परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता महावीर प्रसाद वर्मा ने की, जबकि संचालन अरविंद पांडेय ने किया। बैठक में सैकड़ों निजी विद्यालय संचालकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान निजी विद्यालयों के समक्ष मौजूद चुनौतियों, शैक्षणिक सुधार तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यकारी जिला अध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि निजी विद्यालय शिक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन निरंतर कार्य करेगा। वहीं जिला सचिव तौफीक हुसैन ने विद्यालयों में रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच देने के लिए इस वर्ष भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल. कूद, कला, संगीत और संस्कृति बच्चों के मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए बेहद आवश्यक हैं।जिला संरक्षक ओपी राय ने संगठन की एकजुटता को उसकी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए संघ के विस्तार और पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। वहीं कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने विद्यालयों से वार्षिक शुल्क का नियमित भुगतान करने की अपील की।बैठक में यह भी तय किया गया कि संगठन की सक्रियता बनाए रखने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रखंड स्तर पर भव्य वार्षिक बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही निजी विद्यालयों की प्रशासनिक एवं स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष कमेटी गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया।प्रखंड अध्यक्ष महावीर कुशवाहा ने संगठन विस्तार के लिए सभी विद्यालय संचालकों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।अंत में प्रखंड पदाधिकारी लक्ष्मण ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर प्रसाद वर्मा, दिलीप कुमार बरनवाल, अरविंद पांडेय, महेंद्र यादव, मिथलेश राणा, पवन कुमार, कपिल यादव, अनिल यादव, सीताराम यादव, विजय दास, मोहम्मद अख्तर, रिया कुमारी, पिंटू गुप्ता, संदीप कुमार सहित सैकड़ों विद्यालय संचालकों की सक्रिय भूमिका रही।.

विधायक ने 23 योजनाओं का किया शिलान्यास

नवप्रदेश/देवघर। सारठ विधानसभा क्षेत्र के डुमरिया स्टेडियम में रविवार को विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस दौरान कुल 23 योजनाओं का शिलान्यास तथा 2 योजनाओं का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सारठ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही उनका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चुना है, उस पर खरा उतरने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। विधायक ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोग से राज्य सहित सारठ क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जिला परिषद, अनाबद्ध निधि एवं विभिन्न विभागों के तहत लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से कुल 53 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। इनमें सारठ प्रखंड के सधरिया, कचुवाबांक, झिलुवा, बोचबांध, पारबाद सहित कई गांवों में 7 स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण शामिल है। इसके अलावा डुमरिया में स्टेडियम मरम्मती, अंचल कार्यालय मरम्मती तथा सधरिया में पीसीसी पथ निर्माण सहित कुल 10 योजनाएं शामिल हैं।

वहीं पालोजोरी प्रखंड के पहरुडिह, धावा, कुंजोडा, बांधडिह, सगराजोर आदि क्षेत्रों में 5 स्वास्थ्य उपकेंद्र, धावा एवं बरमसिया में पीसीसी सड़क निर्माण, जेएफएससी गोदाम में चहारदीवारी निर्माण तथा कई जगहों पर चेक डैम निर्माण सहित कुल 13 योजनाओं की आधारशिला रखी गई।

कार्यक्रम में सारठ एवं बामनगामा में शीतल पेयजल योजना का उद्घाटन भी किया गया। साथ ही सारठ एवं पालोजोरी क्षेत्र में 30 हाईमास्ट लाइटों के अधिष्ठापन का शिलान्यास भी किया गया।

विधायक ने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में पुस्तकालय, अनुसूचित जाति-जनजाति आवासीय विद्यालय, इनडोर स्टेडियम, पथरड्डा पहाड़ का सौंदर्यीकरण, 400 एकड़ भूमि पर उद्योग स्थापना, प्रेस क्लब भवन सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पेयजल के क्षेत्र में कई और योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष इस्तियाक मिर्जा, प्रखंड अध्यक्ष लखेश्वर मुर्मू, सचिव अनिल सिंह, शालिग्राम मंडल, विक्रम सिंह, पालोजोरी प्रखंड प्रमुख उषा किरण मरांडी, अब्दुल रहीम, इकबाल मिर्जा, सुभाष मंडल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

रिहाई की मांग को लेकर गिरिडीह जिला में शांतिपूर्ण प्रदर्शन

गिरिडीह। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने समर्थन में तथा जनता जागरूकता संघ, गिरिडीह के अध्यक्ष निशु कुमार मंडल की रिहाई की मांग को लेकर गिरिडीह जिला में शांतिपूर्ण प्रदर्शन, जनजुलूस एवं पुतला दहन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह आंदोलन केवल एक व्यक्ति की रिहाई का आंदोलन नहीं, बल्कि जल, जंगल, जमीन, मान-सम्मान, हक-अधिकार और लोकतांत्रिक आवाज की रक्षा का संघर्ष है। आज जिस तरह जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, वह लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। लेकिन गिरिडीह की जागरूक जनता ने यह साबित कर दिया कि अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने वाले आज भी जिंदा हैं। विशेष रूप से केंद्रीय संयुक्त महासचिव श्री नागेंद्र चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, सिद्धांत रंजन, वतन, संदीप माला, विकास झारखंडी रवि रंजन मंडल, विकास रंजन, शुभम कुमार, मीडिया प्रभारी इमरान हसन, केंद्रीय संगठन सचिव अर्जुन पंडित सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल होकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय दिया सभी साथियों ने संघर्ष की आवाज को मजबूती देने का कार्य किया।

एक नजर

जनगणना 2027 का पहला चरण शुरू, चौपारण में डिजिटल सर्वे अभियान तेज

नवप्रदेश/चौपारण। जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरूआत 16 मई से हो गई है। इस बार पहली बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही है। प्रखंड में 14 जून तक मकान सूचीकरण एवं भवन गणना अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। चार्ज अधिकारी सह बीडीओ नितेश भास्कर ने बताया कि चौपारण प्रखंड में जनगणना कार्य के लिए 50 पर्यवेक्षक एवं 333 प्रगणकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी कर्मियों को संबंधित क्षेत्र एवं हाउस लिस्टिंग ब्लॉक आवंटित कर दिए गए हैं। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा संग्रह कर सीधे ऑनलाइन सीएमएमएस पोर्टल पर अपलोड करेंगे, जिससे पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। सहायक चार्ज अधिकारी सह प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक अनिल राणा ने बताया कि सभी कर्मियों को तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसमें क्षेत्र सीमांकन, नजरी नक्शा निर्माण, भवन पहचान एवं मोबाइल ऐप संचालन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद सभी को नियुक्ति एवं पहचान पत्र उपलब्ध कराए गए हैं। प्रथम दिन से ही जनगणना टीम विभिन्न गांवों में सक्रिय दिखी। पर्यवेक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में टीम ने टिटही, डुमरी, चक, मलिकाना, ओबरा और सेवई गांवों में सर्वे कार्य शुरू किया। शुरूआती दिनों में क्षेत्र सीमांकन एवं भवनों को क्रम संख्या देने का कार्य किया जाएगा, इसके बाद परिवारों की जानकारी जुटाई जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही जानकारी दें। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि जनगणना कर्मी किसी प्रकार का बैंक विवरण, ओटीपी या पैसे की मांग नहीं करेंगे।

प्रखंड व मंडल बीएलए 2 की समीक्षा बैठक में जिला के प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद हुए शामिल

नवप्रदेश/हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में प्रखंड व मंडल अध्यक्षों कि बीएलए 2 की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के नवनियुक्त महासचिव सह जिला कांग्रेस के प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर की तैयारी एवं नागरिकों की मौलिक अधिकारों की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस पार्टी ने महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आहुत की गई है। संगठन की वर्तमान स्तिथि, बुथ स्तर की तैयारियाँ तथा आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर उन्होंने विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रखंड तथा मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया जो अध्यक्षगण बीएलए 2 की नियुक्तियां कर चुके है या जो नियुक्तियां अब तक बाकी उसे एक सप्ताह के अन्दर करके इसकी सुची जिला कार्यालय को समर्पित करेगे । उन्होंने कहा कि संगठन को बुथ स्तर तक मजबूत करना एवं जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर विशेष जोर दिया । विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हर नागरिक विशेषकर माता बहनों एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है। प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार प्रत्येक प्रखंडों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें ताकि आम जनता की समास्याओं को सुनकर उसे मजबूति से उठाया जा सके। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष परवेज अहमद तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश नवनियुक्त सचिव नवीन कुमार ने किया। बैठक मे नवनियुक्त संयुक्त सचिव डॉ.प्रकाश कुमार जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान प्रखंड अध्यक्षों में सुरेश प्रसाद, नौशाद आलम, अजित कुमार सिंह, गौतम कुमार, गोवर्धन गंझू, अब्बास अंसारी, रविन्द्र गुप्ता, नरसिंह प्रजापति, प्रदीप मंडल, शिबू प्रसाद सोनी, अजय कुमार यादव, विजय प्रसाद, मोहम्मद मोइनुद्दीन, अब्दुल मनान वारसी, गुलाबी यादव, बैजू गहलोत मंडल अध्यक्षों में कृष्णा चन्द्र यादव, राज किशोर महतो, रकीब अंसारी, गिरधारी महतो, मोहम्मद खुर्शीद, श्याम कुमार भार्गव, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार आदि उपस्थित थे।

अवैध बालू कारोबार पर चौपारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बालू लदा ट्रेक्टर जब्त

नवप्रदेश/चौपारण। थाना प्रभारी पंकज कुमार के प्रभार संभालने के बाद क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। लगातार छापेमारी और सख्ती से बालू तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में चौपारण पुलिस ने जीटी रोड स्थित ग्राम केवला के समीप छापेमारी कर बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में चोरी-छिपे अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ लिया। मामले में चौपारण थाना में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के आरोप में कांड संख्या 132/26 दर्ज किया गया है।जानकारी के अनुसार चौपारण प्रखंड में वर्तमान में बालू उठाव एवं सप्लाई के लिए एक भी वैध बालू घाट संचालित नहीं है। इसके बावजूद भगहर एवं परसातरी स्थित ढाढर नदी, हजारीधमना स्थित बराकर नदी, बिहार के भलुवा नदी घाट समेत कई क्षेत्रों से अवैध रूप से बालू की ढुलाई की जा रही है। वहीं मयूरहंड प्रखंड के बराकर एवं लेढिया नदी घाट तथा इटखोरी प्रखंड के महाने नदी क्षेत्र से भी ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू लाकर चौपारण क्षेत्र में खपाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में लंबे समय से अवैध बालू तस्करी का खेल जारी है, जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। साथ ही भारी वाहनों के परिचालन से ग्रामीण सड़कों की स्थिति भी खराब होती जा रही है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन, तस्करी एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इधर, बालू ट्रैक्टरों पर लगातार कार्रवाई के बाद जरूरतमंद लोगों को निर्माण कार्य के लिए बालू मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बिहार में रोजगार और विकास का नया दौर शुरू

अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को मिलेगा रोजगार : भगवान सिंह

नवप्रदेश/डेहरी ओन सोन रोहतास। बिहार सरकार राज्य में रोजगार और विकास को नई गति देने की दिशा में लगातार काम कर रही है। योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने रविवार को स्थानीय उर्वशी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि बिहार में एक करोड़ लोगों को रोजगार देने का नया अध्याय शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में विकास के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में उद्योग स्थापित किए जाएंगे, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि बिहार के सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन एवं पंचायत विवाह भवन का निर्माण कराया जाएगा। रोहतास जिले की 229 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण की योजना है, जिसमें अब तक 65 भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस माह 10 और भवनों का निर्माण पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में आ रही भूमि संबंधी बाधाओं को जल्द दूर किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि जिले के महादलित टोले में 73 सामुदायिक भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 20 भवनों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिहार में अपराध और भय का माहौल समाप्त किया जाएगा। अपराधियों को अपराध छोड़ना होगा तथा राज्य को भयमुक्त और अपराधमुक्त बनाने के लिए सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि योजना एवं विकास विभाग के अधिकारियों का स्थानांतरण तीन वर्ष पूरा होने के बाद ही किया जाएगा, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में निरंतरता बनी रहे। प्रेस वार्ता में बैरिस्टर सिंह, लल्लू, प्रमोद, अशोक तथा अनुज सहित कई लोग उपस्थित थे।

इंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल

बाइक से कार्यालय पहुंचे एसपी रौशन कुमार

नवप्रदेश/डेहरी ओन सोन रोहतास। रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक पहल की है। इसी कड़ी में वे अपने आवास से मोटर साइकिल चलाकर शुक्रवार को कार्यालय पहुंचे। उनकी इस पहल का उद्देश्य ईंधन की खपत कम करना तथा आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि ईंधन बचत को ध्यान में रखते हुए सप्ताह में दो दिन वे मोटर साइकिल अथवा पैदल चलकर कार्यालय आएंगे। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहल से बड़े बदलाव संभव हैं और यदि लोग निजी स्तर पर भी ईंधन संरक्षण के लिए जागरूक हों तो पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल ईंधन बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देने का भी प्रयास है। वहीं शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्य प्रकाश भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिर्फ एक गाड़ी का उपयोग कर सादगी और संसाधनों के संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। एसपी की इस पहल की लोगों ने सराहना की तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासनिक अधिकारी स्वयं इस तरह की पहल करेंगे तो आम जनता भी निश्चित रूप से प्रेरित होगी।

हरिनाम संकीर्तन अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार हवन के बीच संपन्न

नवप्रदेश/शाहपुर। प्रखंड के सहजौली गांव स्थित कुंजनाथ बरहम बाबा मंदिर में बाबा के वार्षिकोत्सव पर चले रहे चौबस घंटे का हरिनाम संकीर्तन अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार हवन व भंडारे के बीच शनिवार को संपन्न हुआ। संकीर्तन अनुष्ठान में वलिया,छपरा,गाजीपुर,भोजपुर बक्सर के जाने माने संकीर्तन कलकार कुमार अर्जुन,उतम सिंह,मनोज सिंह,मंटू सिंह,बरमेश्वर सिंह,सहित अन्य कई संकीर्तन कलकारो ने अपने लय धून से दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर महावीर ओझा,कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष अशोक राम, जदयू प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य दिनेश ओझा,जिला परिषद क्षेत्र संख्या एक कृष्णा देवी, भाजपा नेता धन जी पांडेय,प्रमोद ओझा, नगर भाजपा अध्यक्ष अंकित पांडेय,देव दिनेश के प्रोपराइटर मंटू ओझा,अनिकेत ओझा, दिलीप मुखिया,राजेन्द्र ओझा पाको, अयोध्या ओझा, बालमीकी ओझा, सत्यनारायण ओझा,श्री भगवान ओझा,बलीराम ओझा, रामनारायण ओझा, पूर्व प्रबंधक विश्वनाथ ओझा, महेन्द्र चौधरी,सुरेमन चौधरी, अजय ओझा पहलवान,विशेश्वर ओझा, श्याम नंदन ओझा,रमेश ओझा,फागु यादव, मुखिया प्रतिनिध अजय सिंह, तारकेश्वर ओझा,धनंजय ओझा, रजनी ओझा, श्याम सुंदर ओझा,सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हूए।

अनमोल उपहार दे गए पायलट बाबा : श्री भगवान कुशवाहा

नवप्रदेश/सासाराम। बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री श्री भगवान कुशवाहा ने रविवार को स्थानीय पायलट बाबा आश्रम में स्थापित पूर्वोत्तर ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना की। इसके बाद यहां निर्मित गौतम बौद्ध प्रतिमा से लेकर गौशाला तथा धर्मशाला का अवलोकन करते हुए इसे महायोगी पायलट बाबा द्वारा शाहाबाद के लिए दिया गया अनमोल उपहार बताया। श्री भगवान कुशवाहा ने कहा कि यहां स्थापित महात्मा बुद्ध की विशाल प्रतिमा लोगों को सत्य अहिंसा तथा सद्मार्ग पर चलने का संदेश देता है तो वहीं दूसरी तरफ बाबा साहेब अंबेडकर, कबीर दास, भगत सिंह, सरदार पटेल, बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे अनेक महान विभूतियों का एक परिसर में स्थापित प्रतिमा राष्ट्रीय एकता का संदेश देता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि शाहाबाद के धरती पर जन्मे महायोगी पायलट बाबा ने दुनिया के अनेक देशों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं का जो प्रचार प्रसार किया वह काबिले-तारीफ है। वे आश्रम स्थित गोशाला, सभाकक्ष तथा पर्यटकों के लिए निर्मित कमरों का भी अवलोकन किया। इस दौरान शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार, पायलट बाबा आश्रम के मनीष कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद अतेन्द्र सिंह आदि भी मौजूद थे।

एशिया के प्रमुख उद्योगपति गौतम अदाणी बिहार में करेंगे 60000 हजार करोड़ रूपए का निवेश

नवप्रदेश/पटना। एशिया के प्रमुख उद्योगपति गौतम अदाणी द्वारा 50 से 60000 रुपया निवेश करेंगे। उन्होंने बताया कि बिहार के प्रगति के लिए अदाणी समूह यह निवेश करेगा। सडक, बिजली, शिक्षा, स्कूल ऑफ विश्वविद्यालय के क्षेत्र में अदाणी समूह कार्य करेगा। तथा सरकार का सहयोग कर बिहार की विकास को बढ़ावा देगा। इतना ही नहीं बिहार के विकास में जितना हो सकेगा उतना संभव करने का प्रयास होगा। उन्होंने अभी कहा यह निवेश बिहार में सड़क, शिक्षा, ऊर्जा, मल्टी मॉडल लाजिस्टिक सबके साथ साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी किया जाएगा। इससे बिहार के विकास में और तेजी आएगी। हर घर में 24 घंटे सस्ती दर पर बिजली की जरूरत है अब बिहार विकसित होगा। रविवार को दिन सारण जिले के दरियापुर प्रखंड अंतर्गत अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बातें कही। साथी साथ अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल, अदाणी सेटर फार आई डिजिजेस और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल अदाणी ट्रेनिंग सेंटर फार आपथेलिक मेडिसिन का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। मौजूद लोगों ने इसे बिहार सहित पूर्वी भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स में द डीपीएस बना ओवर ऑल चैंपियन

नवप्रदेश/सासाराम/(रोहतास)। जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला मुख्यालय सासाराम के एसपी जैन महाविद्यालय के मैदान में तीन दिनों से चल रहे हैं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का ओवरआल चैंपियन द डीपीएस बिक्रमगंज। 83 अंक लेकर पूरे प्रतियोगिता का चैंपियनशिप का खिताब दिया गया। इस बात की विस्तृत जानकारी देते हुए रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि प्रतियोगिता का उप विजेता बनने का गौरव उच्च विद्यालय कोचस को 76 अंकों के साथ प्राप्त हुआ।जबकि तीसरा स्थान उच्च विद्यालय सेमरी शिवसागर को दिया गया।

विनय कृष्ण ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रत्येक ग्रुप का चैंपियन भी घोषित किया गया जिसमें बालक अंडर-12 आयू वर्ग में द डीपीएस बिक्रमगंज की टीम चैंपियन रही। बालिका वर्ग में भी द डीपीएस बिक्रमगंज की टीम चैंपियन रही। बालक अंडर-1 4 आयु वर्ग में विनायदा अकैडमी, विक्रमगंज की टीम चैंपियन रही। वही बालिका वर्ग में संत अन्ना विद्यालय, सासाराम की टीम चैंपियन रही। बालक अंडर-16 आयु वर्ग में एक बार फिर डीपीएस बिक्रमगंज की टीम चैंपियन रही।

वही बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय कोचस की टीम चैंपियन रही। बालक अंडर-18 आयु वर्ग में बुद्ध मिशन स्कूल, सासाराम की टीम ने चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, वहीं बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय कोचस की टीम चैंपियन रही।

बिहार सरकार द्वारा सहयोग शिविर का होगा आयोजन

नवप्रदेश/तरारी, भोजपुर, आरा,तरारी। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सहयोग शिविर' के सफल आयोजन को लेकर रविवार को बसौरी पंचायत सरकार भवन में मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई. बैठक में सभी वार्ड सदस्य,पच और पंचायत अन्य प्रतिनिधि ने भाग लिया।सहयोग शिविर की जानकारी मुखिया शांति देवी ने बताया कि सहयोग शिविर 19 मई मंगलवार को बसौरी पंचायत के पंचायत भवन मे आयोजित होगा। जिसमे पीरो अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय, प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी कुन्दन कुमार सहित प्रखंड के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेगे। प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी कुन्दन कुमार ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा करना है।

65 साल के बुजुर्ग और 62 साल की महिला ने रचाई शादी

नवप्रदेश/जमुई। जमुई किसी ने सच ही कहा है की प्यार अंधा होता है और इसकी कोई उम्र की सीमा नहीं होती। ऐसा ही मामला जमुई जिले के डुमरकोला गांव के 65 वर्षीय चपट माझी और 62 वर्षीय आशा देवी को अपने प्यार में चपेट लिया और दोनों ने प्यार में इस कदर पागल हुए कि एक मंदिर में जाकर दोनों बुजुर्ग जोड़ी एक दूसरे से शादी करके सदा सदा के लिए एक दूजे के हो गए। शनिवार को महादेव सिमरिया मंदिर में हुई इस शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है।

बताते चलें कि चपट माझी और आशा देवी का घर गांव में आमने-सामने है। अब दोनों एक दूसरे के कई वर्षों से जानते थे। करीब 1 साल से दोनों के बीच पति-पत्नी की तरह प्रेम था और दोनों साथ में रहते थे। इस बात को लेकर ग्रामीण महिलाओं द्वारा तरह-तरह की ताने दी जाती थी। अंत में दोनों बुजुर्ग प्रेमी ने समाज की परवाह किए बिना अपने रिश्ते को शादी के पवित्र बंधन में बांधने का फैसला किया। और शनिवार को मंदिर में शादी कर ली। किस संबंध में प्रेमी बुजुर्ग अपनी आप बीती बताते हुए बतया कि उसकी पत्नी की मौत 15 साल पहले हो गए थी। यह उसकी चौथी शादी है। और अन्य तीन पत्नियों के भी मौत हो चुकी है। मेरा एक बेटा और बहु है तथा घर से बाहर रहकर काम करते हैं। इस उम्र में अकेले रहने के कारण खाने पीने और बीमारी के समय बहुत दिक्कत होती थी। ऐसे समय में आशा देवी मेरा ख्याल रखती थी। इसी देखभाल के कारण हमारा लगाव बड़ा और हमने साथ जिंदगी बिताने का फैसला किया। वही दुल्हन बनी आशा देवी ने कहा उसके पति की मौत भी 2 साल पहले हो चुकी है।

धर्मवीर प्रसाद की विरासत संभालेंगे डॉ. सुधीर कुमार

नव प्रदेश/मसौढ़ी। वर्ष 1954 से स्थापित इलाके की प्रतिष्ठित फुटबॉल संस्था फ्रेंड्स क्लब मसौढ़ी की आयोजित अहम बैठक में पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय धर्मवीर प्रसाद के निधन से रिक्त हुए अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुधीर कुमार को नया अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर क्लब सदस्यों में खुशी का माहौल देखा गया। बैठक की शुरूआत स्वर्गीय धर्मवीर प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने कहा कि धर्मवीर प्रसाद ने वर्षों तक क्लब को मजबूती प्रदान करते हुए खेल और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके नेतृत्व में क्लब ने इलाके में फुटबॉल को नई पहचान दिलाई थी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि फ्रेंड्स क्लब मसौढ़ी केवल एक खेल संस्था नहीं, बल्कि युवाओं को सही दिशा देने वाला मंच है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय धर्मवीर प्रसाद के आदर्शों और पदचिन्हों पर चलते हुए क्लब की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।बैठक में मौजूद सदस्यों ने नए अध्यक्ष का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और क्लब की एकता, अनुशासन एवं खेल संस्कृति को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान क्लब के कई वरिष्ठ सदस्य एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

समारोह आयोजित कर मैट्रिक व इंटरमीडिएट के सफल परीक्षार्थियों को किया गया सम्मानित

नवप्रदेश/बिक्रमगंज। प्रखंड क्षेत्र के नोनहर गांव में रविवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन कर मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नोनहर गांव के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मंथन संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अरूण कुमार, बीडीसी अजय गाँधी, फंडामेंटल क्लासेज के निदेशक डॉ.सुरेंद्र कुमार सिंह, उमेश सिंह, रितेश राज मेहता, मनोज कुमार, अवधेश सिंह संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन मंथन के निदेशक मनजी सिंह कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में नोनहर गांव के 12 वीं के राज कुमार, रिया कुमारी, आकाश कुमार, प्रिस कुमार शर्मा, आदर्श कुमार, अंकित पांडेय, शुभम कुमार, प्रत्युश मिश्रा, सुनिता कुमारी, रिमझिम कुमारी, अनु कुमारी, रम्भा कुमारी तथा मैट्रिक के बॉबी देवल, खुश्बू कुमारी, सुरभी कुमारी, अंकुश कुमार, प्रिंस शर्मा, निरज कुमार, कुंदन कुशवाहा, समीर राज, चंदन कुमार, अमरदीप कुमार, रविशंकर यादव, सपना कुमारी, शिवानी कुमारी, रागनी कुमारी पूजा कुमारी, चंचल कुमारी, श्रृष्टि कुमारी, अभिमन्यु सिंह, सहित 73 छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लोगों ने संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरूण कुमार ने कहा कि सम्मान समारोह बहुत बडी चीज होती है. सम्मान में क्या मिलता उसका कोई कीमत नहीं होता है वह अनमोल होता है। डिविंग के सिद्धांत की चर्चा करते हुए कहा कि सभी में योग्यता होती है उसे विकसित करने की क्षमता पर उसकी सफलता निर्भर करता है।

बच्चों को अपनी असफलता पर निराश नहीं होना चाहिए। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि पढ़ाई शेरनी का दूध है। जितना हीं पीओगे उतना हीं दहाड़ोगे।

अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन

नवप्रदेश/बेतिया/लौरिया। लौरिया प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचल अधिकारी नीतेश कुमार सेठ की अध्यक्षता में हुए इस दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें और राजस्व से जुड़े मामले लेकर पहुंचे। यहां प्रशासनिक सक्रियता और त्वरित कार्रवाई देखने को मिली।जनता दरबार में कुल 16 पुराने मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से 6 ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर आगे की प्रक्रिया शुरू की गई।इसके अतिरिक्त, 10 अन्य मामलों में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए संबंधित राजस्व कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। 6 आवेदन पर भी तत्काल सुनवाई कर अंचल अधिकारी ने उसका निष्पादन किया, जिससे फरियादी को मौके पर ही राहत मिली। अंचल अधिकारी नीतेश कुमार सेठ ने बताया कि आपसी सहमति से विवादों का समाधान सबसे प्रभावी और स्थायी तरीका है।

पांच युवकों ने लूट की नीयत से व्यवसायी पर चाकू से हमला कर किया जख्मी

नवप्रदेश/बेतिया। स्थानीय रेडक्रॉस समिति कार्यालय के पास पांच अपराधियों ने एक व्यवसाय से लूट की नीयत से जानलेवा हमला किया है,घटना को अंजाम देने के क्रम में बुरी तरह चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया,जिसका इलाज स्थानीय सरकारी मेडिकल कॉलेजअस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद इलाके मेंअफरा-तफरी का माहौल है,वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। व्यवसाई अंजार गनी,उम्र 20 वर्ष,पिता मोहम्मद अमजद, निवासी, महावत टोली बेतिया बताया गया है। इस तरह की घटना से पुलिस प्रशासन पर प्रश्न खड़े हो रहे हैं,पुलिस का गस्ती दल कहां रहता है कि इस तरह की घटना घट जा रही है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिसअपनी ड्यूटी में सक्रिय नहीं है, केवल दिखाने के लिए पुलिस प्रशासन की गाड़ी चक्कर काट रही है।

एक नजर

बेतिया पुलिस को ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में मिली बड़ी सफलता

नवप्रदेश/बेतिया। स्थानीय मनवापुल थाना क्षेत्र के गुरवलिया में ताबड़तोड़ फायरिंग की वारदात कोअंजाम देने वाले अपराधी को 24घंटे केअंदर जबरदस्त कार्रवाई करते हुएअपराधी कुख्यात शूटर के साथ भूमाफिया को भी गिरफ्तार कर लिया है,साथ ही हथियार गोली को भी बरामद किया है। अपराध के इस वारदात के बाद 24 घंटे में उद्भेदन का बेतिया पुलिस का रिकॉर्ड कायम हो गया, बेतिया पुलिस को चुनौती देना,अपराधियों को मंहगा पड़ा,बेतिया पुलिस का हर जवान सिंघम के रूप में काम कर रहा है,जिससे बेतिया में अपराधियों की खैर नहीं। बिटिया पुलिस प्रशासन इस तरह की घटनाओं का उद्भेदन करने में हमेशा तत्पर रही है, इससे यहां की आम जनता पुलिस प्रशासन काआभार व्यक्त करती रहती है।

विद्युत विभाग की घोर लापरवाही से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

नवप्रदेश/दावथ। दावथ के विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय उपभोक्ताओं के द्वारा दो वर्ष से शिकायत करने के बाद भी कुंभकरणी नींद में सो रहे हैं विभाग के पदाधिकारी और कर्मी। दावथ वार्ड नंबर 6 के निवासी पूर्व फौजी अभय सिंह अपूर्व उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि बीते 2 वर्ष से मेरे वार्ड में विभाग के द्वारा पुराने तारों को बदल कर कवर वाला केबल तार लगाया गया है। मेरे घर के बाद विद्युत का पोल नहीं होने के कारण कर्मियों द्वारा यह कह कर विद्युत प्रवाहित तार मेरे छत पर रख गया, जिससे बरसात के दिनों में उक्त केबल तार में बिजली भी आ जाता है, जिसके कारण मेरे परिवार के सभी लोग छत पर नहीं जा पाते हैं। साथ ही मेरे घर के आगे रस्ते पर छह फिट नीचे विद्युत तार लटका हुआ है। जो कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। ग्रामीण शिवजी कुमार, गुड्डू गुप्ता ने बताया कि वर्षों से विभाग के लोग तीन पोल का आश्वासन दे रहा है। वही इस संबंध में पूछे जाने पर दावथ के विभागीय जेई अर्जुन कुमार ने बताया कि इस संबंध में मैं विभाग के कई वरीय अधिकारियों से बात किया। परंतु इस पर कोई ठोस जवाब विभाग के वरीय पदाधिकारी ही दे सकते हैं।

विधायक के सामने हर्ष फायरिंग

नवप्रदेश/कठमलिया। मोतिहारी जिले के ढाका के विधायक फैसल रहमान के सामने हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है इस घटना के बाद मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात में पूरे मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया और टिम ने वीडियो में हथियार चलाने वाली युवक की पहचान कर हथियार के साथ बरामद कर लिया गया है।।हालांकि ने बताया कि फायरिंग में प्रयोग किए जाने वाला बंदूक नकली है। बताते चलें कि शिकारगंज के कठमलिया गांव में एक शादी समारोह में उपस्थित ढाका विधायक के सामने ही हर्ष फायरिंग होती नजर आ रही है। पुलिस टीम नेम इस मामले में पकड़ी दयाल थाना क्षेत्र के बड़का गांव के निवासी मुन्ना सिंह के घर छापामारी करते हुए हर्ष फायरिंग में किए गए हथियार को बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान मुन्ना सिंह ने पुलिस को बताया कि वह किसान है तथा पार्ट टाइम में टेंट हाउस का काम करता है। उसने बताया कि बरामद हथियार असली नहीं है बल्कि प्लास्टिक का बना हुआ है। यह केवल जंगली जानवरों को भागने के लिए आवाज करता है। नीलगाय से फसल सुरक्षा के लिए किसान इसका अक्षर उपयोग करते हैं। और भूल से इसलिए कर वह बारात चला गया जिससे ट्रायल के तौर पर फायरिंग किया गया। थानाध्य गोपाल कुमार बताया कि अधिकारियों की निर्देश पर मुन्ना सिंह से पूछताछ कर तत्काल बाउंड भरवा कर मुक्त कर दिया गया है। वही विधायक में कहा कि फायरिंग वाली मामले में उनका कोई लेना देना नहीं है। वह शादी समारोह में शामिल होने गए थे। और टेंट संचालक द्वारा एयर गन से फायरिंग की गई। वहीं पुलिस की जांच में यह बात सामने आ चुका है कि वह हथियार प्लास्टिक का एयर गन था। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीति में विरोधी विकास के मुद्दों से ध्यान भटकने और उनकी छवि को खराब करने के लिए साजिश कर रहे हैं

शादी के मंडप में जीजा ने साली की मांग में भर दी सिंदूर

नवप्रदेश/छपरा। शनिवार को मढ़ौरा में एक अजीब घटना घाटी जब मंदिर परिसर में चल रहे शादी की रसम में जलालपुर से पहुंचे दुल्हन के जीजू ने अचानक अपनी साली के मांग में सिंदूर भर दिया। इस घटना के बाद जहां पूरा माहौल गर्म हो गया और दुल्हा ने दुल्हन से शादी करने से साफ इनकार कर दिया। बताते चलेगी नरहर पुर से शिलहौरी स्थिति शिलानाथ मंदिर में बारात पहुंची थी। शादी के लिए मंदिर का रसीद कट गया था। और दूल्हा और दुल्हन पक्ष के सभी लोगों की मौजूदगी में पूरे रीति रिवाज से विवाह की रस्म चल रही थी। एक और मिजार्पुर से दुल्हन पक्ष के लोग भी मंदिर में पहुंच चुके थे। पंडित द्वारा विवाह की रसम संपन्न कर रहे थे कि इसी बीच कन्यादान और सिंदूरदान की बारी आई, तभी दुल्हन का जीजु अचानक वहां ए पहुंचा और अपने हाथ में रखें सिंदूर से दुल्हन की मांग भर डाली।इस घटना के बाद जहां दोनों पक्षों में अपराध तकरी मच गई। इसी बिच धटना को अंजाम देने वाला जीजा फरार हो गया। इस घटना के बाद नाराज दूल्हा ने शादी से इनकार कर दिया। घटना के बाद दोनों पक्ष उदास होकर अपने-अपने घर लौट गए। वहीं मढौरा थाना अध्यक्ष से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि वर और वधू टच कीबोर्ड से स्थानीय थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराया गया है।

वृद्ध महिला के साथ मारपीट कर किया जख्मी थाने में प्राथमिकी दर्ज

नवप्रदेश/सूर्यपुरा। थाना क्षेत्र के सदर पंचायत अंतर्गत बारून गांव में शनिवार की संध्या पुरानी विवाद में एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला को मारपीट कर गंभीर रूप जख्मी कर दिया। मामले को लेकर पीड़ित वृद्ध महिला ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं जख्मी वृद्ध महिला का इलाज पुलिस ने ले जाकर स्थानीय सीएचसी में कराई। थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि स्थानीय सदर पंचायत अंतर्गत बारून गांव की अशर्फी देवी (80वर्ष) को पट्टीदार के ही कुलदीप कुमार नामक युवक ने पुरानी विवाद को लेकर उक्त वृद्ध को मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रमुखता से चल रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित वृद्ध महिला के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर करवाई की जा रही है।

जगदीशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 148 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवप्रदेश/बेतिया। बेतिया पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। जगदीशपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक उजले रंग की हुंडई कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 14 मई की रात लगभग 11:40 बजे सूचना मिली कि एक कार में अवैध मादक पदार्थ लेकर तस्कर नानोसती चौक की ओर से जगदीशपुर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष निशी कुमारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने तेज रफ्तार हुंडई कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें से कुल 148.74 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके अलावा पुलिस ने कार, नेपाली मुद्रा एवं एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इनरवा थाना क्षेत्र के खामिया निवासी नरेन्द्र साह एवं गौनाहा थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर निवासी सुजीत कुमार भगत के रूप में हुई है।

संक्षिप्त खबरें

भगवान रुद्रनाथ की देव डोली हिमालय के लिए हुई रवाना, 18 मई को खुलेंगे कपाट

देहरादून। चमोली जनपद में स्थित पंच केदारों में चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह डोली रविवार को अपने शीतकालीन गद्दी स्थल गोपीनाथ मंदिर, गोपेश्वर से मध्य हिमालय स्थित रुद्रनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गई।मंदिर के मुख्य पुजारी हरीश भट्ट ने बताया कि रुद्रनाथ मंदिर के कपाट सोमवार 18 मई को मध्याह्न में परंपरानुसार एवं वैदिक विधि-विधान के साथ ग्रीष्मकाल के लिए खोले जाएंगे। कपाट खुलने के बाद श्रद्धालु भगवान रुद्रनाथ के एकानन स्वरूप के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर सकेंगे। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत गोपीनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद भगवान रुद्रनाथ की देव डोली जयकारों, पुष्प वर्षा और सेना के बैंड की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालुओं के साथ मंदिर के लिए प्रस्थान कर गई।इस अवसर पर चमोली के प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम, राज्यमंत्री हरक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, महामंत्री अरुण मैठाणी, विनोद कनवासी, मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज भट्ट, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार सहित बड़ी संख्या ओं श्रद्धालु उपस्थित थे।

फतेहपुर : रिंद नदी में स्नान करते छह युवक डूबे, चार की मौत

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में रविवार को रिन्द नदी में स्नान करते छह युवक डूब गए। इनमें से दो युवकों को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचा लिया गया है, लेकिन चार युवकों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि ललौली थाना क्षेत्र के कुनुहा का डेरा गांव के समीप आज दोपहर बाद रिंद नदी में नौ युवक स्नान करने पहुंचे थे। नदी मेंनहाने के दौरान पानी के तेज बहाव के चलते छह युवक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों और गोताखोरों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। गोताखोरों ने दो युवक को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन चार युवकों को अचेत अवस्था में निकाला गया। पुलिस ने तुरंत ही चारों युवकों को जीवित होने की उम्मीद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिन्दकी लेकर पहुंची, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान हसीब (22) पुत्र फरीद खान, शान मोहम्मद (20) पुत्र नफीस, साहिल (20) पुत्र सन्ने और अंश कुमार (20) पुत्र धर्मेंद्र उर्फ गोरे निवासी ग्राम तपनी थाना ललौली के रूप में हुई है। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नितिन और मोनू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवकों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

नेपाल के पूर्व पीएम देउवा और उनकी पत्नी के खिलाफ इंटरपोल को सबूत सौंपे गए

काठमांडू। पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउवा और उनकी पत्नी पूर्व विदेश मंत्री आरजु राणा देउवा के खिलाफ ह्वरेड कॉर्नर नोटिसह्न जारी करने के अनुरोध के साथ नेपाल पुलिस ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय अपराध पुलिस संगठन इंटरपोल को सबूत सौंपे हैं। दरअसल, नेपाल सरकार ने इंटरपोल के काठमांडू स्थित नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी) के माध्यम से देउवा दंपती के खिलाफ नोटिस जारी करने का अनुरोध किया था। इस पर इंटरपोल सचिवालय ने अतिरिक्त विवरण मांगते हुए वर्तमान स्थिति में ह्वरेड कार्नर नोटिसह्न जारी नहीं किए जा सकने की जानकारी दी थी। इसके बाद इंटरपोल की ओर से मांगी गई विस्तृत जानकारी रविवार को इंटरपोल सचिवालय को भेज दी गई है। मनी लॉन्ड्रिंग विभाग के अनुसार इंटरपोल ने देउवा दंपती के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी मांगी थी। इंटरपोल ने कुछ अदालती दस्तावेज भी मांगे थे। इस पर विभाग ने देउवा दंपती के घर में जली हुई अवस्था में मिले विदेशी नोटों सहित अन्य मामलों की जांच जारी होने की जानकारी इंटरपोल को देते हुए आवश्यक विवरण भेजा है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुछ अन्य दस्तावेज भी भेजे गए हैं। विभाग के अनुरोध पर जिला अदालत काठमांडू ने 19 मार्च को देउवा दंपती के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। देउवा दंपती के खिलाफ जांच समेत अन्य कुछ मामलों में असंतोष के बाद सरकार ने संपत्ति शुद्धीकरण विभाग के तत्कालीन प्रमुख गजेन्द्र ठाकुर को हटा दिया था। वर्तमान में निर्मल ढकाल विभाग प्रमुख हैं। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार देउवा दंपती के खिलाफ अन्य संभावित अपराधों में भी जांच आगे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया तंत्र लागू करने की तैयारी में ईरान, टोल वसूलने की योजना

तेहरान। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को नियंत्रित करने की योजना का जल्द खुलासा करेगा। जिसमें इन जहाजों से टोल वसूलने का प्रस्ताव भी शामिल है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि ईरान को बुरे दौर का सामना करना पड़ेगा। जिसपर पलटवार करते हुए ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा है कि दुनिया नई व्यवस्था की दहलीज पर खड़ी है। अल जजीरा और तस्नीम न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में ईरान ने ताजा मंसूबों का खुलासा किया गया है। ईरान ने कहा है कि अब अमेरिकी हथियारों की खेप को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने कहा है कि तेहरान होर्मुज पर अपने संप्रभुता के अधिकार को छोड़ कर पहले ऐसी गलती कर चुका है, अब दोबारा ऐसा नहीं होगा। ईरान ने देश की जनता को युद्ध और आर्थिक नुकसान के लिए तैयार रहने के लिए आगाह किया है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि बातचीत पटरी से उतर चुकी है। ईरान अब अमेरिका के साथ सीधे सैन्य संघर्ष के लिए तैयार है। अराघची ने यह भी चेतावनी दी कि ईरान पर थोपे गए युद्ध का असर अमेरिकी परिवारों पर भी पड़ रहा है।

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट रेल परियोजना में 350 टन वजनी कटरहेड विक्रोली शाफ्ट में उतारा गया

बांद्रा-कुर्ला परिसर स्थित निमार्णाधीन मुंबई बुलेट रेल स्टेशन तक पहुंचेगी

नई दिल्ली। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट रेल परियोजना के तहत शनिवार को महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल करते हुए टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के पहले कटरहेड को मुंबई के विक्रोली शाफ्ट में उतारा गया है। 13.6 मीटर व्यास और लगभग 350 टन वजन वाला यह कटरहेड टीबीएम के मुख्य सुरक्षा कवच की प्राथमिक संयोजन प्रक्रिया का अंतिम चरण माना जा रहा है।

राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अनुसार, 21 किलोमीटर लंबे मुंबई सुरंग खंड में से 16 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए दो टीबीएम मशीनों को संयोजित किया जा रहा है। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे बनने वाली सात किलोमीटर लंबी सुरंग भी शामिल है, जिसे देश की पहली समुद्र के नीचे रेल सुरंग माना जा रहा है। प्रत्येक टीबीएम का वजन 3,000 टन से अधिक है और ये देश में रेल सुरंग निर्माण में अब तक इस्तेमाल की गई सबसे बड़ी मशीनें हैं। एनएचएसआरसीएल ने बताया कि 13.6 मीटर व्यास वाला यह कटरहेड इतनी बड़ी सुरंग की खुदाई करने में सक्षम है, जिसमें उच्च गति रेल गलियारे की अप और डाउन दोनों लाइनें एक ही सुरंग में संचालित होंगी। इसका 350 टन वजन लगभग 250 मध्यम आकार की एसयूवी कारों के बराबर है।

कंपनी के अनुसार, इस कटरहेड को पांच अलग-अलग खेपों में निर्माण स्थल तक पहुंचाया गया था। बाद में 1,600 किलोग्राम उच्च-परिशुद्धता वेल्डिंग के माध्यम से इन्हें जोड़ा गया। इस इकाई में 84 कटर डिस्क, 124 स्क्रेपर तथा 16 बकेट लिप लगाए गए हैं, जो खुदाई और मलबा हटाने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाते हैं।

एनएचएसआरसीएल ने बताया कि कटर डिस्क चट्टानों को काटने का मुख्य कार्य करती हैं, जबकि स्क्रेपर मलबे को हटाकर सफाई सुनिश्चित करते हैं। बकेट लिप मलबे को मशीन के मलबा कक्ष तक पहुंचाने में सहायता करते हैं, जहां से पाइपलाइन प्रणाली के जरिए उसे सुरंग से बाहर निकाला जाता है। यह टीबीएम विक्रोली से लगभग छह किलोमीटर की दूरी तय करते हुए घने शहरी क्षेत्र और मीठी नदी के नीचे से गुजरकर बांद्रा-कुर्ला परिसर स्थित निमार्णाधीन मुंबई बुलेट रेल स्टेशन तक पहुंचेगी, जहां इसे बाहर निकाला जाएगा।

परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार सुरंग निर्माण के दौरान सुरक्षा और आसपास की संरचनाओं की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न आधुनिक निगरानी उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। इनमें सतही धंसाव बिंदु, ऑप्टिकल विस्थापन सेंसर, त्रि-आयामी लक्ष्य प्रणाली, सूक्ष्म खिंचाव मापक, कंपन तथा भूकंपीय तरंग मापन यंत्र शामिल हैं।

पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में स्वीडन पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, व्यापार और निवेश पर रहेगा फोकस

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पांच देशों की छह दिवसीय विदेश यात्रा के तीसरे दिन रविवार को नीदरलैंड से स्वीडन पहुंचे। स्वीडन में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत और स्वीडन के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि वह स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत-स्वीडन मित्रता को नई दिशा देने पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष ध्यान रहेगा।

प्रधानमंत्री ने अपने एक अन्य संदेश में कहा कि वह स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला फॉन डेर लेयेन के साथ यूरोपीय व्यापार गोलमेज सम्मेलन में यूरोप के प्रमुख उद्योगपतियों और व्यापारिक नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक से भारत और यूरोप के बीच निवेश संबंधों को और मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोप के बीच आर्थिक साझेदारी को नए अवसर प्रदान करने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस यात्रा से भारत और स्वीडन के संबंधों को नई गति मिलेगी।

राहुल गांधी ने नीट-यूजी पेपर लीक पर शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा

नई दिल्ली। नीट-यूजी परीक्षा पत्र लीक मामले को लेकर सियासी विवाद लगातार गहराता जा रहा है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पर निशाना साधते हुए उनका इस्तीफा मांगा है।

राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वर्ष 2024 और 2026 दोनों में नीट परीक्षा पत्र लीक हुआ लेकिन शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार जांच एजेंसियों और समितियों के गठन के बावजूद परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं हो पा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि वर्ष 2024 में नीट परीक्षा पत्र लीक हुआ था, परीक्षा रद्द नहीं हुई, मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया और मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई थी। वर्ष 2026 में भी परीक्षा पत्र लीक हुआ, परीक्षा रद्द करनी पड़ी, फिर से सीबीआई जांच कर रही है और एक अन्य समिति गठित की जा रही है। उन्होंने कहा कि बार-बार परीक्षा पत्र लीक क्यों हो रहे हैं, इस मुद्दे पर सरकार चुप क्यों है और लगातार विफल हो रहे शिक्षा मंत्री को पद से क्यों नहीं हटाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा तीन मई को आयोजित की गई थी। परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप सामने आने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा रद्द कर दी थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी। जांच एजेंसी ने मामले में अब तक कई आरोपितों की गिरफ्तारी की है। जांच में प्रश्नपत्र लीक, अभ्यर्थियों से धन वसूली और विशेष कोचिंग सत्रों के माध्यम से प्रश्न उपलब्ध कराने जैसे आरोपों की पड़ताल की जा रही है।

डीजल नहीं मिलने से 1600 ट्रकों के पहिए थमे

सड़क के दोनों ओर लंबी कतारें दिखाई दे रही है

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिला स्थित देश की प्रमुख लौह अयस्क परियोजना एनएमडीसी बैलाडीला में डीजल की किल्लत से परिवहन व्यवस्था लगभग ठप पड़ गई है। किरंदुल और बचेली क्षेत्र में लगभग 1600 ट्रक पिछले दो दिनों से डीजल के अभाव में खड़े हैं। इससे लौह अयस्क की ढुलाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। स्थानीय प्रशासन ने भी डीजल की कमी को स्वीकारा है, लेकिन आज शाम तक व्यवस्था के सुचारु होने का दावा किया है।

दंतेवाड़ा की किरंदुल और बचेली खदानों में ट्रकों में लौह अयस्क की लोडिंग तो हो रही है, लेकिन डीजल नहीं मिलने के कारण वाहन रवाना नहीं हो पा रहे हैं। देश की नवरत्न कंपनियों में से एक एनएमडीसी की दंतेवाड़ा के किरंदुल, बैलाडिला स्थित लौह अयस्क खदान देश की सबसे बड़ी खदानों में गिनी जाती हैं। यहां से प्रति दिन लाखों टन लौह अयस्क का परिवहन सैकड़ों ट्रकों के माध्यम से रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ और विशाखापट्टनम के लिए जाते हैं, लेकिन अब इन वाहनों की ट्रांसपोर्ट नगरों के साथ-साथ सड़क के दोनों ओर लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। इसका कारण वाहनों में डीजल नही होना बताया जा रहा है।

दंतेवाड़ा जिले के 19 पेट्रोल पंपों में से केवल कुछ पर ही सीमित मात्रा में डीजल उपलब्ध है, जिनके द्वारा सीमित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। ईंधन भरवाने के लिए ट्रकों, ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। घंटों इंतजार के बाद भी कई बार खाली लौटना पड़ रहा है। डीजल की किल्लत की वजह से पिछले 2 दिनों से लौह अयस्कों की ढुलाई बंद हो चुकी है। इसके चलते बैलाडिला ट्रक यूनियन और बस्तर परिवहन संघ के सैकड़ों से अधिक ट्रकों के पहिये थमने की कगार पर पहुंच चुके हैं। हालत यह है कि रायपुर ट्रक यूनियन की भी सैकड़ों ट्रकें डीजल की किल्लत की वजह से ट्रांसपोर्ट नगरों में खड़े हैं।

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि अगर जल्द डीजल आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो एनएमडीसी और बैलाडीला ट्रक ऑनर्स परिवहन संघ को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ सकता है। एक ट्रांसपोर्टर ने बताया कि दो दिनों से ट्रक खड़े हैं। डीजल नहीं मिलने से पूरा परिवहन प्रभावित है। हालात जल्द नहीं सुधरे तो बड़ा नुकसान तय है। डीजल संकट से सिर्फ उद्योग ही नहीं, खेती भी प्रभावित हो रही है। किसान ट्रैक्टर लेकर पंपों के चक्कर काट रहे हैं। खरीफ सीजन में डीजल नहीं मिलने से जुताई-बुआई का काम रुक गया है।

किसानों का कहना है कि घंटों लाइन में लगने के बाद भी पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा। किसान पिनाक पांडेय और सोन साय कश्यप कहना है कि डीजल की कमी से क्षेत्र के किसानों को भी परेशानी हो रही है। हालात गंभीर दिख रहे हैं हालांकि प्रशासन स्थिति सामान्य करने के प्रयास कर रहा है। बस्तर में सबसे बड़े बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष प्रदीप पाठक का कहना है कि अगर कुछ दिनों तक यही हाल रहा तो परिवहन क्षेत्र से जुड़े ट्रांसपोर्टरों को परिवार पालना मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि लौह अयस्क तो काफी आसानी से मिल जा रहा है, लेकिन माल को समय पर पहुंचाने में परेशानी हो रही है।

मॉस्को में ड्रोन हमला, भारतीय नागरिक की मौत, तीन अन्य घायल

मॉस्को। रूस के मॉस्को क्षेत्र में हुए एक ड्रोन हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य भारतीय घायल हो गए। मॉस्को में भारतीय दूतावास की ओर से प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। भारतीय दूतावास के अनुसार हमले में प्रभावित सभी लोग एक कंपनी में कार्यरत थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद दूतावास के अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और स्थिति का जायजा लिया। दूतावास ने मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर जरूरी सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

यह घटना ऐसे समय हुई है जब रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष एक बार फिर तेज हो गया है। हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच संघर्षविराम समाप्त होने के बाद हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं। कुछ दिन पहले ही सीमित अवधि के युद्धविराम के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले फिर शुरू किए थे। इस बीच वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस पर जारी सैन्य कार्रवाई को लेकर बयान देते हुए कहा कि युद्ध के विस्तार और शहरों पर हमलों के जवाब में की जा रही कार्रवाइयों को उचित माना जाना चाहिए। वहीं रूस की ओर से यूक्रेन पर संघर्षविराम उल्लंघन के आरोप लगाए गए हैं। रूसी प्रशासन ने भी हाल के घटनाक्रम को लेकर कहा है कि शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं, लेकिन फिलहाल किसी निश्चित समयसीमा या परिणाम पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष का असर केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें काम करने वाले विदेशी नागरिक और श्रमिक भी इसकी चपेट में आ रहे हैं।

तेलंगाना के यादाद्री थर्मल पावर स्टेशन में भीषण आग, मुख्य उपकरण क्षतिग्रस्त

हैदराबाद। राज्य के नलगोंडा स्थित यादाद्री अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन में भीषण आग लग गई। इसमें अभी तक किसी जानहानि की सूचना नहीं है। कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर काबू पा लिया गया है। तेलंगाना पावर जेनेरेशन कार्पोरेशन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

बताया गया कि रविवार को यादद्री अल्ट्रा मेगा थर्मल पावर स्टेशन (वाईएटीपी) के संयंत्र में यूनिट 3 के स्थान पर टरबाइन-चालित बॉयलर फीड पंप के पास आग भड़की थी। आग लगते ही संयंत्र में काम कर रहे कर्मचारी और अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग निकले। हालांकि, संयंत्र के कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर काबू पा लेने के कारण टरबाइन और बॉयलर सहित मुख्य उपकरण आग की चपेट में आने से बच गए।

प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि पंप में लुब्रिकेशन ऑयल के रिसाव के कारण आग लगी थी। तेल रिसाव के कारण संयंत्र क्षेत्र में घना धुआं फैल गया। जिससे कुछ मुख्य उपकरण व्यापक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने दावा किया कि इस घटना में कोई जनहानि या कोई घायल नहीं हुआ है। रिपोट्र्स के मुताबिक, आग में कंट्रोल केबल और वाल्व समेत कुछ मुख्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

तेलंगाना पावर जेनेरेशन कार्पोरेशन के अधिकारी घटना के कारणों और हुए नुकसान का पता लगाने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। रिपोट्र्स में कहा गया है कि घटना की आंतरिक जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं।

टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गुजरात देश का नेतृत्व करेगा : अमित शाह

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में ह्यमिलियन माइंड्स टेक पार्क तथा ह्यगणेश रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट का लोकार्पण करते हुए कहा कि जिस प्रकार गुजरात ने आजादी के समय से देश को दिशा दी है, उसी प्रकार अब तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी गुजरात पूरे देश का नेतृत्व करेगा। अमित शाह ने कहा कि गुजरातियों के स्वभाव में विकास और प्रगति रची-बसी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात अब केवल उत्पादन आधारित राज्य नहीं रहेगा, बल्कि सेवा, ज्ञान और आधुनिक तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज लोकार्पित किए गए दोनों प्रकल्प राज्य के युवाओं को नए अवसर प्रदान करेंगे और गुजरात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह तकनीकी नगर अहमदाबाद-गांधीनगर उच्च विकास पट्टी में लगभग 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जहां उच्च स्तरीय कार्यालय, आवासीय सुविधाएं, व्यापारिक परिसर तथा आतिथ्य सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इस परियोजना के माध्यम से 70 हजार से अधिक युवाओं को उच्च कौशल आधारित रोजगार मिलने की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यंत्रमानव तकनीक, अर्धचालक निर्माण तथा आधुनिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में गुजरात तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह परियोजना राज्य में नई तकनीक, अनुसंधान और नवाचार को मजबूत आधार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गुजरात सेवा क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। उन्होंने गणेश रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट को आधुनिक शहरी विकास और निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यहां नई तकनीक आधारित शिक्षा और वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे कुशल मानव संसाधन तैयार होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात अब ज्ञान, नवाचार और तकनीक आधारित विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि आने वाला समय गुजरात का है और राज्य वैश्विक निवेश तथा आधुनिक उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है।

कार्यक्रम में अनेक उद्योगपति, निवेशक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्रनाथ पांडेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)